राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 05 अप्रैल 2026

वर्ष 07, अंक 182, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



संपूर्ण समाधान दिवस में 77 शिकायतें दर्ज, कई का मौके पर निस्तारण...03

48 घंटे बाद कहर टूट पड़ेगा, होर्मुज नाकेबंदी पर ट्रंप की ईरान को धमकी...12


## ट्रांसजेंडर्स संशोधन कानून 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**● सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक याचिका ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है. दाखिल याचिका में खास तौर पर 2019 के एक्ट की धारा 2(के) के तहत ट्रांसजेंडर व्यक्ति की परिभाषा में किए गए बदलाव को चुनौती दी गई है।**




सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक याचिका ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है. राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर व्यक्ति परिषद के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी और सदस्य जैनब पटेल ने संविधान के अनुच्छेद-32 के तहत सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. याचिका में कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में कानून में किए गए संशोधनों से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का अपने लिंग का स्वयं निर्धारण करने का मौलिक अधिकार छीन लिया गया है।

याचिकाकर्ता त्रिपाठी किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर, भरतनाट्यम नृत्यांगना, लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता और अस्तित्व ट्रस्ट की संस्थापक हैं, वहीं दूसरी याचिकाकर्ता पटेल केपीएमजी इंडिया में निदेशक (समावेशन और विविधता) और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय परिषद (पश्चिमी क्षेत्र) की सदस्य हैं. याचिका में कानून में सरकार द्वारा किए गए संशोधन पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि संशोधित कानून संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 19 और 21 के तहत ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को गारंटीकृत मौलिक अधिकारों को अपूरणीय संवैधानिक क्षति पहुंचाता है।

**ट्रांसजेंडर व्यक्ति की परिभाषा में किए गए बदलाव को चुनौती**

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में खास तौर पर 2019 के एक्ट की धारा 2(के) के तहत ट्रांसजेंडर व्यक्ति की परिभाषा में किए गए बदलाव को चुनौती दी गई है. इसमें कहा गया कि जहां पहले की परिभाषा में लैंगिक पहचान को व्यक्ति के अपने अनुभव पर आधारित माना जाता था, वहीं संशोधित प्रावधान में इस आधार को हटाकर उसकी जगह सामाजिक-सांस्कृतिक पहचानों और चिकित्सकीय रूप से जांची जा सकने वाली जैविक स्थितियों की एक सूची रख दिया गया है. वहीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रांसजेंडर अधिकारों की जांच के लिए गठित एक समिति ने भी केंद्र सरकार से इस बिल को वापस लेने को कहा है।

**बदलाव से स्व-पहचान का आधार ही खत्म**

याचिका में यह तर्क दिया गया कि इस बदलाव से स्व-पहचान का आधार ही खत्म हो जाता है, और इसका नतीजा यह हो सकता है कि जो लोग खुद को ट्रांसजेंडर मानते हैं, लेकिन तय की गई श्रेणियों में नहीं आते, उन्हें कानूनी मान्यता से वंचित कर दिया जाए। वहीं इस नए कानून की विपक्षी पार्टियों और LGBTQIA+ समूहों ने आलोचना की है. संबंधित पक्षों ने यह तर्क दिया है कि संसद में बिल पेश किए जाने से पहले उनसे बिल्कुल भी सलाह-मशविरा नहीं किया गया था। नेशनल काउंसिल ऑफ ट्रांसजेंडर पर्सन्स (एनसीटीपी) के दो सदस्यों, कल्कि सुब्रमण्यम और रितुपर्णा नियोग ने, जिस दिन राज्यसभा ने इस बिल को पास किया, उसी दिन अपने पदों से इस्तीफ़ा दे दिया।

## यूपी की गन कल्चर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त, आर्म्स लाइसेंस डेटा मांगा

**● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हथियार लाइसेंस देने में देरी और बिना कारण आदेश पारित करने के मामले में अपर मुख्य सचिव (गृह) से आर्म्स लाइसेंस की स्थिति पर विस्तृत डाटा मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि क्या राज्य में कोई स्पष्ट आर्म्स पॉलिसी है या नहीं।**



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने समाज में बढ़ती 'गन कल्चर' पर सख्त रुख अपनाते हुए उत्तर प्रदेश में जारी किए गए हथियार लाइसेंसों का व्यापक डेटा मांगा है। जस्टिस विनोद दिवाकर की पीठ ने कहा कि बिना नियंत्रण के हथियारों की उपलब्धता समाज के लिए गंभीर खतरा बन रही है। अदालत ने टिप्पणी की कि कई लोग, खासकर राजनीतिक महत्वाकांक्षा रखने वाले या संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति, लाइसेंसी हथियारों का इस्तेमाल 'प्रभाव और दबदबा दिखाने' के लिए कर रहे हैं, जिससे समाज में डर का माहौल बनता है।

कोर्ट ने सोशल मीडिया, खा6सकर इंस्टाग्राम रील्स पर हथियारों के प्रदर्शन पर भी आपत्ति जताई। अदालत ने कहा कि यह प्रवृत्ति सामाजिक मान्यता पाने और पहचान बनाने के लिए गन कल्चर को बढ़ावा देती है, जो कानून के शासन को कमजोर करती है। कोर्ट ने राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) से पूछा कि क्या उत्तर प्रदेश में आर्म्स लाइसेंस डेटाबेस तैयार किया गया है, क्या जिला मजिस्ट्रेटों के लिए कोई स्पष्ट आर्म्स पॉलिसी बनाई गई है,Arms Rules, 2016 के रूल 16 के अनुपालन की स्थिति पर जानकारी मांगी गई, सभी जिलों के डीएम को जिला और थाना स्तर पर हथियारों का पूरा विवरण देने का निर्देश, ऐसे मामलों की पहचान करने को कहा गया, जहां एक ही परिवार के कई सदस्यों के पास अलग-अलग हथियार लाइसेंस हैं, आपराधिक इतिहास वाले (2 या अधिक केस) लाइसेंस धारकों की अलग सूची बनाने का निर्देश, साथ ही, सभी एसपी, एसएसपी और पुलिस कमिश्नरों को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर यह जानकारी देने को कहा गया है।

कोर्ट की सख्त टिप्पणी: अदालत ने कहा कि अनियंत्रित विवेकाधिकार भ्रष्टाचार और दुरुपयोग को बढ़ावा देता है और लोकतंत्र में यह कानून के शासन के लिए खतरा है। यह टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई के दौरान आई, जिसे जौहरी जय शंकर उर्फ़ बैरिस्टर ने दाखिल किया था। उनकी आर्म्स लाइसेंस की अर्जी को भदोही के जिला मजिस्ट्रेट ने करीब 4 साल की देरी के बाद खारिज कर दिया था। हालांकि 2018 में पुलिस की रिपोर्ट उनके पक्ष में थी, फिर भी 2022 में आवेदन खारिज कर दिया गया। इसके बाद दायर अपील को भी 2025 में बिना कारण बताए खारिज कर दिया गया। कोर्ट ने इस देरी और बिना कारण आदेश पारित करने पर सवाल उठाते हुए डीएम और अपीलीय प्राधिकारी से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बवाना में एलपीजी सिलेंडरों की भारी जमाखोरी का भंडाफोड़, दिल्ली पुलिस ने 75 सिलेंडर जब्त किए, एक गिरफ्तार



पश्चिमी एशिया में जारी युद्ध के कारण पैदा हुए ऊर्जा संकट के बीच, दिल्ली पुलिस ने राजधानी के बवाना इलाके में एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। शुक्रवार को दी गई जानकारी के अनुसार, पुलिस ने इस मामले में अनिल (50) नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से कुल 75 सिलेंडर बरामद किए हैं। अधिकारी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण और परिवहन की गुप्त सूचना मिलने के बाद आरोपी को पकड़ा गया। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार शाम बवाना के डिस्ट्रिक्ट पार्क के पास घेराबंदी की। शाम करीब चार बजे एक पिकअप ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से 27 एलपीजी सिलेंडर बरामद हुए। इनमें घरेलू और व्यावसायिक, दोनों तरह के सिलेंडर शामिल थे। अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान आरोपी सिलेंडरों से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज, लाइसेंस, परमिट, स्टॉक रजिस्टर या स्वामित्व का प्रमाण पेश नहीं कर सका। पूछताछ में अनिल ने खुलासा किया कि पास के परिसरों में और भी सिलेंडर रखे हुए हैं। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने इलाके की एक फैक्ट्री के पास दो कमरों और लोहे के एक शेड पर छापा मारा। अधिकारी ने बताया, वहां से 48 अतिरिक्त सिलेंडर बरामद किए गए, जिससे कुल जब्ती 75 हो गई है। सिलेंडरों को बिना किसी सुरक्षा उपाय या कानूनी अनुमति के रखा गया था, जिससे गंभीर खतरा हो सकता था।

**होर्मुज़ संकट और एलपीजी की किल्लत**

यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब भारत में एलपीजी आपूर्ति को लेकर दबाव बना हुआ है। अमेरिका-इज़रायल और ईरान के बीच जारी भीषण संघर्ष के कारण होर्मुज़ जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) के माध्यम से समुद्री आपूर्ति मार्ग बाधित हो गए हैं। इस रणनीतिक मार्ग के बंद होने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसका सीधा असर भारत में एलपीजी की उपलब्धता पर पड़ा है। इसी संकट का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व सिलेंडरों की जमाखोरी और ऊंचे दामों पर कालाबाजारी करने की कोशिश कर रहे हैं।

## मलिहाबाद में दबंग प्रधान पर गंभीर आरोप, जांच भटकाने की साजिश का मामला गरमाया

**● 'दबंग प्रधान का बड़ा खेल! विरोधियों को फंसाने और जांच मोड़ने की साजिश?**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लखनऊ** के मलिहाबाद थाना क्षेत्र स्थित बिराहिमपुर ग्राम पंचायत के प्रधान रामशंकर एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। हाल ही में हुए कथित हमले के मामले में अब नया मोड़ आ गया है, जहां उन पर न केवल झूठा मुकदमा दर्ज कराने बल्कि जांच को भटकाने की साजिश रचने के भी गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि 23 मार्च 2026 की रात करीब 10:30 बजे प्रधान रामशंकर ने अपने ऊपर अज्ञात लोगों द्वारा हमला होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस घटना के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए कई लोगों को नामजद किया। हालांकि, अब इस मामले में नामजद किए गए युवकों में शामिल आदित्य प्रताप सिंह और पूर्व प्रधान विमल रावत ने पूरे मामले को साजिश करार दिया है।

आदित्य प्रताप सिंह का कहना है कि घटना के समय वह अपने घर पर मौजूद थे और उनका इस पूरे प्रकरण से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधान ने पुरानी रंजिश के चलते उन्हें फंसाने के लिए झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि दबंग छवि वाले प्रधान द्वारा मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज जैसे बूतों को नजरअंदाज कर जांच को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है।

पूर्व प्रधान विमल रावत ने भी दावा किया है कि जिस समय हमले की बात कही जा रही है, उस वक्त वह अपने घर पर थे और पुलिस को चाहिए कि उनके घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करे ताकि सच्चाई सामने आ सके। ग्रामीणों के बीच भी इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, जिसमें कई लोग इसे दबंग प्रधान द्वारा अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर विरोधियों को फंसाने और जांच भटकाने की साजिश बता रहे हैं।

आरोप है कि यह पूरा मामला सुनियोजित तरीके से तैयार किया गया है ताकि पुराने विवादों का बदला लिया जा सके और निर्दोष लोगों को कानूनी झंझट में फंसाया जा सके। पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए साक्ष्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि किसी भी निर्दोष के साथ अन्याय नहीं होगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। हालांकि अभी तक जांच पूरी नहीं हो पाई है। इस पूरे प्रकरण ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और अब सबकी नजर पुलिस जांच पर टिकी हुई है कि आखिर सच क्या है और किसने किसे फंसाने के लिए यह साजिश रची।

## जय भीम शोभा यात्रा की बैठक कोसफ़रा कला में संपन्न



**कोरांव प्रयागराज।** लगातार तीन वर्ष की तरह इस वर्ष भी संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती के पूर्व दिन 13 अप्रैल को जय भीम शोभा यात्रा बड़ोखरा रतेवरा से निकाली जाएगी और तराँव कोरांव के सी एन सिंह गेस्ट हाउस में गोष्ठी कर समापन किया जाएगा शोभा यात्रा को संपन्न बनाने के लिए कई पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमे संस्थापक दिनेश चौधरी अध्यक्ष पवन सिंघाल पटेल व एडवोकेट लवकुश कोल आयोजक अमित जैसल उपाध्यक्षगण सत्येंद्र पाल नीरज मौर्य राजेश गौतम कृपा शंकर पटेल कोषाध्यक्ष डॉ कमलेश गौतम महासचिवगण विनय चौधरी राजेश कनौजिया कृष्णकांत बौद्ध धर्मराज उर्फ पप्पू धरकार बनाये गए इस दौरान दिनेश चौधरी ने कहा यह यात्रा बुद्ध जी के शांति का संदेश देता है और पवन सिंघाल ने कहा कि यह यात्रा अम्बेडकर जी के क्रांतिकारी मिशन को समाज में जागरुकता को लेकर उत्साहित करता है।

## केजीएमयू में होने वाला है बड़ा एक्शन? अवैध मजारों को लेकर 15 दिन का अल्टीमेटम



**● केजीएमयू प्रशासन ने परिसर में बनी अवैध मजारों को 15 दिनों के भीतर हटाने की घोषणा की है।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) परिसर में बनी अवैध मजारों को हटाने की तैयारी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परिसर में स्थित सभी अवैध मजारों को आगामी 15 दिनों के भीतर हटाया जाएगा। प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने बताया कि इसकी सूचना जिला एवं पुलिस प्रशासन को दी जाएगी। इसके बाद कार्रवाई शुरू करेंगे। शनिवार को इस संबंध में संबंधित विभागों के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार की गई है।

दरअसल, केजीएमयू प्रशासन को लंबे समय से परिसर में अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं। जांच के दौरान यह पाया गया था कि कुछ स्थानों पर बिना अनुमति के मजारों का निर्माण कर लिया गया है, जिससे न केवल विश्वविद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण हुआ है, बल्कि आवागमन और विकास कार्यों में भी बाधा उत्पन्न हो रही है।

**रमजान की वजह से टाली थी कार्रवाई**

केजीएमयू प्रवक्ता प्रो. केके सिंह के अनुसार, रमजान की वजह से मजार हटाने की कार्रवाई टाली गई थी, अब सोमवार से प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई नियमानुसार और शांतिपूर्ण तरीके से की जाएगी। यह कार्रवाई केवल अवैध निर्माणों के खिलाफ है और इसमें किसी भी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का उद्देश्य नहीं है। प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे स्वयं आगे आकर ऐसे निर्माणों को हटाने में मदद करें। केजीएमयू प्रशासन का कहना है कि भविष्य में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को सख्ती से रोका जाएगा।

## बिमारी का बहाना बनाकर दूसरी अदालत में पेश हुआ वकील, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लगाया 20 हजार का जुर्माना

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अदालत को गुमराह करने की कोशिश करने वाले वकील पर सख्त रुख अपनाते हुए 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वकील ने एक मामले में बीमारी का पर्चा भेजकर अनुपस्थित रहने की सूचना दी, जबकि उसी दिन वह दूसरी अदालत में पेश हो रहा था। जस्टिस गौतम चौधरी ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि संबंधित वकील ने न केवल बीमारी का गलत बहाना बनाया बल्कि यह भी नहीं बताया कि आवेदकों को पहले ही एक अन्य मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम राहत मिल चुकी है।

अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, 'वकील का आचरण यह दर्शाता है कि उन्होंने अदालत को धोखा देने का प्रयास किया, जो न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप के समान है। एक वकील होने के नाते यह उनका कर्तव्य है कि वह सही तथ्यों के साथ अदालत की सहायता करें ताकि अदालत का बहुमूल्य समय बचाया जा सके।' मामला अग्रिम जमानत याचिका से जुड़ा था। आवेदकों का कहना था कि उनके और शिकायतकर्ता के बीच कई विवाद चल रहे हैं और दुर्भावना के चलते एक नया मामला दर्ज कराया गया। हालांकि, सुनवाई के दौरान यह सामने आया कि इसी प्रकरण में आवेदकों को पहले ही एक अन्य मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण मिल चुका है।

सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता के वकील ने अदालत को जानकारी दी कि आवेदकों के वकील ने जहां एक ओर बीमारी का हवाला देकर इस मामले में अनुपस्थिति जताई, वहीं दूसरी ओर वह उसी दिन एक विशेष अपील में दूसरी अदालत में उपस्थित हुआ। इन तथ्यों को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज की। साथ ही वकील पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए एक महीने के भीतर जमा करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी कहा कि यदि निर्धारित समय में जुर्माना नहीं जमा किया गया तो मामले को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के समक्ष उचित कार्रवाई के लिए भेजा जा सकता है।

## एक लाख रुपये रिश्वत लेते दिल्ली पुलिस का सब-इंस्पेक्टर गिरफ्तार, सीबीआई ने रंगे हाथ पकड़ा

**● सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार 1 लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार।**

**गैर इरादतन हत्या मामले में जमानत के लिए मांगी रिश्वत।**

**दिल्ली पुलिस ने तत्काल प्रभाव से किया निलंबित।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**नई दिल्ली।** बाहरी जिला के पश्चिम विहार वेस्ट थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) ने एक लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गैर इरादतन हत्या के प्रयास के मामले में आरोपित को जमानत दिलाने के एवज में उससे पांच लाख रुपये रिश्वत मांगी गई थी। बातचीत में तीन लाख रुपये में डील तय हुआ। इसी डील के तहत सब इंस्पेक्टर को एक लाख रुपये की पहली किस्त लेते सीबीआइ ने शुक्रवार को पश्चिम विहार वेस्ट थाने में छापा मार सब इंस्पेक्टर को दबोच लिया। उसे कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। उधर पुलिस विभाग ने भी सब इंस्पेक्टर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और उसके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। कुछ समय बाद उसे नौकरी से बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

मामला 26 मार्च को हुए एक झगड़े से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि सब इंस्पेक्टर मामले में आरोपित को जमानत दिलाने के लिए पैसे की मांग की थी। जिसपर आरोपित ने इसकी शिकायत सीबीआइ से कर दी थी। सीबीआइ ने पहले कई दिनों तक दोनों के बीच हुई बातचीत को इंटरसेप्ट किया। साक्ष्य जुटाने के बाद उसे एक लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया गया। ज्ञात रहे सीबीआई पिछ्ले एक साल के दौरान करीब 20 से अधिक पुलिसकर्मियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर चुकी है। इससे पहले 11 फरवरी को सीबीआइ ने सीआर पार्क थाने में तैनात एक सहायक उप-निरीक्षक को 10 लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। प्रापर्टी विवाद के मामले में कार्रवाई न करने के बदले शिकायतकर्ता से 25 लाख रिश्वत की मांग की गई थी। पहली किश्त के तौर पर 10 लाख रुपये रिश्वत लेते एएसआइ को गिरफ्तार कर लिया गया।

अगस्त में सीबीआइ ने रोहिणी जिले में तैनात एक सब-इंस्पेक्टर को 50 हजार रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। सितंबर के अंत तक के आंकड़ों के अनुसार, उस वर्ष 15 से अधिक पुलिसकर्मी भ्रष्टाचार के मामलों में विभिन्न एजेंसियों (सीबीआई और विजिलेंस) द्वारा पकड़े गए थे। इनमें से अधिकांश मामले मामूली रकम की रिश्वत से लेकर लाखों रुपये तक के थे।

नवंबर में दो अलग-अलग मामले में सीबीआई ने दो पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया था। सब इंस्पेक्टर नितिन मीणा पर आरोप था कि उन्होंने एक आरोपी के पक्ष में चार्जशीट दाखिल करने और जमानत में मदद करने के बदले रिश्वत मांगी थी। बुद्ध पाल नाम के सहायक उप-निरीक्षक पर एफआइआर से एक आरोपित का नाम हटाने के बदले एक लाख रुपये की रिश्वत मांगते हुए पकड़ा गया था। दिसंबर में आर्थिक अपराध शाखा में तैनात सब-इंस्पेक्टर संजीव कुमार को सीबीआई ने एक पुराने मामले का निपटारा करने और पक्षपातपूर्ण जांच के लिए लाखों रुपये की मांग की थी। दो लाख रिश्वत लेते सब इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### गैस की कालाबाजारी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे में 19 गैस सिलेंडर (3 खाली व 16 भरे) बरामद किया गया



**बस्ती।** बस्ती जिले में गैस की कालाबाजारी करने वालों पर पुलिस का शिकंजा कसा जा रहा है विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त टीम के साथ कई लोगों पर कार्रवाई की गई और कुछ लोगों को सिलेंडर सहित गिरफ्तार किया गया विभाग द्वारा बताया गया है की कालाबाजारी करने वाले बक्से नहीं जाएंगे उनके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगीआपूर्ति विभाग व थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में गैस की कालाबाजारी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे में 19 गैस सिलेंडर (3 खाली व 16 भरे) बरामद किया गया आपूर्ति विभाग व थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त संत कुमार पुत्र रामकृपाल, संतोष पुत्र जयराम को बस्ती टोल प्लाजा से 200 मी0 पहले सन इण्डेन एजेंसी के पास से डिलीवरी वैन व उसमें रखे 19 (3 खाली व 16 भरे) सीलेन्डर के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली पर मुकदमा संख्या 147/2026 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम मे ऋह अशोक कुमार मिश्र, जनपद बस्ती, पूर्ति निरीक्षक सदर प्रवीण कुमार पाण्डेय, जनपद बस्ती, पूर्ति निरीक्षक कुदरहा अनुराग श्रीवास्तव जनपद बस्ती प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मोतीचन्द मय टीम जनपद बस्तीशामिल रहे।

### बड़ेवन क्षेत्र में स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल का उद्घाटन, मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकिशोर सिंह ने काटा फीता



**बस्ती।** बस्ती जिले के बड़ेवन क्षेत्र में स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकिशोर सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, चिकित्सक और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकिशोर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के शुरू होने से आसपास के लोगों को बेहतर और सुलभ इलाज मिल सकेगा, जिससे उन्हें दूर शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल के प्रबंधक अब्दुल कयूम ने बताया कि ग्लोबल हॉस्पिटल में अनुभवी डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है और यहां सामान्य चिकित्सा के साथ-साथ सर्जरी, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी, एक्स-रे, ईसीजी जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य कम खर्च में बेहतर इलाज मुहैया कराना है, ताकि हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो सकें।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने अस्पताल की सुविधाओं की सराहना की और इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### लेखपाल व प्रधानपति पर वसूली का आरोप, जांच के निर्देश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पीड़ित ने निर्माण के नाम पर गांव के लेखपाल तथा प्रधानपति पर धनउगाही का आरोप लगाया है। नौढ़िया पुनेहरी निवासी मानवेन्द्र सिंह यादव पुत्र राम नारायण ने एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के प्रधान व लेखपाल द्वारा उसके निर्माण कार्य को ग्राम समाज की जमीन बताकर बंद करा दिया गया। आरोप यह भी है कि पीडित से दोनों आरोपियो ने निर्माण के नाम पर एक लाख रूपये की मांग रखी। पीड़ित का दावा है कि उसने दबाव मे नकद व आनलाइन के तहत काफी रूपया आरोपियों के द्वारा बताये गये बिचौलिये को दे दिया। पीड़ित का कहना है कि रूपये की दोबारा मांग पूरा न करने पर उसके खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम का केस क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा दर्ज करा दिया गया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने नायब तहसीलदार पंकज कुमार को प्रकरण की जांच कर आख्या दिये जाने के निर्देश दिये है।

# शिक्षा का बाजारीकरण मूजंर नहीं, शिवसेना ने की रोक लगाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रदेश सचिव संजय प्रधान के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिलाधिकारी को सम्बोधित 13 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि निजी स्कूलों में शिक्षा के बाजारीकरण को रोका जाय और सरकारी विद्यालयों में मानक के अनुसार मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जाय ज्ञापन सौंपने के बाद शिव सेना नेता संजय प्रधान ने कहा कि शिक्षा का बाजारीकरण हो चुका है। अभिभावक कदम-कदम पर ठगा जा रहा है और जिम्मेदार चुप्पी साधे हुये हैं। फीस, किताब, ड्रेस के नाम पर मनमानी वसूली की जा रही है। इस पर अंकुश लगाया जाय। ज्ञापन में जनपद के विद्यालयों में व्याप्त अव्यवस्थाओं और शिक्षा व्यवस्था में गिरावट को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। कहा गया है कि सरकारी विद्यालयों में मिड-डे मील, छात्रवृत्ति एवं अन्य योजनाओं में अनियमितताएं सामने आ रही हैं। साथ ही कई विद्यालयों में शिक्षकों की लापरवाही और अनुपस्थिति के कारण शिक्षा की गुणवत्ता लगातार गिर रही है, जिससे खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।शिव सेना (यूबीटी) ने मांग की कि जनपद के सभी विद्यालयों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। फीस, किताब और ड्रेस के नाम पर हो रही अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाने की बात कही गई। इसके अलावा दोषी विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं और अभिभावकों की शिकायतों के समाधान के लिए हेल्पलाइन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शिवसेना यूबीटी ने प्रशासन से मांग किया कि इस गंभीर विषय पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उचित एवं कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो सके और छात्रों का भविष्य सुरक्षित रह सके। ज्ञापन देने वालों में जिला प्रमुख ई. रूपेन्द्र श्रीवास्तव, शिवम प्रताप सिंह, आदित्य सिंह, सूरज कुमार शुक्ल, प्रद्युम्न सिंह, प्रतीक मिश्र आदि शामिल रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में आज तहसील बलरामपुर में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनमानस की समस्याओं को अत्यंत गंभीरता से सुना और उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समाधान न केवल समय पर हो, बल्कि वह गुणवत्तापूर्ण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुरूप होना चाहिए।भूमि विवाद एवं कानून-व्यवस्था (Law & Order) से जुड़े मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए डीएम ने निर्देश दिए कि पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और विवादों का हल निकालें।जिलाधिकारी ने उन ग्रामों को चिन्हित करने के निर्देश दिए जहाँ भूमि विवाद के मामले अधिक हैं। ऐसे गांवों में राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा विशेष चौपाल लगाकर मौके पर ही मामलों का निपटारा सुनिश्चित करने को कहा गया है।समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों की विस्तृत समीक्षा की गई। कार्यक्रम के दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया गया कि वे स्वयं स्थल निरीक्षण करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, एसडीएम बलरामपुर, सीओ सिटी , जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**बलरामपुर उतरौला–** थाना गैंडास बुजुर्ग क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसौना के मजरा दुबौली में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 40 वर्षीय रंभा पत्नी तुलाराम यादव के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे रंभा अपने कमरे में फंदे से लटकी हुई मिली। यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया। बताया कि रंभा के दो पुत्र हैं, जिनमें बड़ा बेटा 19 वर्ष तथा छोटा बेटा 15 वर्ष का है।दोनों बेटे अपने पिता के साथ बाहर मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष गैंडास बुजुर्ग राजीव मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मृतका के मायके एवं ससुराल पक्ष की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना की जांच की जा रही है।

# जिलाध्यक्ष अजय आर्या के आगे लाचार दिख रहे जांच अधिकारी एडीपीआरओ अरुण यादव

### ●सीडीओ के निर्देश पर पुनः डीपीआरओ ने असली जिलाध्यक्ष की पहचान के लिए एडीपीआरओ को सौंपी है जांच जिलाध्यक्ष पेशकार ने दिया नोटिस का जबाव , जिलाध्यक्ष अजय आर्या ने अभी तक नही दिया है नोटिस का जबाव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में सफाई कर्मचारी के निर्वाचित जिलाध्यक्ष पेशकार व महामंत्री अतुल कुमार पाण्डेय ने जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर के द्वारा बस्ती जिले के सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष की विवादित सूची शासन को भेजने पर नाराजगी जताई थी । जिलाध्यक्ष पेशकार व महामंत्री अतुल कुमार पाण्डेय ने डीपीआरओ के द्वारा सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष की विवादित सूची शासन को भेजने को लेकर सीडीओ व डीपीआरओ से लिखित शिकायत किया था । सीडीओ सार्थक अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीपीआरओ घनश्याम सागर को जांच करके जिलाध्यक्ष के विवाद को खत्म करने का निर्देश दिया था लेकिन डीपीआरओ घनश्याम सागर ने बिना किसी जांच के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय आर्या का नाम शासन को भेज दिया था । बिना किसी जांच जिलाध्यक्ष की विवादित सूची शासन को भेजने पर शिकायत कर्ता द्वारा पुनः सीडीओ से डीपीआरओ के जांच रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी गई । सीडीओ ने डीपीआरओ के जांच रिपोर्ट पर नाराजगी जताते हुए पुनः डीपीआरओ को तलब किया और उक्त प्रकरण में की गई कार्यवाही अवगत कराने का निर्देश दिया था । सीडीओ के निर्देश पर डीपीआरओ ने जिलाध्यक्ष की विवादित सूची की जांच एडीपीआरओ को दिया था । एडीपीआओ ने दिनांक - 28-03-2025 को जिलाध्यक्ष अजय आर्या , जिलाध्यक्ष पेशकार व महामंत्री अतुल कुमार पाण्डेय को नोटिस जारी करके 03 कार्य दिवस के अन्दर जिलाध्यक्ष के चुनाव सम्बंधी साक्ष्यों को प्रेषित करने का निर्देश दिया था ।सूत्रों की माने तो जिलाध्यक्ष पेशकार व महामंत्री अतुल कुमार पाण्डेय ने जिलाध्यक्ष निर्वाचन से संबंधित सभी साक्ष्यों को एडीपीआरओ को रिसीव करा दिया है लेकिन अभी तक जिलाध्यक्ष अजय आर्या ने एडीपीआरओ के द्वारा जारी नोटिस को न तो रिसीव किया है और न ही जिलाध्यक्ष सम्बंधित कोई साक्ष्य एडीपीआरओ को रिसीव कराया है । जिलाध्यक्ष अजय आर्या द्वारा 07 दिन बीत जाने के बाद भी नोटिस को रिसीव न करना व नोटिस का जबाव न देना जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है । इस प्रकार स्पष्ट है कि दाल में कुछ काला है आखिर क्यों एडीपीआरओ के नोटिस को जिलाध्यक्ष अजय आर्या को रिसीव नहीं कर रहे हैं और एडीपीआरओ द्वारा जिलाध्यक्ष अजय आर्या को नोटिस रिसीव कराने में क्यों रुचि नही ली जा रही है जो एडीपीआरओ पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है । अब देखना यह है कि एडीपीआरओ द्वारा किस जिलाध्यक्ष के नाम की सूची उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जाती है । उक्त प्रकरण में एडीपीआरओ अरुण यादव ने कहा कि जांच प्रक्रिया चल रही हैं ।

### ज्ञानप्रकाश शुक्ल चुनाव समिति के अध्यक्ष व वीरेन्द्र महामंत्री हुए चयनित

लालगंज, प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर शनिवार को एल्डर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल को चुनाव समिति का अध्यक्ष चयनित किया गया। बैठक की अध्यक्षता एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र व संचालन पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने किया। बैठक में चुनाव समिति में संघ के पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह अगई को महामंत्री, रामलगन यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बेनीलाल शुक्ल उपाध्यक्ष, शिवाकांत उपाध्याय कोषाध्यक्ष, संतोष पाण्डेय आय व्यय निरीक्षक व शैलेन्द्र चतुर्वेदी को संगठन मंत्री चयनित किया गया। समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि आगामी सोमवार को चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, राव वीरेन्द्र सिंह, राम मोहन सिंह, कालिका प्रसाद पाण्डेय, केबी सिंह, टीपी यादव आदि रहे।

# बस्ती में ष्ठह सिटी ही नहीं निष्पक्ष वकीलों ने SP से की कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमाशंकर पाण्डेय, महामंत्री राजेश सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधि मण्डल ने शनिवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अजय चन्द्रा के प्रकरण में पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा. मांग किया कि स्वतः संज्ञान लेकर इसका निस्तारण कराया जाय।

**CO सिटी की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल**

एसपी को दिये पत्र में कहा गया है कि दीवानी वाद के लम्बित रहते तथा उभय पक्षों के बीच सुलह के बावजूद सीओ सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी अपने पद का दुरुपयोग करके चौकी इंचार्ज रौता को आदेशित करके अनावश्यक दबाव बना रहा रहे हैं.पत्र में एडवोकेट अजय चन्द्रा ने कहा है कि वे उनका निवास रौता पुलिस चौकी के पास है. उनका व पडोसियों के मध्य दीवानी वाद सं0 544/2014 सिविल कोर्ट बस्ती में लम्बित है. उभय पक्षों के मध्य सुलह भी हो चुकी है यह तय हुआ कि उनके मकान से सटे दक्षिण तरफ 56 इंच जमीन पर वे चबूतरा बना सकतें है और दुकान खोल सकते है. उसका टीन शेड भी लगवा सकते है, किन्तु छज्जा नहीं लगवा सकते. इससे पूर्व भी जब दुकान बन रही थी तो पडोसी बी0एन0 सिंह के रिश्तेदार तत्कालीन सी0ओ0 हरैयां संजय सिंह ने अपने पद का दुरूपयोग करके इसी सुलहनामें को मुद्दा बनाकर दुकान का छज्जा कटवा दिये थे क्योंकि सुलहनामें में स्पष्ट लिखा था कि टीन शेड लगवा सकते हैं. छज्जा नहीं निकाल सकतेष्पत्र में कहा गया है कि 3 अप्रैल को वे अपनी उसी दुकान पर सुलहनामें के अनुरूप टीन शेड लगवा रहे था लेकिन सी0ओ0 सदर ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए रौता चौकी इंचार्ज को फोन करके टीन शेड रोकवा दिए और उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही का मौखिक आदेश दिया है. सी0ओ0 सदर का यह कृत्य उनकी पद के गरिमा के विरूद्ध है. सी0ओ0 सदर विगत कई वर्षो से इसी जनपद में इसी पद पर बने हुए है।

# लंगूर ने छत से धकेला, 11 वर्षीय बच्ची की मौत, दो माह से बंदरों का आतंक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर** – हरैया सतघरवा जिले के सोहेलदेव वन्यजीव अभयारण्य के बरहवा रेंज क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। थाना हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत गौरामाफी गांव में शुक्रवार शाम करीब पांच बजे छत पर खेल रही 11 वर्षीय मासूम बच्ची को एक लंगूर ने धक्का दे दिया,जिससे वह नीचे जा गिरी। इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। इस घटना ने पूरे परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार शाम गांव निवासी अशोक की 11 वर्षीय बेटी शुभि अपने घर की छत पर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी एक लंगूर वहीं आया और शुभि को धक्का दे दिया।धक्का लगते ही बच्ची छत से नीचे जा गिरी। गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गई।हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोग तुरंत निजी वाहन से शुभि को लेकर संयुक्त अस्पताल बलरामपुर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने सिर फटने के कारण उसकी हालत को अत्यंत गंभीर देखते हुए बहराइच रेफर कर दिया। लेकिन बहराइच ले जाते समय रास्ते में ही शुभि ने दम तोड़ दिया। बच्ची की मौत की खबर सुनते ही घर और पूरे गांव में मातम छा गया।ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब दो महीनों से इस पूरे क्षेत्र में लंगूर बंदरों का आतंक बना हुआ है। दो दर्जन से अधिक बंदरों का झुंड आए दिन लोगों को परेशान करता है। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा इनके निशाने पर रहते हैं। ग्रामीण पहले ही इस समस्या को लेकर वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत करा चुके थे, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते विभाग ने कदम उठाए होते तो शायद यह हादसा टाला जा सकता था।इस संबंध में रेंजर बृजेश सिंह परमार ने बताया कि घटना की सूचना मिल गई है और टीम भेजकर जांच कराई जाएगी। उन्होंने जंगल से सटे गांवों के ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। हालांकि ग्रामीण विभाग के इस जवाब से संतुष्ट नहीं हैं और ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# केभानपुर तहसील सभागार में जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु तहसील दिवस का आयोजन जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केभानपुर तहसील सभागार में जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु तहसील दिवस का आयोजन जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने भी जनसुनवाई किया। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उप जिलाधिकारी हिमांशु कुमार ने बताया कि तहसील दिवस में कुल 56 शिकायते प्राप्त हुई, जिसमे से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि थानों से संबंधित मामलों को तत्परता से निस्तारण करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएफओ डा. शिरीन, सीएमओ डा. राजीव निगम, डीडीओ अजय कुमार सिंह, पीडी राजेश कुमार, डीपीआरओ धनश्याम सागर, समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, डीएसओ विमल शुक्ला, सीवीओ डा. ए.के. गुप्ता, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, डीएचओ अरूण त्रिपाठी सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# सफलता: 15 साल की सजायाफ्ता अपराधी गिरफ्तार

### ●पॉक्सो एक्ट के मामले में दोषी मुसीर खान को भेजा गया जेल

### लंबे समय से चल रहा था फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट ।** कोतवाली पुलिस टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए वारंटी व सजा घोषित अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी को पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में अदालत द्वारा 15 वर्ष की सजा सुनाई जा चुकी है।

पुलिस अधीक्षक मु0 मुश्ताक खान के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार की सुबह अनुसार वारंटी अभियुक्त मुसीर खान पुत्र लतीफ निवासी बड़ा बाजार, कस्बा को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी था। बताया गया कि यह मामला सेशन केस संख्या 106/2021 से संबंधित है, जिसमें आरोपी पर धारा 363, 366, 376 भादवि व 4(1) पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट न्यायालय, ललितपुर द्वारा आरोपी को 15 वर्ष के कठोर कारावास व 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया जा चुका है। पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर जिला कारागार ललितपुर भेज दिया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विकास कुमार, हेड कांस्टेबल शीलेंद्र भदौरिया और कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह की टीम शामिल रही।

**मुशीर का आपराधिक इतिहास**

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई गंभीर मामले दर्ज हैं, जिनमें छेड़छाड़, धमकी, अपहरण व पॉक्सो एक्ट जैसे गम्भीर मुकदमें दर्ज है।इसके साथ ही आरोपी पर गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत भी कार्रवाई हो चुकी है।

# तहसील क्षेत्र खनन माफिया का काला साम्राज्य

### ●पहाड़ियां ध्वस्त, नदियां छलनी, जिम्मेदार मौन

### हर माह 'एंट्री शुल्क' से सेटिंग, जेसीबी और डंपरों से खुला खेल–

### पर्यावरण और राजस्व दोनों पर भारी पड़ रहा अवैध खनन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट ।** तहसील क्षेत्र में जिम्मेदारों की में सरपरस्ती में अवैध खनन का काला कारोबार जमकर चल रहा है। मोरम की पहाड़ियों से लेकर नदी-नालों तक खनन माफिया का कब्जा बढ़ता जा रहा है। जिम्मेदार विभागों की कथित सरपरस्ती के चलते खनन कारोबारी बेखौफ होकर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं। तहसील क्षेत्र के ग्राम हर्षपुर की मोरम पहाड़ियों और गांव सभा को हो रहा है, जहां जेसीबी मशीनों से पहाड़ों को लगातार काटा जा रहा है। वहीं बिजरौठा के नौर नाले में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से बालू निकासी जारी है। देवमाता मंदिर के पास शहजाद नाले में भी बालू माफिया सक्रिय हैं, जिससे स्थानीय पर्यावरण पर गंभीर असर पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, खनन, राजस्व और पुलिस विभाग को हर माह कथित तौर पर 'फील गुड' कराया जाता है। बताया जा रहा है कि करीब दो दर्जन डंपर और पांच दर्जन ट्रैक्टर मासिक एंट्री शुल्क देकर इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। सत्ताधारी दल के कुछ छुटभैये नेताओं की शह पर सपाई खनन कारोबारी भी सक्रिय बताए जा रहे हैं।

**वन क्षेत्र भी नहीं बचा**

थानागांव के वन क्षेत्र में एक चर्चित खनन माफिया का आतंक बताया जा रहा है। चार दिन पहले बंद कर्मियों के साथ मारपीट की घटना भी सामने आई, जिसे वन अफसरों और पुलिस की मदद से दबा दिया गया। इससे माफियाओं के हौसले और बुलंद हो गए हैं।

**मंडियों की पहाड़ियों तक पहुंचा खनन**

तरगुंवा गल्ला मंडी और अदरक मंडी के पास की पहाड़ियों पर रोजाना जेसीबी चल रही है। यहां से प्रतिदिन करीब पांच ट्रैक्टर लाल मिट्टी का अवैध उठान किया जा रहा है।

**गांव-गांव फैल चुका जाल**

खांदी क्षेत्र के बन्देसरा, पिपरई, सुनौरी, कडेसराकलां और शाहपुर के वन क्षेत्रों सहित कई नदी-नालों और पहाड़ियों को खनन माफिया छलनी कर चुके हैं। इससे सरकार को हर माह लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं प्राकृतिक वन संपदा के नष्ट होने से पर्यावरण असंतुलन का खतरा बढ़ गया है।

**पूराकलां क्षेत्र भी अछूता नहीं**

पूराकलां क्षेत्र के चुरावनी, विजयपुरा, बुदावनी, नत्थिखेड़ा और कंधारीकलां में बरुआ नाले से अवैध बालू खनन जारी है। इसके अलावा गेवरा गुंदेर से उगरपुर तक बेतवा नदी में भी खनन माफिया सक्रिय हैं।

**निष्क्रिय जिम्मेदार, सक्रिय माफिया**

खनन और राजस्व विभाग के अधिकारी निष्क्रिय नजर आ रहे हैं, जबकि पुलिस की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। क्षेत्र में अवैध खनन जिस तरह से फैल रहा है, उससे साफ है कि बिना संरक्षण के इतना बड़ा नेटवर्क संभव नहीं।

**पर्यावरण पर गंभीर खतरा**

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र की प्राकृतिक संरचना को अपूरणीय क्षति हो सकती है। पहाड़ियों के कटान और नदियों के अंधाधुंध दोहन से जलस्तर गिरने और जैव विविधता पर भी असर पड़ने की आशंका है।

# गांव सतगता में देसी शराब की दुकान हटाने की मांग, महिलाओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर–** जनपद के जखौरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सतगता की महिलाओं ने गांव में संचालित देसी शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। महिलाओं का कहना है कि गांव के बीचों-बीच स्थित इस शराब की दुकान के कारण क्षेत्र का माहौल लगातार खराब हो रहा है। महिलाओं के अनुसार, शराब के सेवन से गांव में आए दिन झगड़े-फसाद हो रहे हैं, जिससे कई परिवार टूट चुके हैं और कुछ परिवार टूटने की कगार पर हैं। शराब पीकर लोग महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और उनके साथ छेड़छाड़ की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। इससे गांव की महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। महिलाओं ने बताया कि पहले भी इस संबंध में प्रशासन को प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

अब महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गांव से शराब की दुकान नहीं हटाई गई, तो वे 6 अप्रैल 2026 से संबंधित कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### गरीबी सबसे बड़ा अभिशाप, भक्ति ही जीवन का सहारा: पं. बृजनंदन शास्त्री



लालगंज (रायबरेली)। क्षेत्र के छमनीखेड़ा गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास पं. बृजनंदन शास्त्री ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का मार्मिक प्रसंग सुनाया। कथा सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथाव्यास ने कहा कि मनुष्य के जीवन में निर्धनता सबसे बड़ा अभिशाप है। गरीबी से बड़ा कोई दुख नहीं है। यह इंसान को भीतर से तोड़ देती है। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता वही है, जो श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी हो। अंतिम दिन कंस वध, अक्रूर आगमन और परीक्षित मोक्ष का भावपूर्ण वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि जिस परिवार में एक सच्चा भक्त जन्म लेता है, उसका पूरा कुल धन्य हो जाता है। जहां सत्संग होता है, वह स्थान अपने आप पवित्र बन जाता है। सप्ताह भर चली कथा का समापन भक्ति भाव के साथ हुआ। गांव के लोगों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया। हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। व्यवस्था से लेकर सेवा तक हर जगह गांव की एकजुटता दिखी। आयोजक मंडल के संरक्षक केशव तिवारी ने बताया कि रविवार दोपहर 12 बजे हवन-पूजन और पूर्णाहुति होगी। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रोफेसर आरके सिंह, अशोक तिवारी, अनूप तिवारी, सेवानिवृत्त फौजी संजय तिवारी, राजेंद्र दीक्षित, अतुल सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### बच्चों ने एलसीडी पर देखा मुख्यमंत्री के स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ का सजीव प्रसारण



बिसवां (सीतापुर)। सकरन विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय कलिमापुर कंपोजिट में शनिवार को मुख्यमंत्री द्वारा स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के शुभारंभ का सजीव प्रसारण बच्चों को दिखाया गया। मुख्यमंत्री द्वारा सभी शिक्षकों से आग्रह किया गया कि एक अभियान 'हर घर दस्तक' चलाकर 6 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों का शत् प्रतिशत नामांकन स्कूलों में करायें। मुख्यमंत्री द्वारा विद्यालयों हेतु चलाई जाने वाली सरकार की विभिन्न योजनाओं का भी उल्लेख किया। आपरेशन कायाकल्प, ऑपरेशन निपुण के माध्यम से सभी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराया गया है। आज शिक्षकों के प्रयास से विद्यालय बदल रहे हैं। समाज में विद्यालय की छवि सुधरी है। मुख्यमंत्री द्वारा सभी शिक्षकों से अनुरोध किया गया कि ड्रॉप आउट को शून्य तक ले जायें। मुख्यमंत्री ने सभी से अनुरोध किया कि वह ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करें।एक अभियान चलायें जिससे कोई भी बच्चा नामांकन से छूटने न पाये। सजीव प्रसारण के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। इंचार्ज प्रधानाध्यापक कफील अहमद खान, प्रीती देवी, अशोक गौतम, सोनू सरोज, राजेश कुमार भार्गव, बृजेश कुमार, व भारत प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### सीएम योगी का सख्त निर्देश- बारिश से हुए नुकसान का 24 घंटे में मुआवजा, किसानों से मिलें डीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को हुई वर्षा से किसानों को होने वाली परेशानी के बारे में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह किसानों के पास जाएं और उनकी परेशानी जाने। साथ ही 24 घंटे के भीतर पीड़ितों को मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने राजस्व, कृषि विभाग व बीमा कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि फसल नुकसान का तत्काल संयुक्त सर्वेक्षण कराकर शासन को अवगत कराएं, जिससे किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाया जा सके। सरकार हर प्रतिकूल परिस्थिति में प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों के हित में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और सुनिश्चित करें कि अन्नदाता को कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह लगातार फील्ड में रहें। वस्तुस्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराएं। उन्होंने प्रमुख सचिव (कृषि) व राहत आयुक्त से कहा कि फील्ड में कार्यरत अधिकारियों से सीधा संपर्क करें। सभी सूचनाएं समय पर एकत्र कर शासन को उपलब्ध कराई जाए, जिससे राहत कार्य समय से शुरू किए जा सकें। उन्होंने किसानों से अपील की है कि किसान अपनी नुकसान हुई फसल की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराएं। जिन किसानों ने फसल का बीमा कराया है और उनकी फसल की क्षति हुई है या फसल कटकर खलिहान में रखी हो और वर्षा से खराब हो गई हो तो यह फसल 14 दिन तक बीमा से कवर्ड है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 77 शिकायतें दर्ज, कई का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




लालगंज (रायबरेली)। तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने की। सुबह से ही फरियादियों की लंबी कतारें लगी रहीं और अधिकारियों ने एक-एक कर शिकायतें सुनीं। इस दौरान कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए जल्द समाधान के निर्देश दिए गए। सरेनी क्षेत्र के चकमानिया ग्राम सभा के प्रधान ने पेयजल संकट का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि स्वजल धारा योजना के तहत बनी पानी की टंकी से चिन्ना गांव तक पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे सैकड़ों परिवार परेशान हैं।

वहीं, कनपुरिया मजरे दूधवन गांव के अजय बहादुर सिंह ने केटल सेट न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पंचायत मित्र पर फर्जी हस्ताक्षर का आरोप लगाते हुए बताया कि केटल सेट न मिलने के कारण ठंड से उनकी गाय की मौत हो गई। खींरो थाना क्षेत्र के दुकनहा निवासी सेवानिवृत्त फौजी ए.के. सिंह ने चकमार्ग पर अतिक्रमण की शिकायत की। उनका कहना था कि खेत तक जाने वाला रास्ता काश्तकारों द्वारा जोत लिया गया है और कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

समाधान दिवस में कुल 77 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से कई का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी, सीओ अमित कुमार सिंह, तहसीलदार शिवम राठौर, एक्सईएन दयाशंकर यादव, एसडीओ शिवम वर्मा, बीडीओ गगनदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो साल लगातार मुख्यमंत्री पुरस्कार, बेलहनी बना विकास का मॉडल ग्राम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लालगंज (रायबरेली)। ब्लॉक क्षेत्र की मुस्तफाबाद बेलहनी ग्राम पंचायत ने विकास का ऐसा मॉडल पेश किया है, जिसकी गूंज अब पूरे प्रदेश में सुनाई दे रही है। पंचायत को उत्कृष्ट कार्यों के लिए लगातार दूसरे वर्ष मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार स्वरूप मिली 20 लाख रुपये की धनराशि भी शासन से प्राप्त हो चुकी है।

ग्राम प्रधान अखिलेश यादव के नेतृत्व में पंचायत ने योजनाबद्ध और पारदर्शी तरीके से विकास कार्य कराए। इसी का परिणाम है कि बेलहनी अब अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणा बन रही है। पंचायत को मुख्यमंत्री पुरस्कार के साथ-साथ मॉडल युवा ग्राम सभा पुरस्कार भी मिल चुका है।

गांव में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। पंचायत भवन में स्मार्ट सचिवालय की व्यवस्था की गई है, जबकि प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास शुरू की गई हैं। अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया गया है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पार्क लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

इसके अलावा आरआरसी सेंटर और सीएससी भवन के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। खेल मैदान युवाओं के लिए नई ऊर्जा और अवसर प्रदान कर रहा है। ग्राम प्रधान अखिलेश यादव का कहना है कि यह उपलब्धि पूरे गांव की है और सभी ग्रामवासियों के सहयोग से ही संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य निःस्वार्थ भाव से किए गए हैं और आगे भी गांव को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने का प्रयास जारी रहेगा। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार मिल रही सफलता ने बेलहनी को नई पहचान दी है। अब यह पंचायत पूरे क्षेत्र में विकास के मॉडल के रूप में देखी जा रही है।

### यूपी में 10 लाख की 3940 डिब्बी नकली सिगरेट बरामद, तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

लखनऊ। पारा पुलिस ने अपराध शाखा के साथ मिलकर शनिवार को अंतर्राज्यीय स्तर पर नकली सिगरेट की तस्करी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया। दोनों तस्करों के पास से पुलिस ने करीब दस लाख रुपये कीमत की 3940 डिब्बी प्रतिबंधित/नकली सिगरेट और घटना में प्रयुक्त एक चारपहिया वाहन बरामद किया है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि जीरो प्वाइंट के पास दबिश देकर मध्य प्रदेश के मुरैना निवासी शादाब अली और शोएब अली को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपित लंबे समय से अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य के रूप में सक्रिय थे। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे दिल्ली के सदर बाजार सहित अन्य स्थानों से नकली सिगरेट लाकर उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में सप्लाई करते थे। ग्राहक फोन के माध्यम से आर्डर देते थे और तय स्थान पर माल की डिलीवरी की जाती थी। बरामद सिगरेट को लखनऊ व आसपास के क्षेत्रों में खपाने की तैयारी थी। पुलिस के मुताबिक आरोपितों के खिलाफ पहले से भी संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। दोनों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। पुलिस ने बरामद वरना कार (एमपी07 सीएच 5106) को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही गिरोह के अन्य तस्करों की तलाश जारी है।

## मलिहाबाद रेलवे क्रॉसिंग पर 4 दिन का ब्रेक, डायवर्जन से चलेगा ट्रैफिक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र में आम लोगों की आवाजाही को प्रभावित करने वाली बड़ी खबर सामने आई है। रेलवे ट्रैक के आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते मलिहाबाद रेलवे क्रॉसिंग को 4 अप्रैल से 7 अप्रैल तक पूरी तरह बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, रेलवे विभाग द्वारा ट्रैक की मरम्मत और सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। मरम्मत कार्य के दौरान क्रॉसिंग से किसी भी प्रकार के वाहन का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

**छोटे वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग-** छोटे वाहन चालकों को मुजासा रोड के रास्ते लखनऊ-हरदोई रोड पर जाने की अनुमति दी गई है। इस मार्ग का उपयोग कर लोग अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं।

**बड़े वाहनों के लिए रूट डायवर्जन:** भारी वाहनों के लिए महमूद नगर ढाल रोड को वैकल्पिक मार्ग के रूप में निर्धारित किया गया है। बड़े वाहन इसी रास्ते से लखनऊ-हरदोई रोड पर आवागमन कर सकेंगे। इस दौरान स्थानीय पुलिस और प्रशासन द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि जाम जैसी स्थिति न उत्पन्न हो और लोगों को कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े।

वहीं दूसरी ओर, मलिहाबाद क्षेत्र में माल रेलवे फ्लाईओवर का निर्माण कार्य भी तेजी से प्रगति पर है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें और अनावश्यक रूप से बंद रेलवे क्रॉसिंग की ओर न जाएं, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना से बचा जा सके।




## बिसवां बार एसोसिएशन चुनाव के दूसरे दिन भी नामांकन में दिखा उत्साह,8 अप्रैल को होगा मतदान




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिसवां (सीतापुर) बिसवां बार एसोसिएशन की वर्ष 2026-2027 की कार्यकारिणी के चुनाव के तहत नामांकन के दूसरे दिन भी अधिवक्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शनिवार को विभिन्न पदों के लिए प्रत्याशियों ने पूरे जोश और समर्थकों के साथ अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए शिव सागर,संयुक्त सचिव प्रकाशन पद पर प्रशांत सिंह तथा कनिष्ट कार्यकारिणी पद के लिये गुंजन कौशल एडवोकेट ने वरिष्ठ अधिवक्ता आर. एन. सिंह, राजकिशोर यादव एडवोकेट, दिनेश श्रीवास्तव एडवोकेट, अशोक वर्मा एडवोकेट नीरज कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, इंतखाब आलम सिद्दीकी एडवोकेट एवं संतोष कठोरिया एडवोकेट अनमोल कन्हैया, राम किशोर वर्मा एडवोकेट सहित अधिवक्ताओं की अगुवाई में नामांकन दाखिल किया।

इस अवसर पर जितेन्द्र मिश्रा, आलोक श्रीवास्तव,प्रदीप विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार वैश्य, अश्विनी श्रीवास्तव, सत्यम त्रिवेदी, रवि मौर्या, प्रमोद यादव, अनुज यादव, रेनू राजपूत, प्रदीप गौतम नामांकन के दौरान तहसील परिसर में गहमागहमी का माहौल रहा और प्रत्याशियों के समर्थन में अधिवक्ताओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सोमवार 6 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच एवं पर्चा वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद 8 अप्रैल, बुधवार को मतदान कराया जाएगा तथा उसी दिन शाम को मतगणना के उपरांत चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। बिसवां बार एसोसिएशन के इस चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह है और सभी प्रत्याशी अपने-अपने समर्थन में माहौल बनाने में जुटे हुए हैं।

### चारबाग स्टेशन-एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की झूठी सूचना देने वाला गिरफ्तार, साजिश रचने की वजह भी चल गई पता

**चारबाग स्टेशन-एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की झूठी सूचना।**

**निजी रंजिश में फंसाने के लिए दी थी फर्जी खबर।**

**आरोपित उमेश कुमार गिरफ्तार, मोबाइल बरामद, जेल भेजा।**

लखनऊ। थाना जीआरपी चारबाग पुलिस ने चारबाग रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की झूठी सूचना देने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित ने निजी रंजिश के चलते दूसरे व्यक्ति को फंसाने के लिए फर्जी काल की थी। पुलिस ने उसके कब्जे से मोबाइल फोन भी बरामद किया है। जीआरपी इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह के मुताबिक संदिग्ध यात्रियों की चेकिंग चल रही थी। तभी फर्जी सूचना देने वाले को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपित आलमबाग के भिलावा निवासी उमेश कुमार है। जांच में सामने आया कि आरोपित अपनी पत्नी और कार्तिकेय नामक युवक के बीच बातचीत से नाराज था। कई बार मना करने के बावजूद बातचीत बंद न होने पर उसने साजिश रची। आरोपित ने अपनी पत्नी के मोबाइल फोन, जो कार्तिकेय के नाम पर दर्ज था, का इस्तेमाल करते हुए 1090 पर काल कर चारबाग रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की झूठी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और तत्काल जांच शुरू की गई। जांच के बाद मामला फर्जी पाए जाने पर जीआरपी चारबाग थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित को जेल भेज दिया।

### कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार.....



बिसवां (सीतापुर)। शासन के निर्देश पर इन दिनों बेसिक परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान के तहत रैलियां निकाल कर अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत बिसवां विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय देबियापुर में शनिवार को स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। रैली को प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार वर्मा ने ग्राम प्रधान व एसएमसी अध्यक्ष की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चे श्लोगन लिखा बैनर 'कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार' व 'मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल चलकर नाम लिखाओ' एवं 'आधी रोटी खाएंगे, स्कूल पढ़ने जायेंगे' लेकर नारे लगाते चल रहे थे। यह रैली विद्यालय से शुरू होकर देबियापुर गांव में होते हुए चौराहा व बाजार होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची। इसके पश्चात आज मुख्यमंत्री के स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण टेबलेट और साउंड के माध्यम से सभी बच्चों को दिखाया व सुनाया गया।इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा अभिभावक मौजूद रहे।

## पैतृक गांव पहुंची असिस्टेंट कमिश्नर बनी शिवानी सिंह का भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



महराजगंज/रायबरेली- पैतृक गांव पहुंची असिस्टेंट कमिश्नर बनी शिवानी सिंह का भव्य स्वागत। जनई गांव निवासी राकेश सिंह की पुत्री शिवानी सिंह ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिवानी सिंह का चयन जीएसटी विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर हुआ है। उनकी इस सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। शनिवार को गांव लौटी शिवानी सिंह का पहला स्वागत बछरांवा के चुरुवा स्थित हनुमान मंदिर पर किया गया। जहां पूर्व विधायक राम लाल अकेला व चेयरमैन शिवेंद्र राम जी समेत क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने स्वागत किया। उसके बाद महराजगंज कस्बे में भी जगह जगह स्वागत किया गया। दोपहर करीब 12 बजे जनई गांव स्थित सीताराम मंदिर परिसर में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में अस्सिटेंट कमिश्नर बनी बेटी को आशीर्वाद व सम्मान देने के लिए क्षेत्र के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान गांव की महिलाओं व युवाओं ने फूल-मालाएं व बुके देकर शिवानी सिंह का स्वागत किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रहे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि बिटिया शिवानी सिंह युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। उनकी सफलता पर आज पूरा क्षेत्र गौरवान्वित है। कार्यक्रम में मौजूद शिवानी सिंह के माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। बेटी की इस उपलब्धि से परिवार समेत क्षेत्र के लोगों में गर्व की भावना है। ग्रामीणों व शुभचिंतकों ने शिवानी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, असरफाबाद के प्रधान ऋषि सिंह, टीसाखानापुर के प्रधान अत्रिकांत, अनुराग सिंह , करन सिंह, हरिहर सिंह, जयभद्रसिंह , शिवनायक सिंह, पूर्व प्रधान राम सेवक सिंह, भोलू सिंह, शैलेन्द्र सिंह, राजकुमार मोगा सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक दयाशंकर सिंह, ताजुद्दीन पुर के प्रधान प्रमोद साहू, शिवम सिंह, दुर्गेश सिंह, शिक्षक हेमंत सिंह, चंद्रमोहन सिंह समेत सैकड़ों महिलाएं व ग्रामीण मौजूद रहे।

## भागवत कथा के चौथे दिन राम अवतार.कृष्ण अवतार.वामन अवतार को सुनकर श्रोता हुए मंत्र मुग्ध

● भागवत कथा के चौथे दिन हजारों की संख्या में भक्तों का उमड़ा भारी जन सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

महराजगंज/रायबरेली। अखरी पोस्ट कसेरुवा में सप्तवेदी, गणेश आंबिका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मुख्य यजमान शिव सिंह, सपत्नीक किरन सिंह, के यहां आनंद मिश्रा के द्वारा संकल्पित सातवीं श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा भव्य आयोजन। आपको बता दें कि, ग्राम सभा अखरी पोस्ट कसेरुवा जिला फतेहपुर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन हजारों की संख्या में दूर दराज से श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए भक्तों का उमड़ा भारी जन सैलाब।

भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को श्री अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पंडित चंद्रेश कृष्ण शास्त्री ने वामन अवतार कृष्ण अवतार एवं श्री राम अवतार की कथाओ का विस्तार रूप से व्याख्यान किया। कथा व्यास ने बताया कि, वामन अवतार में भगवान नारायण राजाबली से भगवान वामन ने तीन पग भूमि मांगी अपने गुरु शुक्राचार्य के माना करने पर भी राजाबली वामन भगवान को तीन पग भूमि दान कर दी। वामन भगवान ने तीन पग में ही पूरे ब्रह्मांड को नाप लिया। और राजाबली भगवान वामन को अपने द्वार पर खड़े रहने के लिए वरदान मांगा। कथा व्यास ने बताया कि, माता देवकी के गर्भ में आठवें पुत्र के रूप में भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया और कंस का वध कर दिया। कथा व्यास ने कृष्ण जन्म, वामन अवतार, राम अवतार, जैसे विभिन्न कथाओं का वर्णन करते हुए पांडाल में बैठे हजारों श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।



इस मौके पर यज्ञ शाला के मुख्य आचार्य पंडित सीताराम शास्त्री, यज्ञाचार्य सुबोध शास्त्री, उपयज्ञाचार्य योगेंद्र नाथ त्रिपाठी, व्यवस्थापक शीतला बक्स सिंह, श्रवण मिश्रा, शेर सिंह, विजय बहादुर सिंह, राजा सिंह चौहान, अक्षत सिंह, शुभम सिंह, मोनू सिंह, विक्रम सिंह, हर्षित सिंह, निखिल सिंह, रंग बहादुर सिंह, धीरेंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह, कुलदीप एवं समस्त मित्रगण सहित आदि भक्त उपस्थित रहे।

## देवगांव कंपोजिट विद्यालय में वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

● मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लालगंज (रायबरेली)। विकास क्षेत्र डलमऊ के कंपोजिट विद्यालय देवगांव में वार्षिक उत्सव एवं परीक्षा फल वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक गया बक्स सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एनपीआरसी एवं प्रधानाध्यापक उमरामऊ बृजेश बाजपेई और सेवानिवृत्त नेवी अधिकारी दिवाकर विक्रम सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं निर्देशन वर्तमान इंचार्ज प्रधानाध्यापक कुलदीप ने किया।

कार्यक्रम का आकर्षक संचालन विद्यालय की अध्यापिका आकांक्षा यादव ने किया। शुभारंभ कक्षा 6, 7 व 8 की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ हुआ। इसके बाद कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने 'देश रंगीला' गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं राधा-कृष्ण भक्ति गीतों पर आधारित नृत्य ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। छात्रों द्वारा मोबाइल के दुष्प्रभाव पर आधारित नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस प्रस्तुति में अध्यापिकाओं दीपशिखा सिंह, कनक मिश्रा और रश्मि वर्मा का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा 1 से 8 तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम के साथ पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के खेल शिक्षक रोहित ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं– महामाया त्रिवेदी, सुनीता यादव, शशिकांत मिश्रा, आरती सिंह, चंद्रेश त्रिवेदी, बिट्टन सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित।

## गांव से लेकर शहर तक याद किए गए बाबू भगवती सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर 4 अप्रैल प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक देश श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय कैंपस में मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी, प्रबंधक डॉ टी पी सिह एवं मंत्री जी के प्रेमियों ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कृषि महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी ने उनके जीवन पर चर्चा की और कहां वह एक सच्चे समाजवादी चिंतक थे उनके विचार और संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान नई पीढ़ी से किया । महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ टीपी सिंह ने बताया कि बाबूजी जनसेवक के रूप में कार्य करते थे वह एक सच्चे समाजवादी विचारधारा के प्रखर नेता थे। पूर्व विधायक राजेंद्र यादव ने बताया कि मंत्री जी की राह पर आज की पीढ़ी को चलना बहुत मुश्किल है । शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ अशोक वाजपेई ने कहा की बाबू भगवती सिंह गरीबों के मसीहा थे उनके कार्यों की राजधानी ही नहीं पूरे प्रदेश में उनकी चर्चाएं आज भी होती हैं।वह एक सच्चे ऋषि पुरुष थे। तेज शंकर अवस्थी ने कविताओं के माध्यम से बाबूजी के कार्यों को गिनाया।



महाविद्यालय के मीडिया डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज में हवन पूजन तथा कृषि महाविद्यालय में भजन कीर्तन एवं सृष्टि संस्था लखनऊ में भंडारे का आयोजन किया गया देवरी रुखारा स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में समाजसेवी शैलेंद्र सिंह के द्वारा समाजवादी सभा का आयोजन किया गया तथा भंडारा भी कराया गया तथा पंडित नंदकिशोर शर्मा ने बाबू भगवती सिंह जी के जीवन पर चर्चा करते हुए कीर्तन प्रस्तुत किया।

मंत्री जी के अनुयायियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा बलरामपुर चिकित्सालय द्वारा रक्त शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 25 से अधिक रक्तदाताओं ने मंत्री जी की पुण्यतिथि पर रक्तदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह, डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी, डॉ जसकरण सिंह, डॉ इबाद खान, डॉ के डी सिंह, डॉ श्वेता मिश्रा, डॉ रश्मि, श्रीमती प्रतिमा सिंह, डॉ रजनी शुक्ला, डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, डॉ धर्मेश कुमार सिंह, डॉ अखिलेश कुमार शर्मा, डॉ रवी शंकर वर्मा, डॉ अनिल वर्मा, डॉ विवेक वर्मा, डॉ सुधाकर सिंह, दिलीप कुमार सिंह, गुलाब यादव, सत्रोहन, उमेश कुमार प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, दो गुरप्रीत सिंह, डॉ दीपक पांडे, अजय भदोरिया,शिव कुमार सिंह, डॉ एन न मिश्रा, महाविद्यालय सदस्य जितेंद्र निगम, अशोक सिंह, आरपी सिंह, तृप्ति सिंह, डॉ उपमा त्रिपाठी, डॉ योगेश कुमार शर्मा सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गांवों में पहली बार जनता देख रही है अपना पैसा, अपना विकास

**[ ईग्रामस्वराज: गांवों को इंतजार नहीं, अधिकार देने वाली व्यवस्था ]**

**[ जब गांवों तक पहुंचा डिजिटल शासन, तब बदला विकास का अर्थ ]**

जब किसी देश के गांव बदलते हैं, तभी उसका भविष्य बदलता है। आज भारत के गांवों में ऐसा ही ऐतिहासिक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। कभी पंचायत कार्यालयों में धूल खाती फाइलें, महीनों तक रुके भुगतान और विकास योजनाओं पर उठते सवाल आम थे। लेकिन अब वही ग्राम पंचायतें डिजिटल व्यवस्था के बल पर नई पहचान बना रही हैं। ईग्रामस्वराज पोर्टल के माध्यम से ?3 लाख करोड़ से अधिक का भुगतान होना केवल सरकारी उपलब्धि नहीं, बल्कि गांवों में बदलती व्यवस्था का मजबूत प्रमाण है। यह सफलता बताती है कि अब विकास का धन कागजों में नहीं अटकता, बल्कि सीधे जरूरत और काम तक पहुंचता है। भारत के गांव अब केवल विकास की प्रतीक्षा नहीं कर रहे, बल्कि स्वयं विकास की दिशा तय कर रहे हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बदलाव ने पंचायतों के कामकाज का पूरा स्वरूप बदल दिया है। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विकसित ईग्रामस्वराज पोर्टल, ई-पंचायत अभियान का एकीकृत मंच है, जहां योजना, बजट, लेखा, निगरानी और भुगतान की पूरी प्रक्रिया एक साथ पूरी होती है। पहले ग्राम पंचायतों को अलग-अलग रजिस्टर, विभागीय मंजूरी और कागजी कार्यवाही पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे समय अधिक लगता था और गड़बड़ी की आशंका भी बनी रहती थी। अब पंचायतें गांव की जरूरत के अनुसार योजना बनाती हैं, उसे पोर्टल पर दर्ज करती हैं और काम पूरा होते ही भुगतान जारी कर देती हैं। सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली से जुड़ाव के कारण हर लेन-देन तुरंत दर्ज होता है और उसका पूरा विवरण सुरक्षित रहता है।

जहां कभी गांवों में विकास योजनाएं कागजों तक सीमित रहती थीं, वहीं आज वही गांव डिजिटल बदलाव की मिसाल बन रहे हैं। मार्च 2026 तक ईग्रामस्वराज पोर्टल से 3 लाख करोड़ से अधिक का भुगतान हो चुका है। केवल वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही 53,342 करोड़ का हस्तांतरण हुआ। यह बताता है कि गांवों ने डिजिटल व्यवस्था को तेजी से अपनाया है। आज 2,59,798 पंचायती राज संस्थाएं और 1.60 करोड़ से अधिक विक्रेता इस मंच से जुड़े हैं। साथ ही 2,55,254 ग्राम पंचायतें अपनी विकास योजनाएं पोर्टल पर अपलोड कर चुकी हैं। इतनी बड़ी भागीदारी सिद्ध करती है कि ग्रामीण भारत अब तकनीक से दूर नहीं, बल्कि उसके साथ आगे बढ़ रहा है। गांवों की चौपाल से पंचायत भवन तक अब डिजिटल सोच पहुंच चुकी है।

जहां पहले पंचायतों के खर्च और योजनाएं लोगों से छिपी रहती थीं, वहीं अब हर जानकारी सबके सामने है। यही इस व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत है– पारदर्शिता और जवाबदेही। पहले गांवों में यह जानना कठिन था कि पंचायत को कितनी राशि मिली और वह कहां खर्च हुई। योजनाओं की जानकारी अक्सर कुछ लोगों तक सीमित रहती थी। अब ईग्रामस्वराज पोर्टल पर हर पंचायत का पूरा हिसाब उपलब्ध है। कोई भी नागरिक देख सकता है कि किस योजना के लिए कितनी राशि मिली, कितना खर्च हुआ और कौन-सा काम किस स्थिति में है। इससे ग्राम सभा केवल औपचारिक बैठक नहीं, बल्कि निगरानी और निर्णय का मजबूत मंच बन गई है। जनता को जानकारी मिलते ही पंचायतों की जवाबदेही बढ़ती है और लोकतंत्र की जड़ें गहरी होती हैं।

सबसे बड़ा बदलाव गांव की अर्थव्यवस्था में दिखाई दे रहा है। पहले छोटे दुकानदारों, स्थानीय ठेकेदारों और सेवा देने वालों को भुगतान के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था। कई बार उन्हें पंचायत कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते थे। अब भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में पहुंच रहा है। इससे बिचौलियों की भूमिका लगभग समाप्त हो गई है। समय पर धन मिलने से छोटे व्यवसायियों का भरोसा बढ़ा है और गांवों में आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं। सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, विद्यालय मरम्मत और सामुदायिक भवन जैसे कार्य अब पहले से अधिक तेजी से पूरे हो रहे हैं। इससे स्थानीय रोजगार बढ़ा है और गांवों की अर्थव्यवस्था को नया सहारा मिला है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह बदलाव केवल दफ्तरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे समाज को नई शक्ति दे रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित पंचायत सहायता प्रणाली अब 23 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। इससे गांव के लोग अपनी भाषा में पंचायत की कार्यवाही और योजनाओं को आसानी से समझ पा रहे हैं। पहले कठिन सरकारी भाषा और प्रक्रियाओं के कारण महिलाएं, किसान और युवा पंचायत से दूर रहते थे। अब वही लोग सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं। महिलाएं घर बैठे योजनाओं की जानकारी देख रही हैं, किसान विकास कार्यों की स्थिति समझ रहे हैं और युवा पंचायत के निर्णयों पर नजर रख रहे हैं। इस प्रकार ईग्रामस्वराज केवल डिजिटल मंच नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और जनभागीदारी का नया आधार बन गया है।

यह सफलता जितनी बड़ी है, उसका सफर उतना ही कठिन रहा है। देश के अनेक दूरस्थ गांवों में इंटरनेट की कमी, अनियमित बिजली और डिजिटल जानकारी का अभाव बड़ी बाधाएं थे। शुरुआत में कई पंचायत प्रतिनिधि और कर्मचारी नई व्यवस्था को समझ नहीं पा रहे थे। लेकिन लगातार प्रशिक्षण और सरल प्रणाली ने यह मुश्किल दूर कर दी। पंचायत प्रतिनिधियों को तकनीकी प्रशिक्षण मिला, गांवों तक डिजिटल उपकरण पहुंचे और पोर्टल को इतना आसान बनाया गया कि कम पढ़े-लिखे लोग भी इसका उपयोग कर सकें। यही कारण है कि आज 2.5 लाख से अधिक पंचायतें इस मंच से जुड़ चुकी हैं। यह साबित करता है कि मजबूत संकल्प के सामने हर बाधा छोटी पड़ जाती है।

आज ईग्रामस्वराज पोर्टल गांवों में आए परिवर्तन का सबसे बड़ा प्रतीक बन चुका है। यह केवल एक वेबसाइट नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। आने वाले समय में सरकारी ई-बाजार से जुड़ाव, तात्कालिक विवरण पट और उन्नत निगरानी जैसी सुविधाएं इसे और प्रभावी बनाएंगी। इससे पंचायतों के कामकाज में अधिक तेजी, पारदर्शिता और विश्वसनीयता आएगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि डिजिटल शासन अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं, बल्कि गांव-गांव तक पहुंच चुका है। ग्राम पंचायतें सशक्त होंगी, तभी देश सशक्त होगा। और जब हर नागरिक अपनी पंचायत के कामकाज पर नजर रखेगा, तभी सच्चे अर्थों में स्वराज स्थापित होगा–ऐसा स्वराज जो पारदर्शी, जवाबदेह और जनता के हाथों में हो।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# हाय नोबल सर, आप ट्रंप के ना हुए



बेचारा नोबेल भी क्या करे उसे भी अपनी इज़्ज़त बचानी थी।डोनाल्ड ट्रंप साहब जब दूसरी बार सत्ता के सिंहासन पर विराजे तो उनके मन में एक ही दिव्य प्रकाश की किरण प्रस्फुटित हुई, कुछ ऐसा किया जाय कि इतिहास और दुनिया भी दंग रह जाए और नोबेल पुरस्कार खुद चलकर व्हाइट हाउस के दरवाज़े पर नतमस्तक हो जाए। उन्हें लगा कि दुनिया में शांति स्थापित करना उतना ही आसान है जितना ट्विटर अब एक्स पर एक पोस्ट डालना।उन्होंने ऐलान किया मैंने कइ देशों के बीच शांति स्थापित करा दी है। इंटरनेशनल मीडिया ने पूछा कौन कौन से देश?उन्होंने कहा नाम मत पूछो, शांति गोपनीय होती है नाम उजागर करने से शांति भंग होने की आशंका हो जाती है।अब ट्रंप साहब शांति के होलसेल ठेकेदार बन गए कि जहाँ शांति दिखी, वहाँ उन्हें खतरा महसूस हुआ। बोले ये कैसी शांति है जिसमें मेरा रोल और योगदान नहीं? बस फिर क्या था, उन्होंने शांति को बचाने के लिए युद्ध की चाबी घुमा दी अस्त्र-शस्त्र का बटन ऑन कर दिया। ईरान की तरफ़ एक तिरछी नज़र डाली, वेनेजुएला की तरफ़ दूसरी, जैसे कोई डॉक्टर मरीज को बचाने के लिए पहले उसे बीमार घोषित कर देता है, मरीज गंभीर बीमार है इसे इलाज की जरूरत है और इसका इलाज मैं ही कर सकता हूं। उन्हें पूरा यकीन था कि नोबेल कमेटी सोच रही होगी इतना महान आदमी हमने आज तक कैसे नहीं देखा, जो युद्ध करके शांति लाता और पूरी दुनिया में इसका डिंडोरा पिटता है,लेकिन नोबेल कमेटी वाले भी कोई साधु-संत तो हैं नहीं उन्हें पता है कि यह शांति नहीं, 'शांति का रियलिटी शो या डुप्लीकेट डेमो चल रहा है, जिसमें हर एपिसोड के बाद टीआरपी गिर जाती है। उधर बराक ओबामा साहब का नाम इतिहास में पहले से दर्ज है। ट्रंप जी को यह बात कुछ वैसी ही चुभती थी जैसे पड़ोसी के घर में खरीदी गई नई कार, उन्होंने सोचा— 'अगर ओबामा जी को नोबेल मिल सकता है, तो मुझे क्यों नहीं? मैं तो उनसे ज़्यादा एक्टिव हूँ कम से कम ट्वीट तो ज़्यादा करता हूँ और सोशल मीडिया में उनसे कहीं ज्यादा सुपर एक्टिव हूं।नोबेल पुरस्कार भी कोई चुनावी वादा तो था नहीं कि भाषण देकर ले हथिया लिया जाए। वह चुपचाप बैठा रहा, जैसे किसी जिद्दी बच्चे की जिद सुनकर बाप अनदेखी कर चुचाप अख़बार पढ़ता रहे। आख़िरकार ट्रंप जी समझ गए कि नोबेल पुरस्कार भी एक अजीब नायाब मृग मरीचिका है जिसे पाने के लिए जितना दौड़ो, वो उतना ही दूर भागती है,इधर दुनिया ने यह नया सिद्धांत सीख लिया,जहाँ युद्ध ज़्यादा हो, वहाँ शांति की बात सबसे ज़्यादा होती है। '

ट्रंप साहब को नोबेल तो नही मिला, पर एक नई उपलब्धि सीख की तरह जरूर मिल गई, इतिहास में यह दर्ज हो गया कि शांति के नाम पर सबसे ज़्यादा शोर किसने मचाया,किसने सबसे ज्यादा ढिंढोरा किसने पीटा।

**संजीव ठाकुर**

# पाकिस्तान में ईंधन संकट की आगब वैश्विक युद्ध, आर्थिक दबाव और आम जनता की बढ़ती मुश्किलें

दुनिया के बदलते हालात का असर अब सीधे आम लोगों की जिंदगी पर दिखाई देने लगा है। खासकर ऊर्जा यानी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी ने कई देशों की अर्थव्यवस्था को झकझोर दिया है। पड़ोसी देश पाकिस्तान इस समय ऐसे ही एक गंभीर संकट से गुजर रहा है, जहां ईंधन की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल ने महंगाई को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। पेट्रोल और डीजल के दामों में अचानक आई भारी वृद्धि ने न केवल आम आदमी की जेब पर असर डाला है, बल्कि पूरे आर्थिक ढांचे को हिला दिया है।

हाल ही में पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 458 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 520 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई है। यह वृद्धि केवल संख्याओं का खेल नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई जटिल कारण छिपे हैं। सबसे बड़ा कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ता तनाव है, विशेषकर ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष का प्रभाव। इस टकराव ने वैश्विक तेल आपूर्ति को प्रभावित किया है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है।

इस संकट का केंद्र बना हुआ है होर्मुज जलडमरूमध्य, जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है। यह संकरा समुद्री रास्ता फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है और विश्व की लगभग 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति इसी मार्ग से होती है। जब इस क्षेत्र में तनाव बढ़ता है या रास्ता बाधित होता है, तो इसका सीधा असर पूरी दुनिया के तेल बाजार पर पड़ता है। वर्तमान स्थिति में इसी मार्ग के प्रभावित होने के कारण तेल की आपूर्ति में रुकावट आई है और कीमतें तेजी से बढ़ी हैं।

पाकिस्तान जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर हैं, ऐसे हालात में सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। यहां एक और गंभीर समस्या है—पाकिस्तानी रुपये की लगातार गिरती कीमत। जब मुद्रा कमजोर होती है, तो आयातित वस्तुएं और महंगी हो जाती हैं। चूंकि तेल का कारोबार डॉलर में होता है, इसलिए रुपये की कमजोरी का सीधा असर ईंधन की कीमतों पर पड़ता है।

इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तें भी पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ा रही हैं। आर्थिक संकट से उबरने के लिए पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय सहायता की जरूरत है, लेकिन इसके बदले में उसे सब्सिडी कम करनी पड़ रही है और करों में वृद्धि करनी पड़ रही है। यही कारण है कि सरकार ने पेट्रोल पर भारी कर बढ़ा दिए हैं, जबकि डीजल पर कर घटाकर कीमतों को कुछ हद तक संतुलित करने की कोशिश की गई है।

ईंधन की कीमतों में वृद्धि का सबसे बड़ा असर आम जनता पर पड़ता है। जब डीजल महंगा होता है, तो परिवहन लागत बढ़ जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि बाजार में आने वाली हर वस्तु—चाहे वह सब्जी हो, अनाज हो या दैनिक उपयोग की चीजें—महंगी हो जाती हैं। इस तरह महंगाई का एक चक्र शुरू हो जाता है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होता है।

खेती पर भी इसका गहरा असर पड़ता है। पाकिस्तान जैसे देश में जहां बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, वहां डीजल की बढ़ती कीमतें किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती हैं। ट्रैक्टर चलाने, सिंचाई करने और फसल तैयार करने की लागत बढ़ जाती है, जिससे किसानों की आय पर सीधा असर पड़ता है। अंततः इसका असर खाद्य पदार्थों की कीमतों पर भी पड़ता है। सरकार का तर्क है कि यह कदम जरूरी था ताकि खपत को नियंत्रित किया जा सके और आर्थिक संतुलन बनाए रखा जा सके। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या केवल कीमतें बढ़ाकर समस्या का समाधान किया जा सकता है? जब लोगों की आय स्थिर हो और खर्च बढ़ जाए, तो सामाजिक असंतोष भी बढ़ने लगता है।

यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो पाकिस्तान में महंगाई का स्तर और अधिक बढ़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर वैश्विक तनाव कम नहीं हुआ, तो ईंधन की कीमतें 600 रुपये प्रति लीटर के पार भी जा सकती हैं। यह स्थिति देश की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती है।

दूसरी ओर, भारत जैसे देश में स्थिति अपेक्षाकृत नियंत्रित है। यहां ईंधन की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, जिससे आम जनता को कुछ राहत मिली है। लेकिन यह भी सच है कि वैश्विक बाजार से पूरी तरह कोई देश अछूता नहीं रह सकता। यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतें बढ़ती हैं, तो उसका असर भारत पर भी पड़ सकता है।

इस पूरे घटनाक्रम से यह स्पष्ट होता है कि आज की दुनिया में कोई भी देश पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं है। एक क्षेत्र में होने वाली घटना का असर हजारों किलोमीटर दूर तक महसूस किया जाता है। ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में यह प्रभाव और भी ज्यादा गहरा होता है।

अंततः यह संकट केवल पाकिस्तान का नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक चुनौती का संकेत है। इससे यह सीख मिलती है कि देशों को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए वैकल्पिक स्रोतों की ओर तेजी से बढ़ना होगा और आर्थिक नीतियों को अधिक संतुलित बनाना होगा। तभी भविष्य में ऐसे संकटों से बचा जा सकेगा और आम जनता को राहत मिल सकेगी।

**कांतिलाल मांडोत**

# असम में सियासी रण और पहचान की राजनीति घुसपैठ यूसीसी और विकास के बीच चुनावी जंग तेज

असम की राजनीति एक बार फिर राष्ट्रीय मुद्दों और स्थानीय समीकरणों के संगम पर खड़ी दिखाई दे रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हालिया बयान—जिसमें उन्होंने घुसपैठियों पर सख्ती और चुनाव के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कही और चुनावी बहस को और तीखा बना दिया है। इस बयान के साथ ही यह साफ हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी इस चुनाव को केवल विकास या स्थानीय मुद्दों तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इसे पहचान, सुरक्षा और सांस्कृतिक अस्मिता के बड़े नैरेटिव से जोड़कर देख रही है।

असम की राजनीति हमेशा से बहुस्तरीय रही है। यहां जातीय पहचान, भाषाई विविधता, धार्मिक संतुलन और क्षेत्रीय अस्मिता जैसे मुद्दे गहराई से जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि चुनावी समीकरण भी सरल नहीं होते। राज्य में मुस्लिम आबादी लगभग 34 प्रतिशत के आसपास मानी जाती है, जो कई जिलों में निर्णायक भूमिका निभाती है। खासकर निचले असम और बराक वैली के क्षेत्रों में यह वोट बैंक चुनाव के नतीजों को प्रभावित करता है। दूसरी ओर, ऊपरी असम में असमिया हिंदू, आदिवासी और चाय बागान समुदायों का प्रभाव अधिक है।

भाजपा का चुनावी गणित इन विविध समूहों के बीच संतुलन साधने पर आधारित है। पार्टी की रणनीति साफ तौर पर तीन स्तंभों पर टिकती नजर आती है—घुसपैठ के खिलाफ सख्त रुख, विकास की राजनीति, और आदिवासी व स्थानीय समुदायों को सशक्त करने के वादे। नरेन्द्र मोदीऔर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की जोड़ी को भाजपा एक मजबूत नेतृत्व के रूप में पेश कर रही है। यह नेतृत्व कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचे और कल्याणकारी योजनाओं के जरिए वोटरों को आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है।

घुसपैठ का मुद्दा असम में नया नहीं है, लेकिन इसे हर चुनाव में नए सिरे से उभारा जाता है। भाजपा इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और स्थानीय पहचान से जोड़कर पेश करती है। पार्टी का तर्क है कि अवैध प्रवासन ने राज्य की जनसंख्या संरचना को प्रभावित किया है और इससे संसाधनों पर दबाव बढ़ा है। इसी के साथ समान नागरिक संहिता का मुद्दा जोड़कर भाजपा एक व्यापक वैचारिक एजेंडा सामने रख रही है, जो उसके समर्थक वर्ग को एकजुट करता है। हालांकि, यह भी ध्यान देने वाली बात है कि भाजपा ने आदिवासी समुदायों को यूसीसी के दायरे से बाहर रखने की बात कहकर एक संतुलन बनाने की कोशिश की है। असम में बोडो, मिसिंग, कार्बी, राभा जैसी कई जनजातियां हैं, जिनकी अपनी अलग सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान है। इन समुदायों को आश्वस्त करना भाजपा के लिए जरूरी है, क्योंकि ये कई सीटों पर निर्णायक भूमिका निभाते हैं। एक-एक गाय या भैंस देने जैसे वादे प्रतीकात्मक रूप से आर्थिक सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका से जुड़े हैं, जो सीधे तौर पर आदिवासी और ग्रामीण मतदाताओं को प्रभावित कर सकते हैं। जातिवाद का फैक्टर भी असम की राजनीति में कम महत्वपूर्ण नहीं है। हालांकि यहां उत्तर भारत की तरह परंपरागत जाति समीकरण उतने स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन समुदाय आधारित राजनीति बहुत मजबूत है। चाय बागान मजदूर समुदाय, जिसे अक्सर 'टी ट्राइब्स' कहा जाता है, लंबे समय से राजनीतिक दलों के लिए अहम वोट बैंक रहा है। भाजपा ने पिछले कुछ चुनावों में इस समुदाय में अपनी पकड़ मजबूत की है, जबकि कांग्रेस पारंपरिक रूप से यहां प्रभाव रखती रही है। इसी तरह बोडो और अन्य जनजातीय समूहों के बीच क्षेत्रीय दलों का भी प्रभाव है, जिससे चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय हो जाता है।

विकास का मुद्दा इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। भाजपा यह दावा कर रही है कि पिछले वर्षों में असम में सड़क, पुल, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। निवेश और उद्योग को बढ़ावा देने की कोशिशें भी दिखाई देती हैं। यदि मतदाता इन दावों को स्वीकार करते हैं, तो भाजपा को इसका सीधा लाभ मिल सकता है। खासकर युवा मतदाता, जो रोजगार और बेहतर जीवन स्तर की अपेक्षा रखते हैं, विकास के एजेंडे से प्रभावित हो सकते हैं।

दूसरी ओर, कांग्रेस भी अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश में है। राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक असंतोष जैसे मुद्दों को उठाकर भाजपा को घेरने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस का तर्क है कि भाजपा की नीतियां समाज में विभाजन पैदा करती हैं और वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाती हैं। अगर कोई मतदाता कांग्रेस को वोट देने का विचार करता है, तो उसके पीछे मुख्य कारण सामाजिक सद्भाव, धर्मनिरपेक्षता और आर्थिक असमानता के मुद्दे हो सकते हैं।

कांग्रेस का एक और मजबूत पक्ष उसका पारंपरिक समर्थन आधार है, जिसमें मुस्लिम मतदाता, कुछ आदिवासी समूह और ग्रामीण वर्ग शामिल हैं। यदि यह समर्थन एकजुट रहता है और क्षेत्रीय दलों के साथ तालमेल बनता है, तो कांग्रेस भाजपा को कड़ी चुनौती दे सकती है। हालांकि, पिछले चुनावों में कांग्रेस को संगठनात्मक कमजोरी और नेतृत्व के अभाव का सामना करना पड़ा है, जिसे दूर करना उसके लिए जरूरी है।

असम का चुनाव केवल दो दलों के बीच मुकाबला नहीं है, बल्कि यह कई स्तरों पर लड़ी जाने वाली लड़ाई है। यहां स्थानीय बनाम बाहरी, विकास बनाम पहचान, और परंपरा बनाम आधुनिकता जैसे कई विमर्श एक साथ चलते हैं। यही वजह है कि हर चुनाव में परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं। अंततः यह कहना गलत नहीं होगा कि असम का मतदाता बेहद जागरूक और व्यावहारिक है। वह केवल भावनात्मक मुद्दों पर नहीं, बल्कि अपने हितों और भविष्य को ध्यान में रखकर निर्णय लेता है। भाजपा के लिए चुनौती है कि वह अपने वादों को विश्वसनीय बनाए और सभी वर्गों का विश्वास जीत सके। वहीं कांग्रेस के लिए जरूरी है कि वह एक मजबूत वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करे। इस चुनाव में यह देखना दिलचस्प होगा कि मतदाता सुरक्षा और पहचान के मुद्दों को प्राथमिकता देता है या विकास और सामाजिक संतुलन को। असम की जनता का फैसला न केवल राज्य की राजनीति की दिशा तय करेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी इसके दूरगामी प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

# युद्ध से किनके हित पूरे हो रहे?

युद्ध मानव इतिहास का सबसे त्रासद और विडंबनापूर्ण अध्याय रहा है। यह केवल सीमाओं के विस्तार या सुरक्षा की लड़ाई नहीं होता, बल्कि इसके भीतर अनेक अदृश्य हितों का जाल छिपा होता है। जब युद्ध होता है तो पहली दृष्टि में हमें केवल बर्बादी, मृत्यु और विस्थापन दिखाई देता है, परंतु इसके पीछे एक जटिल आर्थिक, राजनीतिक और संस्थागत संरचना सक्रिय होती है। यह समझना आवश्यक है कि युद्ध केवल भावनाओं, राष्ट्रवाद या आकस्मिक परिस्थितियों का परिणाम नहीं होता, बल्कि कई बार यह उन शक्तियों का उपकरण बन जाता है जिनके हित शांति में पूरे नहीं हो सकते। युद्ध से सबसे प्रमुख लाभ जिस समूह को होता है, वह है तथाकथित 'सैन्य-औद्योगिक परिसर'। यह एक ऐसा नेटवर्क है जिसमें सरकार, सेना और हथियार बनाने वाली कंपनियाँ आपस में जुड़ी होती हैं और एक-दूसरे के हितों को पोषित करती हैं। इस व्यवस्था में एक पक्ष को सुरक्षा के नाम पर हथियार चाहिए और दूसरे पक्ष को उन्हें बेचकर लाभ कमाना होता है। इस प्रकार दोनों के बीच एक ऐसा संबंध बन जाता है जिसमें सैन्य खर्च बढ़ाना एक साझा लक्ष्य बन जाता है। युद्ध की स्थिति इस पूरे तंत्र के लिए अवसर लेकर आती है, क्योंकि इससे हथियारों की मांग बढ़ती है, उत्पादन तेज होता है और मुनाफा कई गुना हो जाता है। इसके साथ ही राजनीतिक नेतृत्व भी युद्ध से अपने हित साधता है। जब किसी देश में आर्थिक संकट, बेरोजगारी या सामाजिक असंतोष बढ़ता है, तब शासक वर्ग के लिए युद्ध एक ऐसा माध्यम बन सकता है जिसके जरिए जनता का ध्यान मूल समस्याओं से हटाकर बाहरी खतरे की ओर मोड़ दिया जाए। राष्ट्रवाद की भावना को उभारकर सत्ता अपने लिए समर्थन जुटाती है और विरोध को कमजोर कर देती है। युद्ध के समय सरकार की आलोचना को देशद्रोह के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे लोकतांत्रिक संवाद सीमित हो जाता है और सत्ता अधिक केंद्रीकृत हो जाती है। इस प्रकार युद्ध राजनीतिक स्थिरता का एक कृत्रिम साधन बन जाता है।

युद्ध से आर्थिक हितों की पूर्ति भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। आधुनिक विश्व में संसाधनों का नियंत्रण शक्ति का प्रमुख आधार है। तेल, गैस, खनिज और जलमार्गों पर कब्जा पाने की होड़ ने कई संघर्षों को जन्म दिया है। जब कोई संसाधन-संपन्न क्षेत्र अस्थिर होता है, तो बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए वहाँ प्रवेश करना और संसाधनों का दोहन करना आसान हो जाता है। युद्ध के बाद पुनर्निर्माण की प्रक्रिया भी एक बड़े आर्थिक अवसर के रूप में उभरती है। जिन कंपनियों ने युद्ध के दौरान हथियार बेचे होते हैं, वही कंपनियाँ बाद में निर्माण और पुनर्निर्माण के ठेके भी प्राप्त करती हैं। इस प्रकार विनाश और निर्माण दोनों ही चरणों में लाभ का प्रवाह बना रहता है।

युद्ध से वित्तीय संस्थानों और वैश्विक पूंजी के हित भी जुड़े होते हैं। जब कोई देश युद्ध से कमजोर होता है, तो उसे पुनर्निर्माण के लिए ऋण लेना पड़ता है। यह ऋण उसे लंबे समय तक आर्थिक निर्भरता में बांध देता है। इस प्रक्रिया में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएँ और निवेशक लाभ कमाते हैं, जबकि युद्धग्रस्त देश कर्ज के बोझ तले दब जाता है। इस प्रकार युद्ध केवल तत्काल विनाश ही नहीं करता, बल्कि भविष्य की आर्थिक संरचना को भी प्रभावित करता है। मीडिया और सूचना तंत्र के कुछ हिस्से भी युद्ध से अप्रत्यक्ष लाभ प्राप्त करते हैं। युद्ध की खबरें, लाइव कवरेज और राष्ट्रवादी विमर्श दर्शकों का ध्यान आकर्षित करते हैं और इससे उनकी पहुँच और आय में वृद्धि होती है। कई बार युद्ध को एक नाटकीय घटना के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे उसकी वास्तविक मानवीय त्रासदी पीछे छूट जाती है। इसके अतिरिक्त, प्रचार और दुष्प्रचार के माध्यम से जनमत को प्रभावित किया जाता है, ताकि युद्ध को आवश्यक और उचित ठहराया जा सके। इस प्रकार सूचना का प्रवाह भी एक प्रकार से युद्ध की राजनीति का हिस्सा बन जाता है। युद्ध से कट्टरपंथी और उग्रवादी समूहों को भी लाभ होता है। जब समाज में अस्थिरता और भय का वातावरण बनता है, तब ऐसे समूहों के लिए अपने विचारों का प्रसार करना आसान हो जाता है। वे असंतोष और असुरक्षा की भावना का लाभ उठाकर नए लोगों को अपने साथ जोड़ते हैं। इस प्रकार युद्ध केवल राज्यों के बीच संघर्ष नहीं रहता, बल्कि यह समाज के भीतर भी विभाजन और हिंसा को बढ़ावा देता है। हालाँकि यह भी सत्य है कि युद्ध से कुछ सीमित तकनीकी और औद्योगिक विकास भी होता है। सैन्य अनुसंधान के माध्यम से नई तकनीकों का विकास होता है, जो बाद में नागरिक जीवन में उपयोगी साबित हो सकती हैं। परंतु यह लाभ अत्यंत सीमित और अप्रत्यक्ष होता है, जबकि युद्ध की कीमत अत्यधिक व्यापक और विनाशकारी होती है। कई अध्ययन यह भी संकेत देते हैं कि अत्यधिक सैन्य खर्च दीर्घकालिक आर्थिक विकास को बाधित कर सकता है, क्योंकि इससे संसाधन नागरिक क्षेत्रों से हटकर सैन्य क्षेत्र में केंद्रित हो जाते हैं।

सबसे महत्वपूर्ण और दुखद तथ्य यह है कि जिन लोगों के हित युद्ध से पूरे होते हैं, वे स्वयं युद्ध के मैदान में नहीं उतरते। युद्ध के निर्णय वातानुकूलित कमरों में लिए जाते हैं, लेकिन उनकी कीमत आम नागरिक और सैनिक चुकाते हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के युवा, जो बेहतर जीवन की तलाश में सेना में शामिल होते हैं, वे युद्ध के सबसे बड़े शिकार बनते हैं। उनके परिवारों को जो क्षति होती है, उसकी भरपाई किसी भी आर्थिक लाभ से नहीं की जा सकती। इस प्रकार युद्ध एक ऐसा विरोधाभास प्रस्तुत करता है जिसमें कुछ लोगों के लिए यह अवसर और लाभ का स्रोत बन जाता है, जबकि अधिकांश मानवता के लिए यह पीड़ा, विनाश और असुरक्षा का कारण होता है। यह समझना आवश्यक है कि युद्ध केवल सीमाओं की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह हितों का संघर्ष है जिसमें शक्ति, पूंजी और राजनीति का गहरा संबंध होता है। जब तक इस संरचना को समझा नहीं जाएगा और शांति को अधिक लाभकारी विकल्प नहीं बनाया जाएगा, तब तक युद्ध का यह चक्र चलता रहेगा। मानवता के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह इस कठोर सत्य को स्वीकार करे और ऐसी व्यवस्था विकसित करे जिसमें लाभ का स्रोत विनाश नहीं, बल्कि सहयोग और विकास हो।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 70 मामले आए 4 का हुआ निस्तारण

**सहजनवां गोरखपुर** – शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहदेव मिश्र तथा उपजिलाधिकारी सहजनवां केशरी नंदन तिवारी की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस दौरान 70 मामले आए थे जिसमें 4 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व 34, पुलिस 19,विकास 4,आपूर्ति विभाग 4,अन्य 9 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित किया गया है। जबकि पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, सीओ गीडा योगेन्द्र सिंह, बीडीओ सत्यकाम तोमर, बीडीओ बृजेश यादव, बीडीओ राकेश शुक्ल, सहित अनेक विभाग के लोग मौजूद थे।

### संपूर्ण समाधान दिवस तहसील खजनी का आयोजन हुआ संपन्न



#### कल 45 आवेदन पत्र आए पांच का मौके पर निस्तारण

**खजनी गोरखपुर**– सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील खजनी में 45 शिक़ायती प्रार्थना पत्र आए जिसमें 5 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष प्रार्थना पत्र को संबंधित विभाग को विभाग को आदेश जारी किया गया कि टीम बनाकर मौके पर पहुंचे और एक हफ्ते के अंदर निस्तारण करें सर्वाधिक प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से संबंधित थे। राजेश पुत्र पूर्णमासी ने ग्राम शिवपुर ने सरकारी इंडिया हैन्ड पंम्प खराब होने के कारण पेय जल की समस्या बताते हुए उसे ठीक कराने का प्रार्थना पत्र दिया। रामनाथ पुत्र रमाकांत निवासी सुल्तानी ने चक मार्ग के सीमांकन के लिए शिकायत दर्ज कराई। नीलू वर्मा पत्नी ईश्वर चंद ग्राम खुंटभार ने अपने हक हिस्सा दिलवानें के संबंध में शिकायत किया। तहसील दिवस खजनी की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी खजनी राजेश प्रताप सिंह ने किया इस अवसर पर तहसीलदार खजनी ध्रुवेश कुमार सिंह एवं सभी नायब तहसीलदार तथा राजस्व निरीक्षक, पुलिस विभाग एवं सभी विभागों के तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता आंदोलन में झलकारी का रहा अप्रतिम योगदान

**देवरिया।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में वीरता और बलिदान की अद्वितीय मिसाल पेश करने वाली वीरांगना झलकारी बाई को उनके शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण यादव ने कहा कि मातृभूमि के लिए झलकारी बाई की दी गई कुर्बानी हमें राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के प्रति सजग करती है। उन्होंने कहा कि झांसी की रानी रानी लक्ष्मी बाई को उनके पुत्र के साथ सुरक्षित बाहर निकालने के लिए स्वयं लक्ष्मीबाई का रूप धारण कर अंग्रेजों से युद्ध करते हुए झलकारी बाई ने जो बलिदान दिया, वह अद्भुत और अकल्पनीय है। उनका योगदान स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर व्यास यादव, इसमुहम्मद, सुरेश नारायण सिंह, झुल्लर अंसारी, गोकुला यादव, श्रीनिवास प्रसाद, नगीना यादव, धन्नू यादव, विनोद यादव, मुरलीधर, गोविंद यादव, दयानंद यादव, अभिषेक गुड्डू गोंड, नाजिर अंसारी, अयोध्या वर्मा, बेलभद्र गोंड, शंकर गोंड, नारायण प्रसाद, श्यामसुंदर प्रसाद, सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**देवरिया।** जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा 'मिशन शक्ति फेज-5.0' अभियान चलाया गया। इस दौरान बाजार, चौराहों, बैंक और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने डायल-112, महिला हेल्पलाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस-108, स्वास्थ्य सेवा-102 और साइबर हेल्पलाइन-1930 के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया।

# लाठी-डंडों की पिटाई बनी मौत का कारण, 7 महीने बाद आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में गैर-इरादतन हत्या के एक मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करीब सात महीने पहले हुई मारपीट की घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अब इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रामगढ़ताल की टीम ने आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तारी उ0नि0 रजनीश द्विवेदी और उनकी टीम द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंकज पुत्र सुरेन्द्र निवासी सेमरा देवी परसा, थाना रामगढ़ताल के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना स्थानीय पर दर्ज मुकदमा संख्या 623/2025 के तहत गैर-इरादतन हत्या सहित विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।



**क्या था पूरा मामला?**

घटना 19 सितंबर 2025 की है, जब किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और आरोपी पंकज ने वादी के साले पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी रही। लगातार दो दिन तक इलाज चलने के बाद 21 सितंबर 2025 को घायल युवक ने दम तोड़ दिया। मौत के बाद मामला और गंभीर हो गया और पुलिस ने तहरीर के आधार पर गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

**पहले से भी रहा है आपराधिक इतिहास**

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी पंकज का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पहले भी मारपीट, हत्या के प्रयास और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2019 में थाना खोराबार में दर्ज एक मामले में भी वह आरोपी रह चुका है। इसके अलावा 2022 और 2026 में भी उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुए हैं, जिनमें एससी/एसटी एक्ट से जुड़े आरोप भी शामिल हैं।

**पुलिस की सख्ती जारी**

रामगढ़ताल पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई से यह साफ संकेत गया है कि गंभीर अपराधों में शामिल आरोपियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा, चाहे घटना को कितना भी समय क्यों न बीत गया हो।

# ऑनलाइन बैनामा व्यवस्था अव्यवहारिक, अधिवक्ताओं का ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रुद्रपुर,देवरिया।** तहसील क्षेत्र में कृषि भूमि से संबंधित विक्रय विलेखों के ऑनलाइन पंजीकरण में आ रही तकनीकी खामियों के विरोध में अधिवक्ताओं ने बार संघ अध्यक्ष सत्यानन्द पाण्डेय के नेतृत्व में, सहायक महानिरीक्षक निबन्धक को सम्बोधित ज्ञापन रजिस्ट्रार शशिकांत सरोज को सौंपा। अधिवक्ताओं ने वर्तमान व्यवस्था को अव्यवहारिक बताते हुए पूर्व प्रणाली बहाल करने की मांग की। शनिवार को दिए ज्ञापन में कहा गया कि नई ऑनलाइन प्रक्रिया के चलते बैनामे और पंजीकरण कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे क्रेता-विक्रेता, अधिवक्ता एवं आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि राजस्व विभाग द्वारा जारी खतौनियों में व्यापक त्रुटियां हैं, जिन्हें ठीक किए बिना ऑनलाइन प्रणाली लागू करना व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि निबंधन व राजस्व विभाग के सॉफ्टवेयर को जोड़ने की योजना बिना स्थानीय स्तर पर सुझाव लिए लागू की जा रही है। जिससे समस्याएं और बढ़ रही हैं। ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई कि यदि वर्तमान व्यवस्था जारी रही तो न केवल सरकारी राजस्व प्रभावित होगा, बल्कि आम जनता को भी अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। अधिवक्ताओं ने मांग किया कि जब तक तकनीकी खामियां दूर नहीं होतीं, तब तक पूर्व पंजीकरण व्यवस्था बहाल की जाए। इस दौरान महामंत्री विनोद कुमार पाठक, नागेंद्र राव, फणीन्द्र नाथ पाण्डेय, अशफाक, अनिल यादव, गोपी यादव, विश्वविजय कुमार मल्ल, अक्षय, कृष्णमूर्ति त्रिपाठी, विकास दुबे, मुकेश कन्नौजिया सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### यक्ष ऐप से अपराधियों की जानकारी, मिशन शक्ति अभियान चलाया गया

**देवरिया।** पुलिस विभाग द्वारा आधुनिक तकनीक के उपयोग से अपराध नियंत्रण की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना मईल पुलिस को 'यक्ष ऐप' के माध्यम से एक व्यक्ति के विरुद्ध जनपद गोरखपुर में दर्ज मुकदमे की जानकारी प्राप्त हुई, जिसे थाना के रजिस्टर नंबर 8 भाग 2 में दर्ज किया गया। यह ऐप मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस मंथन 2025 के दौरान लॉन्च किया गया था, जिसके माध्यम से किसी भी व्यक्ति की फोटो अपलोड करने पर उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी मिल जाती है। साथ ही यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ अन्य जनपद या प्रदेश में मुकदमा दर्ज होता है तो उसकी सूचना संबंधित थाना पुलिस को तत्काल मिल जाती है।

इसी क्रम में बीट क्षेत्र के एक व्यक्ति के खिलाफ गोरखपुर जनपद के थाना एम्स में आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमे की जानकारी यक्ष ऐप से प्राप्त हुई।

# मौसम के बदले मिजाज से गोरखपुर में बढ़ी किसानों की चिंता, खड़ी गेहूं फसल पर मंडराया संकट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जिले में अचानक बदले मौसम के मिजाज ने किसानों की चिंता कई गुना बढ़ा दी है। शनिवार दोपहर करीब 3 बजे के बाद आसमान में घने काले बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं, जिससे खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को लेकर किसानों के होश उड़ गए। इस समय जिले में करीब 60 प्रतिशत गेहूं की फसल अभी भी खेतों में खड़ी है, जो मौसम की मार झेलने को मजबूर है। खजनी, कौड़ीराम, गोला और बड़हलगंज क्षेत्र में मौसम का यह अचानक बदलाव किसानों के लिए किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है। खासतौर पर इन दिनों ओलावृष्टि की आशंका ने किसानों की बेचैनी और बढ़ा दी है। तेज हवा के साथ काले बादल देखकर किसान अपनी फसलों को लेकर बेहद चिंतित नजर आ रहे हैं।

स्थानीय किसानों का कहना है कि इस



समय फसल पूरी तरह पककर तैयार है और कटाई के कगार पर है। ऐसे में यदि तेज बारिश या ओले पड़ते हैं तो भारी नुकसान हो सकता है। बड़े किसान राजेश पांडेय, कमलेश पांडेय निवासी (रामपुर पांडेय), रमजी दुबे, उदयभान मणि त्रिपाठी (डोडो), नागेंद्र दुबे (महुआडाबर), बृजनाथ तिवारी (गोला) और बेद प्रकाश पांडेय (नवली गोला) सहित क्षेत्र के अन्य किसानों ने बताया कि मौसम का यह बदला हुआ रूप उनके लिए चिंता का बड़ा कारण बन गया है। किसानों के अनुसार यदि मौसम साफ रहा तो अगले कुछ दिनों में तेजी से कटाई शुरू हो जाएगी, लेकिन यदि बारिश या ओलावृष्टि होती है तो खड़ी फसल पूरी तरह बर्बाद हो सकती है। कई किसानों ने कहा कि पिछले वर्षों में भी इस समय मौसम ने दगा दिया था, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा था।

इस बीच प्रशासन और कृषि विभाग की ओर से अभी तक कोई विशेष एडवाइजरी जारी नहीं की गई है, जिससे किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। किसानों ने सरकार से मांग की है कि मौसम की सटीक जानकारी और संभावित नुकसान की स्थिति में उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। फिलहाल आसमान में छाए काले बादल और तेज हवाएं किसानों के दिलों की धड़कनें बढ़ा रही हैं। अब सभी की नजरें मौसम के अगले रुख पर टिकी हैं, जो तय करेगा कि किसानों की मेहनत रंग लाएगी या फिर प्रकृति का कहर उन पर भारी पड़ेगा।

### कानपुर में तेज आंधी पानी के साथ ओलावृष्टि

**कानपुर।** कानपुर में आंधी-बारिश का कहरः पेड़ गिरने से ऑटो चालक की मौत, कई घायल कानपुर में शनिवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी के साथ भारी बारिश व ओलावृष्टि शुरू हो गई। तेज हवाओं के चलते शहर के कई इलाकों में बड़े-बड़े पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर पड़े, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। गोविंद नगर में कई स्थानों पर पेड़ गिरने से मुख्य मार्ग बाधित हो गए और यातायात ठप हो गया। लोग अपनी सुरक्षा के लिए जहां-तहां रुकने को मजबूर हो गए, जबकि कई वाहन पेड़ों के नीचे फंस गए। सबसे दर्दनाक हादसा काकादेव क्षेत्र में हुआ, जहां एक ऑटो पर अचानक पेड़ गिर गया। इस हादसे में ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसमें सवार कई यात्री घायल हो गए। घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा फजलगंज, मरियमपुर चौराहा और लाल बंगला समेत शहर के विभिन्न इलाकों में 50 से अधिक पेड़ गिरने की सूचना है।

## जनसंपर्क अभियान से बढ़ा नामांकन, घर-घर पहुंचकर बच्चों को स्कूल से जोड़ रहे शिक्षक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** नवीन शैक्षिक सत्र में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिषदीय विद्यालयों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय महेशपुर की शिक्षिका कल्पना तिवारी ने माधवी सिंह के साथ क्षेत्र में घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क किया और उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया।अभियान के दौरान अभिभावकों को समझाया गया कि बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थिति उनके भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। शिक्षिका कल्पना तिवारी ने बताया कि शनिवार को चलाए गए जनसंपर्क अभियान में चार नए बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराया गया। इसके साथ ही ऐसे बच्चों की भी पहचान की गई, जो किसी कारणवश विद्यालय नहीं आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि



अभिभावकों को प्रेरित किया गया कि वे बच्चों को प्रतिदिन समय से विद्यालय भेजें, ताकि उनकी पढ़ाई बाधित न हो और वे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकें।विद्यालय की ओर से निरंतर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह सके। वही कल्पना तिवारी का कहना है कि इस तरह के प्रयासों से न केवल नामांकन में वृद्धि हो रही है, बल्कि अभिभावकों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच भी विकसित हो रही है।

# बात-बात में बवाल: गोरखपुर में विवाद के बाद महिला की हत्या, पुलिस की त्वरित कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जिले के गगहा थाना क्षेत्र में एक मामूली विवाद ने ऐसा हिंसक रूप ले लिया कि एक महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, 1 अप्रैल 2026 को गगहा थाना क्षेत्र के गजपुर तिवारी टोला में पड़ोसियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी सीताराम ने गुस्से में आकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में वादी की भाभी गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी बाँसगाँव के पर्यवेक्षण में गगहा थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद पाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी सीताराम पुत्र स्वर्गीय गोरखनाथ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। इस मामले में थाना गगहा पर मु0अ0सं0 143/2026 के तहत धारा 103(1), 333, 352 बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और घटना के अन्य पहलुओं की भी गहन जांच की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद पाल, उपनिरीक्षक अंकित कुमार उपाध्याय, कांस्टेबल विक्रम यादव और कांस्टेबल सुनील कन्नौजिया शामिल रहे। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि छोटी-छोटी बातों पर बढ़ता आक्रोश किस तरह बड़े अपराध का रूप ले लेता है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी विवाद की स्थिति में कानून का सहारा लें और शांति बनाए रखें, ताकि ऐसी दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

# गोला में गेहूं खरीद की धमाकेदार शुरुआत, पहले ही दिन 110 कुंतल की खरीद से किसानों में उत्साह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार,गोरखपुर**– खाद्य विभाग द्वारा संचालित गोला क्षेत्र के गेहूं क्रय केंद्रों पर शनिवार से खरीद प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत हो गई। पहले ही दिन 110 कुंतल गेहूं की खरीद दर्ज होने से किसानों में उत्साह और भरोसा दोनों देखने को मिला। शुरुआत के मौके पर ग्राम भडसड़ा निवासी किसान अशोक कुमार तिवारी से 70 कुंतल गेहूं की खरीद की गई। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों ने किसान का माल्यार्पण कर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया, जिससे माहौल उत्सव जैसा बन गया। वहीं, परसिया मिश्र स्थित क्रय केंद्र पर ग्राम खिरकिटा दुबे के किसान अमित दुबे से 40 कुंतल गेहूं की खरीद की गई। पहले ही दिन दो किसानों से



कुल 110 कुंतल खरीद होने को प्रशासन सकारात्मक संकेत मान रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इससे अन्य किसानों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अधिक संख्या में क्रय केंद्रों पर पहुंचेंगे।

एसएमआई गोला पवन कुमार ने बताया कि इस वर्ष गोला ब्लॉक में गेहूं खरीद के लिए कुल 8 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के 3, पीसीएफ के 3 और पीसीयू के 2 केंद्र शामिल हैं। सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित मानकों के अनुसार साफ और सूखा गेहूं लेकर नजदीकी क्रय केंद्रों पर बिक्री करें, जिससे उन्हें समय पर भुगतान और उचित मूल्य मिल सके। इस दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी अरविंद कुमार दुबे, एआर कोऑपरेटिव नीरज कुमार सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कुल मिलाकर, गोला में गेहूं खरीद की यह तेज शुरुआत किसानों के लिए राहत और भरोसे का संदेश लेकर आई है, जो आगे आने वाले दिनों में खरीद प्रक्रिया को और गति दे सकती है।

# मेले में चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा

**●6 आरोपी गिरफ्तार, 2.5 लाख का माल बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 2.5 लाख रुपये कीमत का चोरी का माल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 10 मोबाइल फोन, लाल मोतियों की माला व अन्य आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। मामले में कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या 362/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों में ग्यारस आदिवासी (21), अंगत सहरिया (24), अजय आदिवासी (20), शिव आदिवासी (22), रोहित सहरिया (करीब 20) एवं गिरजा (20) शामिल हैं। सभी आरोपियों को विधिक कार्रवाई के तहत न्यायालय भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार 3 अप्रैल 2026 को अज्ञात चोरों द्वारा मोबाइल चोरी की घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तीन टीमों का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज व सर्विलांस की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह एक संगठित गिरोह बनाकर भीड़भाड़ वाले स्थानों, विशेषकर मेलों व धार्मिक आयोजनों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। उर्स मेला व हनुमान जयंती के जुलूस में भी इन्होंने मोबाइल व आभूषण चोरी किए थे, जिन्हें बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के पास से विभिन्न कंपनियों के 10 मोबाइल फोन, पीली धातु के मोती व लॉकेट सहित लाल मोतियों की माला, 2 सफेद धातु के लॉकेट बरामद किये हैं। पुलिस टीम का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने किया। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# उर्स मेले में मोबाइल चोरी

**●अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के सदनशाह चौराहा स्थित उर्स मेले में मोबाइल चोरी की घटना सामने आई है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली ललितपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी बजरिया निवासी मोहम्मद इसराइल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मार्च 2026 की रात करीब 10 बजे वह सदनशाह दरगाह पर लगे मेले में गया था। इसी दौरान गेट नंबर-1 के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पीड़ित के अनुसार चोरी हुआ मोबाइल एक नामी कंपनी का था, जिसमें जियो कंपनी का सिम लगा हुआ था। काफी खोजबीन के बाद भी मोबाइल का कोई पता नहीं चल सका। साथ ही पीड़ित ने बताया कि मेले में इस तरह की अन्य चोरी की घटनाएं भी हुई हैं। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अंजनी धाम मेले में गूंजा भक्ति का स्वर, जवाबी कीर्तन मुकाबले ने बांधा समां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम कुम्हेड़ी में आयोजित श्री मां अंजनी धाम मेले के तृतीय दिवस पर रात्रिकालीन बेला में भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। मेले में आयोजित शानदार जवाबी कीर्तन मुकाबले ने देर रात तक श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध बनाए रखा। इस भव्य आयोजन में कीर्तन कलाकार मुकेश मुद्गल एंड पार्टी (उरई, बुंदेलखंड) एवं कु. कमलेश्वरी कंचन एंड पार्टी (छतरपुर) के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, वहीं अतिथि कलाकार के रूप में सुप्रसिद्ध जयसिंह राजा ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संजय भौडेले (पूर्व प्रधान, तहसील ब्यूरो दैनिक जागरण) उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में हाकिम सिंह (प्रधान किसरदा), दीपू प्रधान, अनुज अवस्थी (मेला चौकी प्रभारी), अभिषेक सिंह (कस्बा चौकी प्रभारी) सहित महरौनी मीडिया से सूर्यकांत त्रिपाठी, शैलेन्द्र नायक, आनंद त्रिपाठी, निशु दुबे, धर्मेंद्र सिंह छायन, धर्मेंद्र राजा बारोन, कृपाल गौतम, ऋषि तिवारी, सुरेश पुरोहित एवं अवधेश नायक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां अंजनी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात मां अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा सभी अतिथियों एवं कलाकारों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की।

कीर्तन के दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं, जिन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते नजर आए और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

मेला समिति में प्रमुख रूप से दिनेश विदुआ, मुकेश श्रीवास्तव, संतोष निरंजन (नेताजी), धनीराम टिकरिया, संतोष पटेल, मुन्ना निरंजन, रामशरण दीक्षित, संदीप मिश्रा, बृजेश खरे, रामजी श्रीवास्तव, शिवचरन निरंजन, संजय मिश्रा, निरंजन, कृपाल प्रजापति, करन कुशवाहा, रवि रजक, बलराम कुशवाहा, जानू नामदेव एवं गुड्डे कुशवाहा सहित अनेक लोग सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सूर्यकांत त्रिपाठी एवं दिनेश विदुआ ने संयुक्त रूप से किया।

## हरीसिंह यादव बने समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव

**●राष्ट्रीय अध्यक्ष की संस्तुति पर मिली अहम जिम्मेदारी**

**उनके मनोनयन पर समर्थकों में दिखा उत्साह, मिठाई खिलाकर जताया हर्ष**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद अखिलेश यादव की अनुमति पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष डा.रामकरन निर्मल द्वारा अपनी प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सपा के कर्मठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता हरी सिंह जिजयावन को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। साथ ही उन्होंने नव नियुक्त प्रदेश सचिव से समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाए जाने की अपील करते हुए लोगों को पीडीए की विचारधारा से जोडने के निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी ओर युवा नेता हरी सिंह यादव जिजयावन के प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर ललितपुर में उनके समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई, और आपस मिठाई खिलाते हुए खुशी का इजहार किया है। प्रदेश सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर हरी सिंह यादव ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है उसका वह पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ पालन करेंगे, अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोडने का काम करेंगे।

# संक्षिप्त खबरें

## सम्पूर्ण समाधान दिवस मे कुल इकत्तीस शिकायतों मे से ऐक का निस्तारण



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी,** तहसील गोला के सभागार में शनिवार को उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस मैं विभिन्न विभागों से संबंधित आयीं 31 शिकायत में राजस्व एवं आपदा विभाग की एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व एवं आपदा विभाग 22 शिकायतें, पुलिस विभाग की 4, संयुक्त जांच हेतु 2, खाद्ध एवं रसद विभाग की 1, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की 1, विद्युत विभाग की 1, कुल प्रास हुई 31 शिकायतों मे राजस्व एवं आपदा विभाग की एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्राप हुए शिकायती प्रार्थना पत्र को स्थलीय जांच कर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## गुड फ्राइडे की छुट्टी होने के वावजूद खुला रहा बी आर अम्बेडकर मेमोरियल विद्यालय

**उचौलिया खीरी** बी आर अंबेडकर मेमोरियल स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के चलते शुक्रवार को गुड फ्राइडे का अवकाश होने के बावजूद विद्यालय पूरी तरह से खुला रहा। शुक्रवार को गुड फ्राईडे का अवकाश था। सरकारी, अर्धसरकारी कार्यालयों के साथ ही स्कूल भी बंद रहे। वहीं उचौलिया क्षेत्र के कुछ स्कूलों में शिक्षण कार्य कराया गया। शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालय बंद रहे। स्कूलों में भी अवकाश घोषित किया गया था। सरकारी अवकाश होने के बाद भी राजीव सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज बचगावा, बीआर अंबेडकर मेमोरियल स्कूल मियापुर में शिक्षण कार्य होता रहा। स्कूल खुले होने की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी संजीव भारती को दी गई तो उन्होंने जांच करके कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## शिक्षकों का हुआ सम्मान और दिया गया सम्मान



**लखीमपुर खीरी** विकास खण्ड ईसानगर अंतर्गत बी बी एल सी इंटर कालेज खमारिया में खण्ड शिक्षा अधिकारी अखिलआनंद की अध्यक्षता में शिक्षकों का विदाई सम्मान समारोह भावभीनी माहौल के साथ सम्पन्न हुआ। प्रास जानकारी के अनुसार सविलियन विद्यालय मिडनिया के प्रधान अध्यापक लालजी वर्मा जो इसी वर्ष रिटायर हुए हैं इनके आलवा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जनपदीय अध्यक्ष संतोष मौर्य सुनील वर्मा महामंत्री ध्यानेन्द्र कुमार संगठन मंत्री के स्थानांतरण होने पर विकास खण्ड के समस्त शिक्षकों ने उन्हें भीगी आँखों से विदाई दी। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सम्बोधित करते हुए कहा की एक शिक्षक कभी सेवानिर्वत नहीं होता है।जीवन की अंतिम सांस तक शिक्षक समाज शिक्षित करता रहता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेश कुमार विश्वकर्मा शाल और स्मृति चिन्ह पेश किया। इस अवसर पर संतवीर सोम वरिष्ठ शिक्षक नेता प्रदीप वर्मा विनय वर्मा रवि विश्वकर्मा अरुण कुमार राजपूत के आलवा सैकड़ों शिक्षक और विकास खण्ड सम्मनित लोगों ने भाग लिया।

## शराब के नशे में भिड़े घराती और बराती, फिरोजाबाद पुलिस ने बैठकर अपने सामने कराए फेरे

**फिरोजाबाद।** शराब के नशे में घराती-बराती भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों तरफ लात-घूंसा चलने लगा। इसकी वजह से शादी समारोह में अफरातफरी मच गई। उत्तर पुलिस ने मामला शांत कराया। इसके बाद सकुशल शादी संपन्न हुई। मूलतः राजस्थान में अजमेर निवासी मारवाड़ी परिवार 30 वर्ष से सत्यनगर मुहल्ले में रह कर ग्लास फैक्ट्री में काम करते हैं। गुरुवार रात उनकी बेटी की शादी थी। अजमेर से बरात आई थी। शादी समारोह के दौरान गुरुवार रात 12 बजे शराब के नशे में घराती और बराती में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। पुलिस की उपस्थिति में देर रात शादी संपन्न हुई। इंस्पेक्टर अंजीश कुमार ने बताया कि शादी के दौरान विवाद हुआ था। दोनों पक्षों को समझा बुझा दिया गया था। इसके बाद शादी संपन्न हुई। किसी ने तहरीर नहीं दी है।

# दबंगों का कहरः दो महिलाएं सहित पांच लोगों पर सरिया व फरसा से जानलेवा हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना गोला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भूड़वारा में दबंगों द्वारा एक ही परिवार पर हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। हमले में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उसके पति व सास, देवर, नाबालिक पुत्र को भी मारपीट कर चोटें पहुंचाई गई। मामले में पीड़ित स्नेह लता पत्नी प्रदीप कुमार की तहरीर पर पुलिस ने स्वामी दयाल पुत्र रामनरेश, दिनेश पुत्र रामनरेश, मायाराम पुत्र बृजलाल, राकेश कुमार पुत्र राजाराम समेत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता स्नेह लता के अनुसार, घटना 19 मार्च की रात करीब 9:30 बजे की है। आरोप है कि विपक्षीगण एकजुट होकर उसके देवर सरोज कुमार को घर के बाहर मारपीट कर रहे थे। जब वह बीच-बचाव के लिए पहुंची तो आरोपियों ने उस पर लोहे की सरिया व फरसा से सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गई। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों ने उनकी सास व पति, देवर, नाबालिक पुत्र सीनू राज जो कि कैंसर की बीमारी से ग्रसित है जिसका इलाज चल रहा है, उसको भी नहीं बक्शा और चारों को बुरी तरह पीटा। घटना के कई दिन बाद भी शरीर पर चोट के जख्म स्पष्ट देखे जा सकते हैं। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावर अब भी खुलेआम घूम रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार दहशत में है। पीड़िता ने पुलिस पर ढिलाई का आरोप लगाते हुए कहा है कि अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उसने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो वह उच्च अधिकारियों से शिकायत करेगी।

### क्या बोले जिम्मेदार

थानाध्यक्ष गोला अंबर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद साक्ष्यों के आधार पर धाराओं में बढ़ोतरी कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## महिला अधिवक्ताओं मे सेंट्रल बार के पदाअधिकारियो को विभिन्न मागो को लेकर सौपा ज्ञापन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** तहसील गोला में विधि व्यवसाय कर रही महिला अधिवक्ताओं ने सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महामंत्री को संयुक्त रूप से प्रार्थना पत्र देकर महिला अधिवक्ताओं के लिए एक अलग महिला प्रसाधन बनवाये जाने का प्रार्थना पत्र दिया है।

महिला अधिवक्ताओं ने दिया प्रार्थना पत्र में कहा है कि तहसील परिसर में महिला अधिवक्ताओं के लिए एक साफ सुथरा वॉशरूम/शौचालय नहीं है जिस कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और गंदे शौचालय के कारण महिलाओं के स्वास्थ्य विपरीत असर हो रहा है उन्होंने मांग की कि बार के समीप एक अलग महिला प्रसाधन बनाए जाने का कष्ट करें। बाहर के महामंत्री संदीप अवस्थी ने बताया है कि बार प्रत्येक अधिवक्ताओं के हित में कार्य कर रही हैं बार ने महिलाओं के प्रार्थना पत्र आने से पूर्व ही मुख्य विकास अधिकारी खीरी को पत्र भेजा था और तत्काल इस ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया था। बार के अध्यक्ष रामकुमार गौतम, महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी एडवोकेट, उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार को प्रार्थना पत्र देने वालों में महिला अधिवक्ताओं में रजनी सिंहा, खदीजा जमाल, रिहाना अंसारी, मिथिलेश कुमारी सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थिति रही।

## फिरोजाबाद के कारखानों में फिर खनकने लगीं चूड़ियां, गैस महंगी होने से घट गया उत्पादन; त्योहार पर दिखेगा महंगाई का असर

**फिरोजाबाद।** गेल गैस लिमिटेड ने 15 दिन की खपत के आधार पर दो दिन पूर्व सामान्य दर से बिल कारखानेदारों को भेजे गए थे। इसके बाद धीरे-धीरे 50 प्रतिशत कारखानों में फिर से चूड़ियों की खनक सुनाई देने लगी है। फिर भी ओवर ड्रा की स्थिति से बचने के लिए अधिकांश उद्यमियों ने भट्ठी का आकार और बेलनों की संख्या कम कर उत्पाद घटा लिया है। वहीं गेल द्वारा प्रोविजनल बिल भेजने से उद्यमियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। खाड़ी देशों में युद्ध के चलते ताज संरक्षित क्षेत्र (टीटीजेड) में संचालित उद्योगों के लिए नेचुरल गैस का संकट खड़ा हो गया है। सरकार ने तीन बार में कांच उद्योग को मिलने वाली रिगैसीफाइड लिक्विड नेचुरल गैस (आरएलएनजी) कोटा में 45 प्रतिशत तक कटौती कर दी है। सभी इकाइयों को प्रतिदिन की खपत की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। खाड़ी देशों में युद्ध के चलते ताज संरक्षित क्षेत्र (टीटीजेड) में संचालित उद्योगों के लिए नेचुरल गैस का संकट खड़ा हो गया है। सरकार ने तीन बार में कांच उद्योग को मिलने वाली रिगैसीफाइड लिक्विड नेचुरल गैस (आरएलएनजी) कोटा में 45 प्रतिशत तक कटौती कर दी है। सभी इकाइयों को प्रतिदिन की खपत की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

# बाछेपारा में ईट पत्थर डंडों से लोग हुए लहू लुहान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नीमगांव खीरी-** बाछेपारा गांव में गन्ने के खेत को लेकर खूनी संघर्ष, कई घायल

बेहजम क्षेत्र के नीमगांव थाना अंतर्गत बाछेपारा गांव में गन्ने के खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि जमकर लाठी-डंडे, ईट-पत्थर और कुदाल चल गए। घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि राजेश के गन्ने के खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि विपक्षी पक्ष ने घेरकर हमला किया।

घटना में भोलू पुत्र श्रीकृष्ण के सिर में गंभीर चोट आई है, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं विनोद, विनय कुमार, सोमू, मुदित और दीपक सहित करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को बेहजम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना मिलने के बावजूद पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंच सकी, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। फिलहाल नीमगांव पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।पीड़ित पक्ष के अनुसार, यह विवाद एक दिन पहले भी हुआ था, जिसके बाद दूसरे पक्ष ने सुनियोजित तरीके से हमला किया। फिलहाल गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और पुलिस की आगे की कार्रवाई का इंतजार है।



# जीटी बनाम आरआरः कौन हैं गुजरात टाइटंस के गेंदबाज अशोक शर्मा? आईपीएल 2026 की सबसे तेज गेंद डालकर मचाई सनसनी

- **गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला**
- **कौन हैं गुजरात के अशोक शर्मा?**
- **अशोक शर्मा ने डाली आईपीएल 2026 की सबसे तेज गेंद**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के 23 वर्षीय तेज गेंदबाज अशोक शर्मा ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में तहलका मचा दिया। अशोक ने 154 से अधिक की गति से गेंदबाजी कर सभी को चौंका दिया और इसके बाद उनकी चर्चा चारों तरफ होने लगी है। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में आईपीएल 2026 की सबसे तेज गेंद फेंकी और एनरिक नॉर्ट्जे का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अशोक ने पंजाब के खिलाफ मुकाबले में अपना आईपीएल डेब्यू किया था। हालांकि, अपने दूसरे मैच में उन्होंने सनसनी मचा दी। अशोक पिछले कई सालों से आईपीएल की कई फ्रेंचाइजियों के साथ जुड़े रहे हैं। उन्हें गुजरात ने 2026 में अपने साथ जोड़ा और डेब्यू का मौका दिया। अपने दूसरे मैच में ही शर्मा ने अपनी प्रतिभा दिखाई और तेज गति से गेंदबाजी कर सभी चौंका दिया है।

### कौन हैं गुजरात टाइटंस के गेंदबाज अशोक शर्मा?

अशोक शर्मा 23 वर्ष के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। उनका जन्म 17 जून 2002 को राजस्थान में हुआ था। उन्होंने अपनी तेज गति और स्विंग करने की क्षमता से कई लोगों को प्रभावित किया था। शर्मा गेंद को दोनों तरफ से स्विंग करा सकते हैं। वे पहले राजस्थान रॉयल्स के लिए नेट बॉलर रह चुके हैं। उन्होंने ट्रायल के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स को भी प्रभावित किया था और 2022 में उन्हें केकेआर ने 55 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा था।

आईपीएल 2025 के दौरान अशोक राजस्थान में चले गए, जहां वे नेट गेंदबाज रहे। इसके बाद 2026 के ऑक्शन में गुजरात ने 90 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। उनका डेब्यू पंजाब के खिलाफ मुकाबले में हुआ, जहां उन्होंने एक विकेट हासिल किया था। राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में भी दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 4 ओवर में 37 रन खर्च करते हुए एक विकेट अपने नाम किए। उन्होंने अब तक 11 टी20 मैच अपने करियर में खेले हैं और 33 विकेट अपने नाम किए हैं।

### आईपीएल 2026 की सबसे तेज गेंद

अशोक ने आईपीएल 2026 की सबसे तेज गेंद डाली। उन्होंने 154.2 की गति से गेंदबाजी की। इससे पहले सीजन में सबसे तेज गेंद डालने का रिकॉर्ड नॉर्ट्जे के नाम पर दर्ज था। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 150.9 की गति से गेंदबाजी की थी। तीसरे स्थान पर कार्तिक त्यागी का नाम है, जिन्होंने 149.7 की गति से गेंदबाजी की थी।

## प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत मंडल मैगलगंज में दो दिवसीय कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ




**मैगलगंज खीरी** में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत मंडल मैगलगंज में दो दिवसीय कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रथम सत्र का उद्घाटन कस्ता विधायक सौरभ सिंह 'सोनू' ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए भाजपा को कार्यकर्ता आधारित पार्टी बताया। पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया, वहीं जिला महामंत्री मनोज वर्मा ने प्रशिक्षण के महत्व को बताया जिला मंत्री अमित सिंह उपस्थित रहे संचालन श्यामकिशोर तिवारी ने किया। मंडल अध्यक्ष राममोहन गुप्ता,महामंत्री अनिल राठौर,अनित्य अवस्थी एव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लखीमपुर ब्लाक में सड़कों की बदहाली, मानक विहीन निर्माण पर उठे सवाल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर ब्लाक क्षेत्र में सड़कों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। ग्राम सौठन करनपुर से लेकर धनिगवां, बरौला, गुरप्रीत फार्म, गोला रोड से निपनियां, बिझौली, प्रतापपुर से नीमगांव तक सड़कें पूरी तरह जर्जर स्थिति में हैं। कहीं सड़क गड्ढों में है तो कहीं गड्ढे ही सड़क बन चुके हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रतापपुर से नीमगांव तक सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर बताया जा रहा है, लेकिन मौके पर देखा गया कि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जब इस संबंध में रिपोर्टर शमशेर खान ने संबंधित जेई (जूनियर इंजीनियर) से जानकारी लेने का प्रयास किया, तो उन्होंने स्पष्ट जवाब देने के बजाय रिपोर्टर को ही मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दे डाली। उनका कहना था कि 'खबर छापनी है तो छापते रहो ', जिससे यह प्रतीत होता है कि उन्हें उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। क्षेत्र की जनता में प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब ध्यान देता है और क्षेत्रवासियों को राहत मिलती है।

# गोला चैती मेले के ऐतिहासिक मंच पर जूनियर गायन प्रतियोगिता का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**5 अप्रैल 2026 को चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर सीनियर गायन प्रतियोगिता सायं सात बजे से।**

**गोला गोकर्णनाथ।** छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती 2025 के सातवें दिन सांस्कृतिक मंच पर जूनियर वर्ग गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता के मुख्यअतिथि आदर्श नगर पंचायत मैलानी चेयरपर्सन कीर्ति महेश्वरी, कार्यक्रम अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य शिवनंदन वर्मा, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक नत्थूलाल अवस्थी, मा अन्नपूर्णा रसोई कोषाध्यक्ष आदर्श सोनी, क्षेत्रीय अध्यक्ष रोडवेज कर्मचारी संघ, प्रमोद मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा गुरमीत कौर, जिलाध्यक्ष बेसिक हेल्थवर्कर एसोशिएशन स्वास्थ्य विभाग दीपक मिश्रा, सेवानिवृत्त पालिका कर्मी श्रीराम शुक्ला, समाजसेवी सुरेश प्रजापति, पूर्व प्रधान ललित वर्मा, समाजसेवी धनेश शुक्ला एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने द्वीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

तत्पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया तथा पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि आदर्श नगर पंचायत मैलानी चेयरपर्सन कीर्ति महेश्वरी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि,' नगर पालिका प्रशासन एक परिवार की तरह कार्य कर रहा है इसके परिणामस्वरूप चैती मेला अपनी भव्यता को प्रास कर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ आर्यन गुप्ता के अभिनय गीत ,डांस का भूत, से हुआ। इसके बाद, उपास्ती डे,हरे राम हरे राम कृष्णा कृष्णा हरे राम, आकृति गुप्ता, घर मोरे परदेशिया, कृतिका जायसवाल, मैनू शरारत शिखावा जद् नैना लड़ावा, परिधि गुप्ता ,घाघरा राधा, आध्या, मैनू शरारत शिखावा जद् नैना लड़ावा, परी साहनी, मैने पायल है छनकाई अब आजा तू हरजाई,आर्यमान दीक्षित, आरम्भ है प्रचन्ड है, समृद्धि, शरारत शिखावा धूरन्धर मूवी, गायन प्रतियोगिता जूनियर वर्ग आयु सीमा 15 वर्ष तक के निर्णायक सुनील यादव लखीमपुर और कपिलश फाउंडेशन अध्यक्ष शिप्रा खरे के सयुक्त निर्णय में अल्तमश खान प्रथम, वंशिका द्वितीय तथा आध्या वर्मा तृतीय स्थान पर रही।

# नयागांव विद्यालय में विदाई एवं पुरस्कार समारोह धूमधाम से सम्पन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैगलगंज, खीरी!** विकास खंड पसगवां के उच्च प्राथमिक विद्यालय नयागांव में विदाई एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात बच्चों ने मैं बेटी हूं सहित कई रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने खूब सराहा। समारोह का संचालन प्रधानाध्यापक विजय मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पत्रकार नरेंद्र मिश्रा, सूबेदार मेजर अनंगपाल सिंह, ग्राम प्रधान रंजीत सिंह राणा, प्राथमिक विद्यालय नयागांव के दिनेश मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे आयोजनों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार निर्माण के लिए आवश्यक बताया।

## फिरोजाबाद में सीबीसीआइडी के सिपाही ने डीफार्मा की छात्रा को किया अगवा, पुलिस जुटी तलाश में



**शिकोहाबाद (फिरोजाबाद)।** शहर के एक मुहल्ले से 31 मार्च को कालेज जाते समय सीबीसीआइडी आगरा का सिपाही डीफार्मा की छात्रा को कार में जबरन डालकर अगवा कर ले गया। सिपाही छात्रा का सगा जीजा है। पुलिस ने सिपाही सहित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 22 वर्षीय बेटी डी-फार्मा कर रही है। मंगलवार सुबह नौ बजे वह घर से कालेज जा रही थी। तभी रास्ते में उसके दामाद राजकुमार निवासी यादव कालोनी ने अपने चालक राहुल के साथ गाड़ी से बेटी को अगवा कर लिया। उसे जबरन कार में बिठाकर ले गए। जानकारी होने पर उन्होंने फोन कर बेटी से संपर्क करने के प्रयास किए, लेकिन बात नहीं हो रही। इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने बताया कि दोनों युवकों को नामजद किया है। उनकी तलाश की जा रही है। मामले में जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली हाफ मैराथन को लेकर 5 अप्रैल को कई मार्गों पर रहेगा डायवर्जन, ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**» 5 अप्रैल को दिल्ली हाफ मैराथन के कारण ट्रैफिक डायवर्जन।**

**» दक्षिण दिल्ली के प्रमुख मार्गों पर सुबह 5:30 बजे से असर।**

**» ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर बचने की सलाह दी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार को जेएलएन स्टेडियम में 'PNB सॉलिडरेशन दिल्ली हाफ मैराथन' का आयोजन होने जा रहा है। सुबह 5:30 बजे से शुरू होने वाले इस इवेंट के कारण दक्षिण दिल्ली के कई प्रमुख रास्तों पर ट्रैफिक को रेगुलेट और डायवर्ट किया जाएगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर बताया कि मेहर चांद मार्केट सिग्नल, कोटला रेड लाइट, सेकंड एवेन्यू रोड-जोर बाग क्रॉसिंग, फोर्थ एवेन्यू रोड-जोर बाग क्रॉसिंग और लाला लाजपत राय कट (CBI बिल्डिंग) पर ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। भारी वाहनों की आवाजाही बी.पी. मार्ग और लोधी रोड पर सुबह 5 बजे से 10 बजे तक प्रतिबंधित रहेगी।

ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि इन इलाकों में बी.पी. मार्ग, सीजीओ कॉम्प्लेक्स रोड, सेकंड एवेन्यू रोड और फोर्थ एवेन्यू रोड पर भारी जाम की आशंका है। इमरजेंसी वाहनों (एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस आदि) को फ्री पासेज दिया जाएगा, लेकिन उन्हें जहां संभव हो बी.पी. मार्ग और सीजीओ कॉम्प्लेक्स रोड से बचने की सलाह दी गई है।

### इन मार्गों पर रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

मेहर चंद मार्केट सिग्नलः सेवा नगर, जोर बाग एवं आईएनए से आने वाले भारी वाहनों को फोर्थ एवेन्यू रोड एवं सेवा नगर मार्केट रोड के रास्ते अरोबिंदो मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

कोटला रेड लाइटः कोटला मुबारकपुर, डिफेंस कॉलोनी एवं एंड्र्यूज गंज से आने वाले ट्रैफिक को डिफेंस कॉलोनी मार्केट रोड की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

सेकंड एवेन्यू रोड-जोर बाग क्रॉसिंगः खन्ना मार्केट एवं लोधी कॉलोनी से आने वाले ट्रैफिक को जोर बाग रोड की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

फोर्थ एवेन्यू रोड-जोर बाग क्रॉसिंगः सेवा नगर एवं जोर बाग से आने वाले ट्रैफिक को जोर बाग रोड की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

लाला लाजपत राय कट (CBI बिल्डिंग): मूलबचंद से आने वाले ट्रैफिक को जेएलएन रोड की ओर बाएं मुड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी और इसे मथुरा रोड के रास्ते दिल्ली चिड़ियाघर की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि प्रभावित रूट से बचें, यात्रा की पहले से प्लानिंग करें, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट या अस्पताल जाने वालों को अतिरिक्त समय रखें और जहां संभव हो पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें।

# संक्षिप्त खबरें

## मुख्यमंत्री ने 'स्कूल चलो अभियान' का किया शुभारंभ, कलेक्ट्रेट में हुआ सजीव प्रसारण



**भदोही।** प्रदेश में शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करने और प्रत्येक बच्चे का नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के शिवपुर कंपोजिट विद्यालय से 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया, जहां जनपद के अधिकारियों व शिक्षकों ने भाग लिया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला सहित अन्य अधिकारियों ने डिजिटल माध्यम से मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि अभियान का लक्ष्य हर बच्चे को स्कूल से जोड़ना और उन्हें बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस दौरान अधिकारियों और शिक्षकों ने जिले में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए शिक्षक घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करें तथा ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित कर हर बच्चे को विद्यालय तक लाया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप इस अभियान को मिशन मोड में चलाया जाएगा, जिससे बुनियादी शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## इनामी गांजा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार




**भदोही।** जनपद पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरजनपदीय गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने 50 हजार रुपए व 25 हजार रुपए के इनामिया समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 22 किलो 360 ग्राम अवैध गांजा, 1900 रुपए नकद तथा एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में थाना भदोही पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर फत्तूपुर पावर हाउस के पास चेकिंग के दौरान कार्रवाई की। इस दौरान गांजा तस्करी कर रहे गिरोह के तीन आरोपियों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में राजू पुत्र कल्लू उर्फ अनवर, 25 हजार रुपए इनामिया सोनू पुत्र लाले तथा 50 हजार रुपए इनामिया कल्लू उर्फ अनवर पुत्र जलालुद्दीन निवासी कस्बा सुरियावां शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के पास से बरामद गांजा बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था और प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी चोरी की बताई गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे कपसेठी क्षेत्र से सस्ते दामों में गांजा खरीदकर विभिन्न स्थानों पर ऊंचे दामों में बेचते थे और मुनाफे को आपस में बांटते थे। पुलिस ने इस मामले में थाना भदोही पर मु0अ0सं0 150/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व 207 एमवी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी लंबा है और विभिन्न जनपदों में कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। कार्रवाई में थाना भदोही पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बीडीओ ने बैठक कर विकास कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

**हलिया, मीरजापुर।** शनिवार को स्थानीय ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने सचिवों संग बैठक कर जी राम जी के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहां की जिन गांवों में आवास की प्रगति ठीक नहीं है उसे तीन दिवस के अंदर ठीक कराएं नहीं तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी बताया कि जिन गांवों में किसनों की फार्मर रजिस्ट्री अभी नहीं हो पाई है उसमें तत्काल पूर्ण कराने को कहा। संचारी रोग नियंत्रण में गाँव में साफ सफाई व आयुष्मान कार्ड में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके साथ-साथ अन्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर प्रगति सुधारने को कहा। बीडीओ ने ब्लॉक सभागार में बैठक कर आयुष्मान कार्ड के साथ शेष फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करें।आयुष्मान कार्ड में तेजी लाने को कहा। बताया कि विंध्य स्वच्छता मार्ट बनवाने को कहा। मुख्यमंत्री आवास में तेजी लाने के लिए निर्देश दिया। इस मौके पर उपस्थित रहे। सचिव कौशलेंद्र राय, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, बालकृष्ण, सौरभ यादव, मनोज गौड, संतोष आदि सचिव उपस्थित रहे।

# 25 हजार का इनामिया चोर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** चुनार पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है मोटरसाइकिल चोरी में वांछित 25 हजार रुपए के इनामिया अभियुक्त को कोतवाली क्षेत्र के जमुई नेशनल हाईवे अंडर पास से शनिवार की सुबह 9.10 मिनट पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी लम्बे समय से फरार चल रहा था और पुलिस से बचने के लिए लगातार लोकेशन बदल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रामबाबू बिन्द पुत्र मुरली बिन्द निवासी कलना थाना विंध्याचल जनपद मीरजापुर के रूप में हुई है। इसके खिलाफ जनपद विंध्याचल थाने में मुकदमा दर्ज है।

कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि 03 अगस्त 2025 को चोरी की दो चार पहिया वाहन व दो पहिया वाहनों के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। जबकि मौके का फायदा उठाते हुए रामबाबू बिन्द कलना विंध्याचल मीरजापुर व अशीष बिन्द सिकरी मांडा जनपद प्रयागराज फरार होने में सफल रहे।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर फरार व इनामिया अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी मंजरी राव पर्यवेक्षण में स्वयं कोतवाल विजय शंकर सिंह उपनिरीक्षक हरिशंकर सिंह यादव हेड कांस्टेबल विमलेश कुमार सिंह, अरविंद यादव, विनय राय, कांस्टेबल भानू प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम जमुई में सक्रिय थी। सूचना मिलने पर टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को जमुई हाइवे के अंडर पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुछताछ सामने आया कि आरोपी 03 अगस्त 2025 में चार पहिया वाहन व मोटरसाइकिल चोरी जैसे गम्भीर अपराधों में सक्रिय रहा है। अपने गिरोह के साथ विभिन्न क्षेत्रों में कई वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस से बचने के लिए आरोपी अपने परिवार से अलग हो कर अन्यत्र क्षेत्रों में रह रहा था। इसके गिरोह के अन्य सदस्य पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। पुलिस ने उक्त अभियुक्त को कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय को भेज दिया।

## शांति भंग की आशंका में 19 गिरफ्तार, 157 वाहनों का चालान




**भदोही।** जनपद पुलिस ने कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए शांति भंग की आशंका में कुल 19 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेजा गया। पुलिस के अनुसार, थाना ज्ञानपुर क्षेत्र से 3, औराई से 6, भदोही से 7, दुर्गागंज से 1 तथा चौरी क्षेत्र से 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 150 दोपहिया व 7 चारपहिया सहित कुल 157 वाहनों का चालान किया। इस दौरान 1 लाख 65 हजार 600 रुपए का समन शुल्क वसूला गया तथा एक वाहन को सीज किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और यातायात नियमों के पालन के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 59 शिकायतें, 9 का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** शासन की मंशानुरूप जनपद की सभी तहसीलों में शनिवार को 'संपूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। तहसील औराई में जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 59 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 9 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को 15 दिन के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अंतरविभागीय समन्वय पर बल देते हुए प्रत्येक राजस्व एवं पुलिस टीम के लिए एक-एक अधिकारी को टीम लीडर नामित किया और निर्देश दिया कि शिकायतों का उसी दिन स्थलीय निरीक्षण कर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अवैध कब्जों को हटाने, ग्राम समाज, तालाब व खलिहान की भूमि को चिन्हित कर सुरक्षित करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।




समाधान दिवस के दौरान विद्युत विभाग के 7 तथा जल निगम के 4 प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। वहीं अन्य तहसीलों–ज्ञानपुर व भदोही–में भी उप जिलाधिकारियों की मौजूदगी में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड, पेंशन, मिशन शक्ति सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ भी दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से कर फरियादियों की संतुष्टि सुनिश्चित की जाए, जिससे उन्हें उच्च स्तर पर शिकायत करने की आवश्यकता न पड़े।

# पूर्व प्रमुख के भतीजे राजेश सिंह ने गोलीमार कर दे दी जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के सारीपुर गांव मे राजेश कुमार सिंह (अन्नू) 56 वर्ष ने अपने पुश्तैनी मकान के उपरी मंजिल स्थित कमरे मे लाइसेंसी राइफल से उस समय आत्म हत्या कर लिए जब परिवार का कोई सदस्य घर में मौजूद नही था ,अचानक हुई इस घटना से पूरा परिवार पर गम का पहाड़ टूट गया है,पूर्व प्रमुख दिनेश कुमार सिंह के भतीजे अन्नू सिंह वर्ष 2005 मे काशी नरेश राजकीय महाविद्यालय मे छात्र संघ का चुनाव मे अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ चुके है,दो भाई मे छोटे, मृतक को एक पुत्र एक पुत्री है।

पूर्व प्रमुख दिनेश सिंह के परिवार के सभी सदस्य परिवार सहित वाराणसी रहते है,ईट भट्ठा व अन्य काम देखने के लिए गांव मे आते जाते थे। शनिवार को लगभग 11.30 बजे वाराणसी से गांव पहुचे अन्नू सिंह मकान मे स्थित दूसरे मंजिल पर स्थित कमरे में पहुचे कुछ देर बाद लाइसेंसी




राइफल से सर मे गोली मार लिया, इस दौरान खाना लेकर नौकर कमरे में पहुचा तो अवाक रह गया। सूचना पर परिवार के साथ पुलिस की टीम मौके पर पहुच गई, फारेसिंक टीम घटना स्थल का मौका मुआयना कर राइफल के साथ शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम को भेज कर आवश्यक कार्यवाही में जुटी। भाई संजय सिंह ने थाने मे तहरीर देकर अवगत कराया कि तीन वर्ष से दिमागी रुप से अस्वस्थ चल रहे थे जिसका इलाज चल रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पहुच गए।

## नए ट्रैक पर दौड़ने जा रही है आगरा मेट्रो, बिजलीघर से आइएसबीटी तक चलेगी अब इसी महीने

आगरा। उप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) की टीम ने आइएसबीटी से बिजलीघर चौराहा तक टनल का कार्य पूरा कर लिया है। 12 अप्रैल को बिजलीघर चौराहा से आइएसबीटी तक डाउन लाइन में मेट्रो का परीक्षण होगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। मेट्रो को पांच से 10 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलाया जाएगा। अप लाइन का परीक्षण चल रहा है। मेट्रो का पहला कारिडोर 14 किमी लंबा है। टीडीआइ माल फतेहाबाद रोड से बिजलीघर चौराहा तक मेट्रो का संचालन हो रहा है। अब बिजलीघर चौराहा से आइएसबीटी तक सभी स्टेशन बनकर तैयार हो गए हैं। इसमें एसएन मेडिकल कालेज, आगरा कालेज, राजा की मंडी, आरबीएस कालेज, आइएसबीटीशामिल हैं। चार स्टेशन भूमिगत और एक एलीवेटेड है। संयुक्त महाप्रबंधक जनसंपर्क पंचानन मिश्र ने बताया कि टनल के 100 मीटर का हिस्सा पूरा न होने के कारण डाउन लाइन में परीक्षण नहीं हो पा रहा था। यह कार्य अब पूरा हो गया है। 12 अप्रैल से डाउन लाइन में परीक्षण शुरू होगा। एक

# मंडी में अन्नदाता का सम्मान, डीएम-एसपी ने किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जनपद में संचालित गेहूं क्रय व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने मण्डी समिति गोपीगंज स्थित गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। आवश्यक उपकरण–इलेक्ट्रॉनिक कांटे, नमी मापक यंत्र, ई-पॉप मशीन व लैपटॉप आदि उपलब्ध रहे। इस दौरान ग्राम तिलंगा निवासी किसान विजय शंकर मिश्रा द्वारा लाए गए लगभग 20 कुंतल गेहूं की तौल जिलाधिकारी ने स्वयं प्रारंभ कराई। उन्होंने किसान को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और किसी भी समस्या पर तुरंत सूचना देने को कहा। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 33 गेहूं क्रय केंद्र संचालित हैं, जिनमें खाद्य विभाग के 17, पीसीएफ के 15 तथा भारतीय खाद्य निगम का 1 केंद्र शामिल है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानों को जोड़कर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद सुनिश्चित की जाए। उन्होंने केंद्रों पर पारदर्शिता बनाए रखने, किसानों से सम्मानजनक व्यवहार करने तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही खरीद करने के निर्देश दिए। बताया गया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति कुंतल



निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष से 160 रुपए अधिक है। किसानों के पंजीकरण की सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध है, जहां वे मोबाइल, किसान मित्र ऐप या साइबर कैफे के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। भुगतान सीधे आधार लिंक्ड बैंक खातों में किया जाएगा।

# नगर विधायक के सख्त निर्देश पर पीपा पुल पर पुनः आवागमन प्रारंभ

● **नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र जी कल शाम को पीपा पुल का निरीक्षण करने पहुंचे थे और रात को ही सही कराने के सख्त निर्देश भी दिए थे**

**पी डब्लू डी के अथक प्रयास से रात 11 बजे तक मां गंगा का जल स्तर बढ़ने के बावजूद भी मशीन की मदद से मिट्टी पटवाकर पीपा पुल का किया गया पुनः प्रारंभ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विंध्याचल।** गंगा नदी पर हरसिंहपुर-विंध्याचल को जोड़ने वाले पीपा पुल में गुरुवार को गंगा का जल स्तर बढ़ने से बीच का हिस्सा डूब गया था। इससे चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया, जबकि दो पहिया वाहन और पैदल यात्रियों



को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की मुश्किलें देखते हुए नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र शुक्रवार को शाम पीपा पुल का निरीक्षण कर उसे रात को ही सही करने के सख्त निर्देश दिए थे।

उनके कड़े निर्देश पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की टीम ने रात 11 बजे तक अथक प्रयास किए। मां गंगा का जलस्तर बढ़ने के बावजूद विभाग की टीम ने मशीनों की मदद से मिट्टी भरकर बाढ़ से प्रभावित हिस्से को रातों रात सुधार दिया गया। इस तेज कार्यवाही के कारण शुक्रवार सुबह से पुल पर आवागमन सामान्य रूप से शुरू हो गया। चार पहिया वाहन सहित सभी प्रकार के यातायात आसानी से हो पा रहा है।

विधायक के इस त्वरित और सराहनीय हस्तक्षेप से आसपास के कई गांवों के निवासी बेहद खुश हैं। उन्होंने इसे जनसेवा की मिसाल बताया। वहीं, विभागीय अधिकारियों में भी विधायक के सख्त रुख की चर्चा हो रही है। पीपा पुल के बहाल होने से विंध्याचल धाम आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है।

# स्वच्छ भारत मिशन को धता बता रहा मझगवा का सामुदायिक शौचालय, गंदगी से परेशान ग्रामीण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतामढ़ी।** विकासखंड डीघ के ग्राम पंचायत मझगवा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित सामुदायिक शौचालय इन दिनों बदहाली का शिकार है। सरकार जहां एक ओर गांवों को खुले में शौच से मुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, वहीं मझगवा का यह शौचालय भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार शौचालय परिसर में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे वहां जाना भी जोखिम भरा हो गया है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ लोगों ने बताया कि शौचालय में नियुक्त केयरटेकर कभी भी नियमित रूप से नहीं आती, जिसके चलते साफ-सफाई की स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है। दुर्गंध और गंदगी के कारण कोई भी ग्रामीण इसका उपयोग नहीं कर रहा है। स्थिति यह है कि आधुनिक सुविधाएं होने के बावजूद ग्रामीण आज भी खुले में शौच के लिए मजबूर हैं, जो स्वच्छ भारत मिशन की मंशा पर सवाल खड़ा करता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि नवागत ग्राम प्रधान द्वारा शौचालय को प्राथमिक विद्यालय परिसर के अंदर कर दिया गया है, जिससे यह बाउंड्री के भीतर सीमित हो गया है और आम लोगों की पहुंच बाधित हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कराते हुए शौचालय की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके और गांव को स्वच्छ बनाने का सपना साकार हो सके।

## बिजली विभाग के एसी ने पावर हाउस सहित क्षेत्र का किया निरिक्षण

### लाइन मैनों को दिया आवश्यक निर्देश



**हलिया, मीरजापुर।** शनिवार को बिजली विभाग के एसी अंकुर अवस्थी ने क्षेत्र में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति बहाली के लिये बरी स्थित पावर हाउस के पांचों फीडर का औचक निरीक्षण किया इस दौरान लाइन मैनों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि तार के पास लगे पेड़ों की कटिंग तत्काल करें जिससे उपभोक्ताओं को रोस्टर के अनुसार बिजली मिलने में कोई परेशानी न हो। विगत दो वर्ष से पेड की कटिंग न होने से थोड़ा भी हवा चलने पर रोस्टर से 18 घंटे बिजली आपुर्ति के जगह ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रिपिंग के कारण मात्र 5 से 6 घंटे बिजली की आपुर्ति मिल रही है जिससे इनवर्टर जार्ज भी नहीं हो पा रहा है। एसी ने क्षेत्र भ्रमण कर पावर हाउस पर मौजूद लाइन मैनों को कहा कि 15 से 20 अप्रैल तक पेड़ों की कटिंग करा कर ट्रिपिंग की समस्या का निदान करें इसके लिये अदवा फीडर, कोटा फीडर, हलिया, बरहुला, ड्रमण्डगंज पांचों फीडर पर नियुक्त लाइन मैनों को हिदायत दी है।

# सड़क दुर्घटना में पंचायत सहायक व बच्चा पति घायल

● **एडीयो पंचायत हलिया रूपेश श्रीवास्तव ने पंचायत सहायक को एंबुलेंस से भिजवाया अस्पताल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के रजई कटाई बबुरहिया मे हुए सड़क दुर्घटना में पंचायत सहायक व बच्चा पति घायल प्राप्त जानकारी के अनुसार हलिया थाना क्षेत्र के गौरवा गांव निवासी अवधेश कुमार 38 वर्ष व उसकी पत्नी प्रमिला 35 वर्ष व 1 वर्ष का साथ में बच्चा लेकर लालगंज थाना क्षेत्र के मेडरा गांव में रिश्तेदार के घर जा रहा था जैसे ही रजई कटाई गांव के पास पहुंचा वैसे ही अज्ञात वाहन की टक्कर से पति-पत्नी घायल हो गए बाइक क्षतिग्रस्त हो गई तहसील दिवस से लौट रहे हलिया ब्लॉक के कर्मचारी एडीयो पंचायत रूपेश श्रीवास्तव मौके पर तुरंत एंबुलेंस बुलाकर ग्रामीणों की सहायता से हॉस्पिटल भिजवाए मौके पर तब तक तुरंत मौके पर हलिया थाना प्रभारी तहसील से वापस घटना स्थल पर पहुंचे राजू श्रीवास्तव ने घटना की जानकारी तिलांव चौकी प्रभारी को सूचना दिए तुरंत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गौरवा प्रशांत कुमार दुबे को सूचना दिया गया मौके पर पहुंचे प्रशांत कुमार दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि लालगंज सीएससी से चोट ज्यादा होने के नाते जिला अस्पताल के



लिए रेफर कर दिया गया मरीज को। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल में जुटी खबर लिखे जाने तक घटा करने वाली गाड़ी का पता नहीं लगा चल पाया था।

# थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा 02 पिकअप वाहनों पर क्रूरता पूर्वक बांधकर वध हेतु ले जा रहे 11 राशि गोवंश बरामद, 02 गो-तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा वांछित, वारण्टी, इनामियां अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं गो-तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षको को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

उक्त निर्देश के क्रम मे जनपद में गो-तस्करी तथा इसमें संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध अभियान चलाकर लगातार अलग-अलग थाना क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही भी की जा रही है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में शुक्रवार को थाना विन्ध्याचल पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिरी सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्रांतर्गत गैपुरा चौराहे के पास से 02 पिकअप वाहन सवार 02 नफर अभियुक्तगण 1. संजय कुमार यादव पुत्र जयनाथ निवासी रसार थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज व 2. रामू यादव पुत्र फूलचन्द यादव निवासी रसार थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त पिकअप वाहनों में क्रूरता पूर्वक बांध कर वध हेतु ले जाये जा रहे कुल 11 राशि गोवंशो को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-



84/2026 धारा 3/5a/8 गोवध निवारण अधिनियम 11 पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधि. पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को जेल भेजा गया। गो तस्करी की घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन संख्या UP 36 AT 3793 व UP 32 RN 5646 को 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के प्रथम दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़, मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी सीखड़ मंडल द्वारा आयोजित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत चुनार विधानसभा के सीखड़ स्थित बाढ़ राहत केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने संगठन की मजबूती पर विशेष बल दिया उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार उनके समर्पित और कर्मद का करता है जो निष्ठा और सेवा भाव के साथ संगठन आगे बढ़ा रहा है उक्त कार्यक्रम को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने भारतीय जनता पार्टी के गौरवशाली इतिहास, संगठन की मूल विचारधारा, राष्ट्रसेवा की परंपरा एवं समर्पण भाव पर विस्तृत चर्चा की। भारतीय जनसंघ से लेकर आज तक की पार्टी की यात्रा,



कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के संघर्ष, त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए यह साझा किया। पूर्व जिला महामंत्री एवं सीखड़ मण्डल प्रभारी रमेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र नारायण सिंह, डॉ सी एल बिंद आलोक सिंह, संतोष शुक्ला, पूर्व चेयरमैन विजय वर्मा मण्डल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल, पूर्व चेयरमैन जिला सहकारी बैंक लोक नारायण, जिला मंत्री विजय पटेल मारकंडे सिंह दिनेश सिंह एडवोकेट ने भी संबोधित किया उक्त का अवसर पर फुलगेन सिंह रणवीर प्रताप सिंह राजेश सिंह राहुल त्रिपाठी मण्डल मंत्री आनंद शर्मा, नीरज सिंह, अनूप सिंह, ज्ञानधर शुक्ला, शीथलेश्वर पाठक, रमाशंकर राजभर, दिनेश मिश्रा संजय मिश्रा, सुनील पाल, महिला मोर्चा की रीमा शर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम के अवसर पर जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सरोज का मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।

## आगरा में ट्रांसपोर्टर की मौतः परिवार ने बताया हत्या की साजिश, जीएसटी अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप

**आगरा।** शाहगंज क्षेत्र निवासी ट्रांसपोर्टर असगर अली की शुक्रवार आधी रात मल्ल का चबूतरा क्षेत्र में कार की टक्कर से मौत हो गयी। स्वजन ने हादसे के पीछे साजिश की आशंका जताई है। स्वजन का आरोप है कि ट्रांसपोर्टर ने एक जीएसटी अधिकारी के भ्रष्टाचार की शिकायत विभाग और लोकायुक्त से की थी। जिसे वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा था। मामले में पुलिस का कहना है कि हादसे का सीसीटीवी फुटेज मिला है। कार मालिक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। शाहगंज के भोगीपुरा स्थित मेवाती गली निवासी 51 वर्ष के ट्रांसपोर्टर असगर अली जूता व्यापारियों का माल लेकर चालक लोकेंद्र के साथ शुक्रवार की रात जयपुर जयपुर जा रहे थे। रात लगभग एक बजे फतेहपुर सीकरी में कौरई टोल के पास जीएसटी के सचल दल ने ट्रक को रोक लिया। माल के पूरे बिल उनके पास थे। उन्होंने सचल दल से कागजात देखने को कहा, लेकिन उसने नहीं सुनी। असगर अली को टोल के पास उतारने के बाद ट्रक को चालक समेत जयपुर हाउस स्थित कार्यालय पर लेकर आ गए। ट्रांसपोर्टर के बेटे अब्दुल ने बताया कि शनिवार सुबह लगभग पांच बजे मल्ल का चबूतरा में अपने गोदाम के पास के पिता के खून से लथपथ हालत में पड़े होने की सूचना लोगों ने दी। पिता को एसएन मेडिकल कालेज की इमरजेंसी लेकर गए, चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के पीछे स्वजन की साजिश की आशंका जता रहे हैं। बेटे अब्दुल ने बताया कि नवंबर 2025 में माल लेकर जाते ट्रक को जीएसटी की टीम ने पकड़ा था। पिता से साढ़े चार लाख रुपये टैक्स लेकर उन्हें 3.06 लाख की रसीद दी थी। पिता ने एक जीएसटी अधिकारी के भ्रष्टाचार की शिकायत विभाग के उच्च अधिकारियों और लोकायुक्त से की थी। विभाग द्वारा शिकायत वापस लेने का दबाव पिता पर बनाया जा रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### बीजेपी के दो दिग्गज नेताओं के बीच रार! नोकझोंक के बाद मारपीट; गेस्ट हाउस में बवाल



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जहां एक ओर विपक्षी दल सक्रिय हैं, वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के अंदर भी कई जगहों पर मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं। रानीगंज विधानसभा क्षेत्र में आयोजित BJP के प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां पार्टी के दो बड़े नेताओं के समर्थक आमने-सामने आ गए। ये कार्यक्रम दिलीपपुर बाजार स्थित भव्या गेस्ट हाउस में चल रहा था। शुक्रवार को दिलीपपुर बाजार स्थित भव्या गेस्ट हाउस में पृथ्वीगंज मंडल का प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में नए लोगों को पार्टी से जोड़ने और 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की जानी थी। कार्यक्रम के दौरान रानीगंज के पूर्व BJP विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा अपने समर्थकों के साथ बैठक कर रहे थे। इसी दौरान समाजवादी पार्टी सरकार में मंत्री रह चुके और वर्तमान में बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रो. शिवाकांत ओझा भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए। जैसे ही वह अपने समर्थकों के साथ गेस्ट हाउस के गेट पर पहुंचे, अंदर मौजूद धीरज ओझा भी बाहर आ गए। दोनों नेताओं के आमने-सामने आते ही उनके समर्थकों के बीच अपने-अपने नेता के समर्थन में नारेबाजी शुरू हो गई। धीरे-धीरे यह नोकझोंक बढ़ती गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि मारपीट की नौबत आ गई।

### दारोगा ने सरेआम अभद्र भाषा का किया इस्तेमाल, वीडियो हुआ वायरल; अलीगढ़ में सीओ को सौंपी गई जांच

**अलीगढ़।** महुआखेड़ा में शुक्रवार देर शाम एक युवक द्वारा खुद को जान-माल की धमकी मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस का एक अन्य युवक से विवाद हो गया। इस दौरान महुआखेड़ा थाने में तैनात दारोगा का उक्त घटना के संबंध में अभद्र भाषा के प्रयोग का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। इस मामले का संज्ञान लेते हुए एसएसपी ने जांच सीओ द्वितीय को सौंपी है। देवसैनी क्षेत्र निवासी और भाजयुमो से जुड़े कुंवरजीत ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी कि वह विजडम स्कूल के पास खड़ा है। हरदुआगंज के ग्वालरा क्षेत्र निवासी एक युवक ने उसे फोन पर जान से मारने की धमकी दी है। सूचना पर पहले पीआरवी और बाद में संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान कुंवरजीत के पास से गुजर रही एक स्कार्पियो को संदेह के आधार पर दारोगा ने रुकवा लिया। वाहन में महुआखेड़ा क्षेत्र का एक युवक सवार था। हालांकि कुंवरजीत ने उस युवक को पहचानने से इनकार करते हुए उससे किसी प्रकार के विवाद से संबंध न होने की बात कही। इसके बाद खुद को बेवजह रोके जाने से नाराज स्कार्पियो सवार युवक और पुलिस के बीच कहासुनी हो गई। विवाद के दौरान दारोगा द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने का वीडियो किसी ने बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। सीओ द्वितीय धनंजय सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। दारोगा मानवीर की जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कुंवरजीत की तहरीर मिलने पर जांच के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### आगरा में आंधी-तूफान और बारिश ने मचाया कहर: कई इलाकों में बिजली हुई गुल, मकान की छत ढहने से 7 लोग घायल

**आगरा।** धूल भरी आंधी के साथ ही शुक्रवार रात को गरज चमक के साथ ओले और बारिश का कहर बरपा। अधिकतम 75 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चली आंधी में बिजली के खंभे और पेड़ टूट गए। हॉर्डिंग और टिन शेड उड़ गए। फतेहपुर सीकरी में मकान की छत ढह गई, सात लोग घायल हो गए। 15 मिनट आंधी के बाद ओले के साथ ही तेज बारिश शुरू हो गई। 40 मिनट तक आंधी और बारिश का कहर बरपा, लोग दहशत में रहे। वहीं, शहर और देहात में बिजली की सप्लाई बंद कर दी गई, अंधेरे में पूरा शहर डूब गया। दिन में तेज धूप निकलने के बाद देहात में रात आठ बजे अचानक से मौसम बदल गया, धूल भरी आंधी चलने लगी, शहर और देहात में अधिकतम 75 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चली आंधी चलने से पेड़ और बिजली के खंभे टूट कर गिए गए। फतेहपुर सीकरी के गांव मई बुजुर्ग में चार मकान और 80 फीट लंबी दीवार गिर गई।

## विधानसभा चुनाव से पहले एक्शन में अखिलेश यादव, जिलाध्यक्षों को इस्तीफा देने का अल्टीमेटम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी के जिलाध्यक्षों और अन्य पदाधिकारियों को कई सख्त निर्देश दिए गए। अखिलेश यादव ने जिलाध्यक्षों को साफ चेतावनी दी कि वे किसी भी व्यक्ति को टिकट दिलाने का ठेका न लें। उन्होंने कहा कि अगर किसी जिलाध्यक्ष के खिलाफ ऐसी कोई शिकायत आई, तो पार्टी में उसकी खैर नहीं होगी। अखिलेश यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर कोई जिलाध्यक्ष खुद चुनाव लड़ना चाहता है, तो उसे पहले चुपचाप अपने जिलाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस्तीफा देने के बाद उसे उच्च कमान को सूचित करना होगा। उसके बाद ही पार्टी इस पर विचार करेगी। उन्होंने साफ कहा कि कोई भी जिलाध्यक्ष खुद को प्रत्याशी घोषित न करे।

बैठक में अखिलेश यादव ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि कोई भी सार्वजनिक रूप से किसी विधायक, अध्यक्ष या अन्य नेता की बुराई न करे। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान देने से पार्टी और संगठन की छवि खराब होती है। अगर किसी पदाधिकारी को किसी नेता से कोई शिकायत है, तो उसे लिखित रूप में उच्च कमान को भेजना चाहिए। हाई कमान उस शिकायत की जांच कराएगा। अखिलेश यादव ने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक बयानबाजी बंद होनी चाहिए।

बैठक का मुख्य फोकस आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी पर था। अखिलेश यादव ने बूथ स्तर से पार्टी को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करना बहुत जरूरी है। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि जिलाध्यक्ष के अलावा कोई भी विधानसभा अध्यक्ष या अन्य पदाधिकारी टिकट को लेकर किसी से कोई वादा न करे। साथ ही सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय बहुत सतर्कता बरतनी चाहिए। गलत या बिना सोचे-समझे पोस्ट करने से पार्टी को नुकसान हो सकता है।

इस बैठक में सपा के महानगर और ग्रामीण जिलाध्यक्षों के अलावा कई विधानसभा अध्यक्ष भी शामिल हुए। बैठक में शामिल प्रमुख लोगों में ग्रामीण अध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला, महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, विधानसभा अध्यक्ष आकाश यादव आदि शामिल थे।

### थाना फाफामऊ के नवनिर्मित पुलिस चौकी शान्तिपुरम का पुलिस आयुक्त ने किया उद्घाटन



**ब्यूरो प्रयागराज।** आज दिनांक-04.04.2026 को पुलिस आयुक्त प्रयागराज श्री जोगेन्द्र कुमार द्वारा गंगानगर जोन, कमिश्नरेट प्रयागराज के थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी शान्तिपुरम का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था कमिश्नरेट प्रयागराज, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय कमिश्नरेट प्रयागराज, पुलिस उपायुक्त गंगानगर, सहायक पुलिस आयुक्त थरवई व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने आशा व्यक्त की चौकी खुल जाने से शांति व्यवस्था बनाए रखने में मदद गार साबित होगी।और यहां रहने वाले लोगों के लिए कानून व्यवस्था मजबूत रहेगी।

## समाजसेवी के जन्मदिवस पर वनवासियों के साथ समरसता भोज बना एकता का प्रतीक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** समाज के प्रति समर्पण, सेवा और समानता की भावना को साकार करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी सन्तोष आर्मी जी के 50वें जन्मदिवस के अवसर पर वनवासी बंधुओं के साथ समरसता भोज का भव्य आयोजन किया। लोगो का कहना है कि यह आयोजन मात्र एक जन्मोत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, मानवीय संवेदनाओं और समरसता के सशक्त संदेश का जीवंत उदाहरण है।

कार्यक्रम का आयोजन प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरियावां में किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में वनवासी भाई-बहनों ने सहभागिता कर आत्मीयता और अपनत्व से उत्साहित कर दिया जिससे प्रेम, सम्मान और भाईचारे की अनूठी झलक देखने को मिली। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सम्मान और सहयोग पहुँचाना ही सच्ची सेवा है।

सन्तोष आर्मी का जीवन इसी विचारधारा का प्रतीक है, जो निरंतर समाज के वंचित, जरूरतमंद और उपेक्षित वर्गों के उत्थान हेतु समर्पित है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी, जनप्रतिनिधि गण, क्षेत्रीय गणमान्य एवं नागरिक तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल बताया।

## समाधान दिवस में आई 35 शिकायतें, 10 का निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तिलहर (शाहजहांपुर)।** संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना इस दौरान आई 35 शिकायतों में 10 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शनिवार को तहसील सभागार में सर्वप्रथम सीडीओ अपराजिता सिंह ने पूर्व समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण की रिपोर्ट फोटो सहित संलग्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी भूमि, चकरोड तथा ग्राम सभा की भूमियों को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक दीक्षा भंवरे ने कहा कि पुलिस प्रशासन को छोटी-छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लेना चाहिए ताकि कोई भी घटना भविष्य में बड़ा रूप न ले सके।

समाधान दिवस में संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंचे तमाम अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में बाइक स्टैंड बनवाने, सीसीटीवी कैमरे लगवाने, शुद्ध पेयजल मशीन की व्यवस्था कराने तथा सीओ कार्यालय के मुख्य द्वार के पास टूटी नाली के जाल को तत्काल ठीक कराने की मांग की। समाधान दिवस पर अनुपस्थित पांच अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की गई। इस दौरान एसडीएम सदानंद सरोज, तहसीलदार दीपेंद्र कुमार, सीओ ज्योति यादव, पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार, मनीष यादव, सीएचसी प्रभारी ओमेंद्र राठौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार ममेरे फुफेरे भाइयों की मौत







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर।** मेले में दुकान लगाकर घर वापस जा रहे ममेरे फुफेरे भाइयों की बाइक में तेज गति से जा रहे अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी जिससे दोनों लोगों की मौत हो गई दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। थाना अंतर्गत ग्राम मंसूरपुर गोटिया निवासी चीनी मिल के रिटायर्ड कर्मचारी बाबूराम का पुत्र विपिन कुमार कपसेड़ा मेले में खीरे का ठेला लगाकर अपने परिवार का जीवन यापन करता था। जबकि उसका ममेरा भाई उमेश मेले में ही पानी बेचता था दोनों लोग मेले से जब शाम को घर वापस जा रहे थे तभी तिलहर मंडी समिति के पास हाईवे पर तेज गति से जा रहे अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे विपिन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका ममेरा भाई उमेश गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव तथा कोतवाल जुगल किशोर पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टपार्टम के लिए भिजवाया। मृत्यु के बाद दोनों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर सहित मौके से फरार हो गया उधर प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल कर ट्रैक्टर चालक का पता लगाया जाएगा।

### आगरा लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस में पांच दिन के लिए बदलाव, कानपुर तक ही चलेगी

**आगरा।** रेलवे ने लखनऊ इंटरसिटी के संचालन में एक और बदलाव किया है। मथुरा, कासगंज से होकर चलने वाली लखनऊ इंटरसिटी को अब आंशिक रूप से रद किया जा रहा है। आठ से 13 अप्रैल के मध्य यह ट्रेन कानपुर तक चलेगी। जनसंपर्क अधिकारी प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि दो से 13 अप्रैल तक लखनऊ इंटरसिटी टूंडला के बदले मथुरा, कासगंज होते हुए चलनी थी। अब इस व्यवस्था में बदलाव किया गया है। आठ से 13 अप्रैल के मध्य यह ट्रेन कानपुर तक चलेगी। कानपुर से लखनऊ के मध्य ट्रेन रद रहेगी। इसी तरह से कानपुर से आगरा के मध्य ट्रेन का संचालन होगा। यह बदलाव कानपुर स्थित जाजमऊ रेल पुल के स्लीपर में बदलाव के चलते किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में दौसा रेलवे स्टेशन में ट्रैक की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। इसके चलते पांच अप्रैल को आगरा-अजमेर इंटरसिटी को आंशिक रूप से रद किया गया है। यह ट्रेन बांदीकुई-अजमेर के मध्य रद रहेगी। इसी तरह से अजमेर-आगरा फोर्ट इंटरसिटी का संचालन बांदीकुई से किया जाएगा।

## प्रयागराज में आग का तांडवः गोदाम, घर और फसल जलकर राख, लाखों का नुकसान

- किराना गोदाम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान।
- मेजा में छप्परनुमा घर जला, गृहस्थी का सारा सामान राख।
- सोरांव में हाईटेंशन लाइन से एक बीघा गेहूं की फसल नष्ट।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फूलपुर/प्रयागराज।** वरुणा बाजार में शनिवार सुबह लगभग 10.30 बजे एक किराना स्टोर के पीछे बने माल गोदाम में बिजली के तारों में शार्टसर्किट से निकली चिंगारी से आग लग गई। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू तो पा लिया, लेकिन तब तक गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया था।

वरुणा बाजार निवासी विभव उर्फ मोनू जायसवाल ने अपने मकान में किराना स्टोर खोल रखा है। दुकान के पीछे किराना का सामान रखने के लिए गोदाम बना रखा है। ऊपरी तल पर विभव जायसवाल परिवार समेत रहते हैं। शनिवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे अचानक बिजली के तारों में शार्टसर्किट होने से गोदाम में आग लग गई। गोदाम से निकल रहे धुएं और आग की लपटें देखकर लोग चिल्लाए तो घर में मौजूद लोगों को इसकी जानकारी हुई।

आननफानन सभी घर से बाहर निकले। आसपास के लोगों ने पंपसेट, हैंडपंप व समीप स्थित तालाब से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसी बीच फायरकर्मी पहुंचे और फिर आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक गोदाम में रखा लाखों का सामान नष्ट हो चुका था। आग बुझाते समय दुकान मालिक विभव जायसवाल गंभीर झुलस गए, जिन्हें फूलपुर के एक निजी अस्पताल में ले जाकर उपचार कराया गया।

**घर में लगी आग से गृहस्थी नष्ट**

कोहड़ारः मेजा क्षेत्र की कोहड़ार आदिवासी बस्ती में शनिवार शाम एक छप्परनुमा घर में अचानक आग लग गई। इसमें सारा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। कोहड़ार पहाड़ पर स्थित इस बस्ती में मोहन आदिवासी के छप्पर से बने घर में शाम करीब पांच बजे आग लगी। आग लगने से बस्ती में हड़कंप मच गया।

सूचना पर कोहड़ार चौकी प्रभारी अनुज राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मेजा ऊर्जा निगम की फायर ब्रिगेड को सूचित किया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे बस्ती के अन्य घरों को चपेट में आने से बचा लिया गया।

हालांकि, तब तक मोहन आदिवासी के घर का सारा गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो चुका था। मोहन ने बताया कि आग लगने के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। परिवार के सभी सदस्य मजदूरी करने गए हुए थे। उन्होंने बताया कि घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जल गया है। आग किन कारणों से लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

**एक बीघा गेहूं की फसल राख**

सोरांवः हाईटेंशन लाइन में हुए शार्टशर्किट से निकली चिंगारी शनिवार को एक किसान के खेत में गिर गई। जिससे एक बीघा गेहूं की फसल को राख हो गई। इस्माइलपुर निवासी शीतला प्रसाद का खेत बरामऊ गांव में है। इस खेत को वीरभानपुर निवासी अरमान सिंह ने बटाई पर लेकर गेहूं की बोआई की थी।

शनिवार दोपहर खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली तारों में अचानक शार्टसर्किट हुआ, जिससे निकली चिंगारी फसल पर गिरी और आग लग गई। आग की लपटें देख आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण और राहगीर उसे बुझाने के लिए दौड़े, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक लगभग एक बीघा गेहूं की फसल नष्ट हो चुकी थी। ग्रामीणों में जर्जर बिजली के तारों को लेकर रोष व्याप्त है।

## चीनी सीसीटीवी के मामले में नागरिकों की सुरक्षा जोखिम में डाल रही सरकारः राहुल गांधी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चीनी सीसीटीवी कैमरों के मुद्दे पर संसद में पूछे गए प्रश्न और सरकार के जवाब का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार विदेशी निगरानी की सच्चाई छिपाकर हर नागरिक की सुरक्षा को जोखिम में डाल रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने लोकसभा में 25 मार्च को सीसीटीवी के संबंध में अतारांकित प्रश्न पूछे थे। राहुल गांधी ने फेसबुक पर पोस्ट किया, 'सरकार ने हाल में चीनी सीसीटीवी कैमरों के सार्वजनिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाया, लेकिन सरकारी इमारतों के भीतर ये कैमरे अब भी लगे हुए हैं। प्रतिबंधित चीनी ऐप बदले हुए नामों के साथ फिर सामने आ रहे हैं। विदेशी एआई मंच संवेदनशील डेटा प्रोसेस कर रहे हैं और सरकार के पास इन सब पर कहने के लिए कुछ नहीं है। '

गांधी ने कहा, 'मैंने संसद में इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से सवाल पूछा। जवाब में बहुत कुछ कहा गया, लेकिन जो पूछा गया था, उसका कोई स्पष्ट उत्तर नहीं मिला। 'गांधी के अनुसार, उन्होंने पूछा था कि देश में उपयोग हो रहे कैमरे किन देशों से आए हैं, उनमें से कितने सुरक्षा मानकों पर खरे उतरे हैं, कौन से विदेशी एआई मंच सरकारी डेटा प्रोसेस कर रहे हैं और कौन से प्रतिबंधित ऐप बदले नामों के साथ अब भी संचालित हो रहे हैं?उन्होंने कहा कि मंत्रालय के जवाब में न कोई ठोस आंकड़ा दिया गया और न ही किसी मंच का नाम बताया गया।

उन्होंने कहा, 'पांच साल पहले यह स्वीकार किया गया था कि सरकार द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 10 लाख चीनी कैमरे डेटा ट्रांसफर के जोखिम पैदा करते हैं, लेकिन आज भी सरकार यह नहीं बता रही कि मौजूदा कैमरे सुरक्षित हैं या नहीं। 'कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि यह देश को अंधेरे में रखने की साजिश है।उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए विदेशी निगरानी की सच्चाई छिपाकर हर नागरिक की सुरक्षा को जोखिम में डाल रही है।

राहुल गांधी ने यह भी पूछा था कि क्या सरकार मोबाइल फोन और कैमरों सहित जासूसी में इस्तेमाल होने वाली प्रौद्योगिकी के बढ़ते मामलों से अवगत है और क्या उसे जानकारी है कि डेटा 'ट्रांसफर' के जोखिमों के कारण प्रतिबंधित चीनी मोबाइल ऐप नए नामों से काम कर रहे हैं? उन्होंने साइबर खतरों और विदेशी निगरानी से भारत के डेटा की सुरक्षा तथा डिजिटल संप्रभुता की रक्षा के लिए उठाए गए कदमों का ब्योरा भी मांगा था।

इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लिखित उत्तर में कहा था, ''भारत सरकार डिजिटल प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न साइबर सुरक्षा जोखिमों के प्रति सचेत है और पिछले 12 वर्षों में डिजिटल तंत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं जिनका उल्लेख नीचे (लिखित उत्तर में) किया गया है।''

## पीएम मोदी माहिर... पुरी पीठाधीश्वर बोले- निजी स्वार्थ के लिए लड़ रहे खाड़ी देश, प्रधानमंत्री को लेकर कह दी बड़ी बात

- खाड़ी देश निजी स्वार्थ, जमीन-खनिज के लिए लड़ रहे।
- प्रधानमंत्री मोदी कूटनीति में माहिर, भारत तटस्थ है।
- भारत की विदेश नीति से विश्व शक्तियां प्रभावित हैं।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** पुरी पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि ब्रह्म को जानने वाला ब्राह्मण है, जिसका जन्म ब्राह्मण परिवार में होता है, वह जन्म से ब्राह्मण होता है, इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

झूंसी स्थित शिवगंगा आश्रम में शनिवार को भक्तों की जिज्ञासा को शांत करते हुए उन्होंने देश की आंतरिक परिस्थितियों और खाड़ी देशों में हो रही जंग पर कहा कि अमेरिका-इजरायल व ईरान सहित खाड़ी के देश अपने निजी स्वार्थ के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। जमीन, खनिज संपदा को हथियाने के लिए एक देश दूसरे पर हमला कर रहे हैं। इसका दुष्प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक दिन में 20 झूठ बोलते हैं, इसलिए उनकी बातों का महत्व अब विश्व स्तर पर नहीं रह गया है। खाड़ी देशों में युद्ध भले ही हो रहा हो, लेकिन भारत अपने स्थान पर तटस्थ है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कूटनीति में माहिर बताया। कहा, भारत अपनी विदेश नीति के कारण ही रूस से लेकर ईरान और अमेरिका को साध रहा है। प्रधानमंत्री की दूर दृष्टि के कारण ही भारत की ओर आज विश्व की महा शक्तियां भी आशा की दृष्टि से देख रही हैं। जाति से जाति को लड़ाने की राजनीति पर कहा कि चाहे पक्ष हो या विपक्ष, सभी वोट की राजनीति करते हैं। जब लोग आपस में लड़ते रहेंगे तभी राजनीतिक दलों की मंशा पूरी होगी। अंग्रेजों ने भी बांटो और राज करो की नीति अपनाई थी।

## अलीगढ़ में खूनी रंजिश में घर में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग, बाल-बाल बचे बाप-बेटे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जट्टारी (अलीगढ़)।** थाना टप्पल क्षेत्र के ग्राम फौजुआका में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक घर में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैला दी। हमले में पिता-पुत्र बाल-बाल बच गए। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी भी आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जिससे स्वजनों में भय व्याप्त है।

पीड़ित तुहीराम पुत्र तारा सिंह के अनुसार, बीती 2 अप्रैल की रात करीब 8:30 बजे उनके दामाद रामधुन उर्फ रामू और भाई टेकराम निवासी ग्राम रायपुर, थाना नौहझील (जनपद मथुरा) ने उनके बेटे भानुप्रताप को फोन पर जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि करीब 9:20 बजे रामू अपने 10-12 साथियों के साथ आधा दर्जन बाइकों व स्कूटी पर सवार होकर उनके घर पहुंचा। पहले बाहर खड़े होकर करीब तीन राउंड फायरिंग की गई, इसके बाद 5-6 हमलावर 'मारो-मारो' चिल्लाते हुए घर में घुस आए और अंदर भी कई राउंड गोलियां चलाईं।

फायरिंग के दौरान तुहीराम और उनका बेटा भानुप्रताप किसी तरह छिपकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा होने लगे, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना की पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें हमलावर हथियार लहराते और फायरिंग करते हुए साफ नजर आ रहे हैं। पीड़ित ने थाना टप्पल में नामजद तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संक्षिप्त खबरें

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रविवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे अगई मोड़ पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह दिन में पौने बारह बजे मेढ़ावां गांव में शैक्षिक समारोह में शामिल होंगे। दिन में डेढ़ बजे सांसद प्रमोद तिवारी मोठिन के बाल विद्या मंदिर में आयोजित मेधा सम्मान कार्यक्रम मे भी शामिल होंगे। वह क्षेत्र के कौड़ियाडीह, हरनाहर, जलेशरगंज व नगर पंचायत के मनीपुर मे विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सायं साढ़े चार बजे वह समापुर में हो रही श्रीमदभागवत कथा में पहुंचेगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## कुटुंब न्यायालय परिसर में युवती से मारपीट

### चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** कुटुंब न्यायालय परिसर में एक युवती के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली ललितपुर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम पठा विजयपुरा निवासी शिवांगी लिटोरिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 3 अप्रैल 2026 को कुटुंब न्यायालय में तारीख पर आई थी। इसी दौरान पहले से मौजूद विपक्षी पक्ष के हिमांशु दीक्षित, रविंद्र दीक्षित, रामाकांत दीक्षित व एक अन्य व्यक्ति ने बिना किसी बात के उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने एकजुट होकर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त, 3 का मौके पर निस्तारण

**महरौनी।** तहसील महरौनी सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी रजनीश बाजपेई एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 3 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से 9, पुलिस से 1, विकास से 1, पूर्ति से 1, विद्युत से 2, नगर पंचायत से 1 तथा अन्य विभागों से 3 प्रार्थना पत्र शामिल रहे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह सहित समस्त थानों के थानाध्यक्ष, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं राजस्व विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## छह अप्रैल से मिलेगा मुफ्त राशन

### 20 अप्रैल तक चलेगा वितरण अभियान

**ललितपुर।** जनपद के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों के लिए राहत भरी खबर है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत अप्रैल 2026 माह का खाद्यान्न (गेहूं और चावल) का निःशुल्क वितरण 6 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि सभी पात्र लाभार्थी अपनी नजदीकी उचित दर दुकानों से राशन प्राप्त कर सकते हैं। जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार शासन द्वारा निर्धारित मात्रा के तहत अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न (14 किलो गेहूं और 21 किलो चावल) मुफ्त दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलोग्राम खाद्यान्न (2 किलो गेंहू और 3 किलो चावल) निशुल्क वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राशन वितरण ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित फिंगरप्रिंट प्रमाणीकरण द्वारा किया जाएगा। जिन लाभार्थियों का किसी कारणवश आधार प्रमाणीकरण नहीं हो पाता है, उनके लिए 20 अप्रैल को ओटीपी के जरिए वितरण की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने सभी कार्डधारकों से अपील की है कि वह निर्धारित अवधि के भीतर अपनी उचित दर दुकान पर पहुंचकर खाद्यान्न अवश्य प्राप्त करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रह जाए।

# ग्रीनलैण्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा के टॉपर्स हुए सम्मानित

**●मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी सफलता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं : पंचम कुमार पाण्डेय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चौपारण**–चपरीकला पांडेयबारा क्षेत्र में संचालित प्रतिष्ठित ग्रीनलैण्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की मेहनत और उपलब्धियों की सराहना की गई। कार्यक्रम में निदेशक पंचम कुमार पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी सफलता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करते रहने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। इस दौरान कक्षा एक से लेकर छठी तक के मेधावी छात्रों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा एक में प्रथम स्थान पर वासिफ रजा, द्वितीय स्थान पर प्रेम राणा, तृतीय स्थान पर सायमा रिजवी तथा चौथे स्थान पर उज्जवल कुमार रहे। कक्षा दो में प्रथम स्थान शायबा प्रवीण ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान शिवानी कुमारी, तृतीय स्थान आतिफा नाज और चतुर्थ स्थान सुहानी कुमारी को मिला।

कक्षा तीन में प्रथम स्थान शुभम कुमार यादव, द्वितीय स्थान उरूज़ फातिमा, तृतीय स्थान निकिता कुमारी तथा चतुर्थ स्थान आफरीन प्रवीण ने हासिल किया। कक्षा चार में अंश कुमार प्रथम, सुशांत कुमार द्वितीय, शिवम कुमार तृतीय तथा शिबली खान चतुर्थ स्थान पर रहे। कक्षा पांच में विशुनदेव कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पीयूष कुमार यादव द्वितीय, शशांक कुमार पाण्डेय तृतीय और अमरीना खातून चतुर्थ स्थान पर रहीं। वहीं कक्षा छह में तहशीन प्रवीण प्रथम स्थान पर रहीं, सादिया खातून ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, आराध्या कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं तथा हर्ष कुमार सिंह ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग और समर्थन से बच्चों ने यह सफलता प्राप्त की। कार्यक्रम में धनंजय कुमार, प्रीति कुमारी, नीरज पाण्डेय, शिवम सिंह, करन कुमार पाण्डेय, सानिया कुमारी, सोहानी कुमारी, श्वेता पाण्डेय, पूजा सिंह, दीपिका पाण्डेय, तन्नू कुमारी, सुप्रिया कुमारी, पायल कुमारी तथा खुशबू कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम में धनंजय कुमार, प्रीति कुमारी, नीरज पाण्डेय, शिवम सिंह, करन कुमार पाण्डेय, सानिया कुमारी, सोहानी कुमारी, श्वेता पाण्डेय, पूजा सिंह, दीपिका पाण्डेय, तन्नू कुमारी, सुप्रिया कुमारी, पायल कुमारी तथा खुशबू कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहें।

# त्रिवेणी कर्नल एकेडमी में 2026-27 सत्र के लिए दाखिले शुरू, नन्हे बच्चों के सर्वांगीण विकास पर खास जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा।** प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुकी त्रिवेणी कर्नल एकेडमी में नए शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के लिए दाखिले शुरू हो गए हैं। एकेडमी प्रबंधन ने अभिभावकों से अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने के लिए इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। एकेडमी अपने जीवंत और छात्र-केंद्रित शिक्षण वातावरण के लिए जानी जाती है, जहाँ पारंपरिक रटने वाली शिक्षा से आगे बढ़कर 'खेलें-सीखें-बढ़ें' (Play-Learn-Grow) पद्धति अपनाई जाती है। इसके तहत बच्चों को गतिविधि-आधारित शिक्षण, ऑडियो-विजुअल माध्यम और व्यक्तिगत ध्यान के जरिए सीखने का अवसर मिलता है, जिससे उनकी समझ और रचनात्मकता दोनों का विकास होता है।

संस्थान में अनुभवी और प्रशिक्षित शिक्षक मौजूद हैं, जिनके पास प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (ECCE) का अनुभव है। शिक्षक बच्चों को न केवल शैक्षणिक ज्ञान देते हैं, बल्कि उनके भावनात्मक और सामाजिक विकास पर भी विशेष ध्यान देते हैं। एकेडमी की प्रमुख विशेषताओं में सुरक्षित एवं निगरानी युक्त परिसर, बच्चों के अनुकूल वातावरण, आधुनिक और हवादार कक्षाएँ, खेल-कूद व कला गतिविधियों के साथ-साथ भाषा विकास और ध्वनिकी (Phonics) पर विशेष फोकस शामिल है। प्रबंधन के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बनाए रखने के लिए छात्र-शिक्षक अनुपात 20:1 रखा गया है, जिससे हर बच्चे पर व्यक्तिगत ध्यान दिया जा सके। सीमित सीटों के कारण अभिभावकों से जल्द से जल्द दाखिला सुनिश्चित करने की अपील की गई है। इच्छुक अभिभावक एकेडमी के कार्यालय, गैराज लेन, होटल वीर के पास, चंदवा में संपर्क कर सकते हैं या दिए गए मोबाइल नंबर 8789335591 और 9142701773 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अपने बच्चे के बेहतर भविष्य की शुरुआत आज ही करें।

## किशोरी का अपहरण, आरोपी के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पूरे विजई राजापुर निवासी पूरन कुमार की पत्नी सरिता देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीन अप्रैल को दिन में ग्यारह बजे उसकी चौदह वर्षीया पुत्री अपनी बहन के साथ गांव के बाहर शौच को गयी थी। तहरीर मे कहा गया है कि अपहृता के अचानक गायब होने पर उसकी बहन ने घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी। तहरीर में आशंका जतायी गयी है कि घटना के तीन दिन पहले गांव के आरोपी आदित्य उर्फ नन्नू पुत्र छोटे लाल विश्वकर्मा ने उसकी गायब बेटी के फोन पर बातचीत की थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है।

## 25 केवीए का लगा नया बिजली ट्रांसफार्मर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया -पाकुड, झारखण्ड।** पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत खजूरडांगा पंचायत के गोबिंदपुर गांव में शुक्रवार को केंद्रीय कमेटी सदस्या सह युवा नेत्री,उपासना मरांडी की सराहनीय पहल से 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने से पुनः ग्राम में, बिजली आपूर्ति कर दी गई है। ग्रामीणों ने बताया उपासना मरांडी के सक्रिय प्रयास से गांव में, नया बिजली ट्रांसफार्मर लगाया जाना संभव हो सका। बताया जाता है नये शिरे से ट्रांसफार्मर लगाये जाने पर, कई दिनों से गांव में पसरा अंधेरापन दूर होने से ग्रामीणों में अपार हर्ष है।पूछने पर ग्रामीणों ने कहा-कई दिन पहले खजूरडंगाल पंचायत के गोबिंदपुर गाँव का पुराना ट्रांसफार्मर जल गया था, जिससे पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही थी, घरेलू कार्य प्रभावित थे और संध्या होते ही गांव में अंधेरा पसरा जाता था और इसके निदान हेतु, ग्रामीणों ने अपनी समस्या युवा नेत्री उपासना मरांडी को दी।इसकी सूचना मिलते ही युवा नेत्री ने तत्परता दिखाते हुए, बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराई। उनके सफल प्रयास से 25 केवीए का नया बिजली ट्रांसफार्मर, उपलब्ध कराते हुए गोविन्दपुर गांव में स्थापित किया गया।इस त्वरित कार्रवाई के लिए गाँव वालों ने उपासना मरांडी के प्रति, आभार जताया। इस अवसर पर गोविन्दपुर गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बताते चलें, पाकुड़िया प्रखण्ड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में ट्रांसफार्मर में खराबी तथा जलने पर,गांवों की बिजली आपूर्ति ठप होने की स्थिति में उपासना मरांडी की सराहनीय पहल से ग्रामीणों में, हर्ष देखी जाती रही है।

# परचून दुकानदार की बेटी बनी असिस्टेंट कमिश्नर

**●संघर्ष, मेहनत और हौसले की मिसाल हिमांशी जैन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** मड़ावरा कस्बे की रहने वाली साधारण परिवार की बेटी हिमांशी जैन ने यूपी पीसीएस 2024 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए असिस्टेंट कमिश्नर पद पर चयनित होकर पूरे जनपद का नाम रोशन कर दिया है। दूसरे प्रयास में 154वीं रैंक प्राप्त कर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया, जिससे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। हिमांशी जैन के ललितपुर आगमन पर रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। परिजन, रिश्तेदार, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया। इस दौरान बेटी हो तो हिमांशी जैसी जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। हिमांशी की सफलता के पीछे एक भावुक और प्रेरणादायक संघर्ष की कहानी छिपी है। वर्ष 2021 में कोरोना काल के दौरान उनके पिता का निधन हो गया था। खास बात यह रही कि जिस दिन उनकी बरसी थी, उसी दिन यह सफलता परिवार के हाथ लगी, जिसने इस पल को भावनात्मक बना दिया। पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनकी मां ममता जैन ने संभाली। उन्होंने परचून की दुकान चलाकर बच्चों की पढ़ाई जारी रखी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद हिम्मत नहीं हारी। माँ के संघर्ष और त्याग ने ही हिमांशी को आगे बढने की प्रेरणा दी। हिमांशी बचपन से ही प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना देखती थीं। अपने लक्ष्य को पाने के लिए उन्होंने करीब 4 वर्षों तक दिल्ली में रहकर कड़ी मेहनत की। यूपीएससी की तैयारी के साथ-साथ उन्होंने यूपीपीसीएस परीक्षा पर भी फोकस रखा और अंततः सफलता हासिल की। हिमांशी जैन की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे समाज और जनपद के लिए प्रेरणा बन गई है। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमित संसाधन और कठिन हालात भी मजबूत इरादों और निरंतर मेहनत के आगे टिक नहीं सकते। आज हिमांशी जैन उन हजारों बेटियों के लिए प्रेरणा हैं, जो बड़े सपने देखने का साहस रखती हैं। उनकी सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।

# किराने की दुकान पर युवक से मारपीट

**●धमकी देने का आरोप, मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरारी में किराने की दुकान पर सामान लेने गए एक युवक के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिरारी निवासी अरविंद पुत्र युवराज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 9.30 बजे वह मोहल्ले की एक किराना दुकान पर सामान लेने गया था। इसी दौरान गांव का ही लवचरन वहां पहुंचा और बिना किसी बात के विवाद करने लगा। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे उसके शरीर में चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे आरोपी के परिजनों ने भी पीड़ित के साथ अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों से उसे जान-माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## लातेहार के 25वें स्थापना दिवस पर 'Run for Latehar' से गूंजा जिला, शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार।** जिला स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार, 04 अप्रैल 2026 को पूरे जिले में उत्साह और गर्व के साथ 'Run for Latehar' सह सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। प्रातः 6 बजे समाहरणालय परिसर से शुरू हुई यह दौड़ कारगिल पार्क तक पहुंची, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्रों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव सहित कई पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। दौड़ का मुख्य उद्देश्य जिले में आपसी सद्भाव, एकता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला और सभी ने मिलकर जिले के विकास और समृद्धि का संदेश दिया। दौड़ के समापन के बाद कारगिल पार्क में शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत सभी उपस्थित लोगों ने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए उन्हें याद किया। अधिकारियों ने कहा कि शहीदों का त्याग सदैव प्रेरणा देता रहेगा और उनके दिखाए मार्ग पर चलना हम सभी का कर्तव्य है।

जिले के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर सभी प्रखंडों और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी 'Run for Latehar' का सफल आयोजन किया गया। हर जगह स्थानीय प्रशासन द्वारा बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

यह आयोजन न सिर्फ एक दौड़ रहा, बल्कि लातेहार के गौरवशाली 25 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम भी बना।

## धूप की प्रखर किरणों से तिल-मिलाई शीतल धरा

### कड़ी धूप से जन-जीवन दिखा प्रभावित

**पाकुड़िया -पाकुड, झारखण्ड।** विगत दिनों पाकुड़िया में हल्की वर्षा के साथ शीतल समीर की मंद चाल से, मौसम के सुहाना होने पर लोगों को सुखद एहसास होता रहा वहीं दुसरी ओर,इन दिनों मौसम के कड़े तेवर से धूप की प्रखर किरणों ने जन-जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर,हमें एहसास करा दिया कि प्रकृति का संवर्धन करके ही सुखानुभूति का अनुभव होता रहेगा। कड़ी धूप से लोग शीघ्र ही आवश्यक जीवनोपयोगी चीजें लेकर, घरों में ही कुछ समय रहना चाह रहे हैं।श्रमिक भी तेज धूप के कारण प्रात काम में लगते दिख रहे हैं ताकि,कड़ी धूप से बचाव हो सके। वहीं दुसरी ओर, पाकुड़िया प्रखण्ड के साप्ताहिक हाटों में भी धूप-गर्मी का असर देखा जा रहा है। बहरहाल, हमें सावधानी बरतती हुए आगे बढना है लापरवाही भारी पड़ सकती है कारण,प्रकृति नियति से बंध कर गतिमान बनी रहेगी।

# विष्णुगढ़ घटना पर लातेहार में झामुमो का पलटवार: भाजपा की साजिश नाकाम, राज्य को अशांति में झोंकने की कोशिश बेनकाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार।** हजारीबाग के विष्णुगढ़ में हुई घटना को लेकर लातेहार स्थित जिला कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य में अराजकता का माहौल बनाने की कोशिश कर रही थी, जिसे प्रशासन की तत्परता ने विफल कर दिया। झामुमो के केंद्रीय निर्देश पर आयोजित इस प्रेस वार्ता का संचालन जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देशानुसार किया गया। इस दौरान जिला सचिव बुद्धेश्वर उरांव, जिला प्रवक्ता सुशील कुमार यादव, नेता सौरभ श्रीवास्तव, केंद्रीय समिति सदस्य सुदामा प्रसाद, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष इनायत करीम और दीपक कुमार मौजूद रहे। मीडिया को संबोधित करते हुए सौरभ श्रीवास्तव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विष्णुगढ़ घटना के जरिए राज्य में अशांति फैलाने की कोशिश की गई थी। उन्होंने दावा किया कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई में जब आरोपी पकड़ा गया तो उसका संबंध भाजपा से सामने आया, जिससे पार्टी की मंशा उजागर हो गई। उन्होंने यह भी कहा कि घटना के बाद भाजपा के नेता मीडिया से दूरी बनाते नजर आए।

झामुमो नेताओं ने भाजपा के बयानों की आलोचना करते हुए कहा कि झारखंड की पहचान अपराध से नहीं, बल्कि महेंद्र सिंह धोनी, सलीम टेटे और दीपिका कुमारी जैसी प्रतिभाओं से है। राज्य की छवि को धूमिल करने वाले बयान निंदनीय हैं। प्रेस वार्ता में बुद्धेश्वर उरांव ने भाजपा पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते हुए कहा कि अपने नेताओं के मामलों पर चुप्पी साधकर भाजपा राज्य में अस्थिरता फैलाना चाहती है। वहीं, सुशील कुमार यादव ने कहा कि घटना के बाद भाजपा का कोई भी नेता खुलकर सामने नहीं आया, जो उनकी स्थिति को दर्शाता है। झामुमो नेताओं ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा बौखला गई है और इसी कारण बिना तथ्यों के आरोप लगाए जा रहे हैं। प्रेस वार्ता के बाद लातेहार की राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। झामुमो और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है, जिससे आने वाले दिनों में जिले की राजनीति और गर्माने के आसार हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि यह सियासी टकराव आगे क्या रूप लेता है।

## 25 हजार का इनामी वांछित आरोपी गिरफ्तार, महीनों से चल रहा था फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर**– थाना उसका बाजार पुलिस, जिले की एंटी थेफ्ट टीम की संयुक्त टीम द्वारा हत्या के प्रयास का आरोपी रु 25000/- का इनामिया वाछिंत अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध 18अगस्त 2025 को थाना उसका बाजार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 148/2025 धारा 115(2)/351(3)/109(1) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त विजय कुमार पुत्र रामदेव साकिन अमारी थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर जो गिरफ्तारी से बचने के लिये अपनी लोकेशन लगातार बदल रहा था । जिसकी गिरफ्तारी के लिए उसका बाजार पुलिस टीम द्वारा दविश दिया जा रहा था परन्तु वाछिंत अभियुक्त लगभग 7 माह से फरार चल रहा था । न्यायालय द्वारा उपरोक्त अभियुक्त के विरूद्ध वारण्ट जारी किया गया था । तथा डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त वाछिंत अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 25000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया था, प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व विश्वजीत सौरयान (आईपीएस) क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल प्रयवेक्षण में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार मय हमराह टीम, एन्टी थेफ्ट टीम की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा उच्चकोटि की पतारसी, सुरागरसी करते हुये वैज्ञानिक/इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का प्रयोग करते हुए शनिवार को मुकदमा उपरोक्त वाछिंत अभियुक्त को पकडी दुमदुमवा मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अन्य विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा जा रहा है ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक,उ0नि0 सुभाष चंद्र, उ0नि0 संतकुमार यादव, उ0नि0 ओमप्रकाश मिश्र प्रभारी एन्टी थेफ्ट टीम मुख्य आरक्षी जनार्दन प्रजापति, रमेश कुमार, धर्मेद्र कुमार ,अमित यादव आरक्षी अभिनंदन सिंह एंटी थेफ्ट टीम के शामिल रहे।

# स्कूल चलो अभियान: सिद्धार्थनगर में विद्यार्थियों ने सुना मुख्यमंत्री योगी का संबोधन, विधायक ने वितरित की पुस्तकें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर**– शैक्षिक सत्र के शुभारंभ के साथ ही प्रदेश में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'स्कूल चलो अभियान' को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी से इस महत्वाकांक्षी अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नौगढ़ ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय धौरीकुइयां में भी किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में बच्चों ने इसे देखा और सुना। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्यामधनी राही ने मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार तथा खंड शिक्षा अधिकारी राम कुमार सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिक से अधिक बच्चों का स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित करने और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया। इस अवसर पर विधायक श्यामधनी राही ने बच्चों को पुस्तकें वितरित की और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और सरकार हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें। इस मौके पर जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता अमित कुमार शुक्ला समेत प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र, शिक्षक अनूप कुमार, वीरेंद्र चौधरी, रंजना, शिक्षा मित्र बेचन प्रसाद, बीनू पांडेय, राजमती, प्रर्मिला, इंद्रावती आदि की उपस्थिति रही।

# तेज रफ्तार और नशे में ड्राइविंग पर पुलिस सख्त

**●दो अलग-अलग मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान लापरवाहीपूर्वक व खतरनाक तरीके से वाहन चलाने तथा नशे में ड्राइविंग करने वाले दो आरोपियों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पहले मामले में उपनिरीक्षक प्रशांत राणा द्वारा रेलवे स्टेशन ओवरब्रिज क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक युवक को तेज रफ्तार व लापरवाही से बाइक चलाते हुए पकड़ा गया। आरोपी की पहचान थाना जाखलौन के ग्राम जमुनिया सोम अहिरवार के रूप में हुई। पूछताछ में वह वाहन से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 125, 281 व मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 के तहत मुकदमा दर्ज कर बाइक को सीज कर दिया। दूसरे मामले में उपनिरीक्षक अंकित कौशिक द्वारा देवगढ़ रोड रेलवे ओवरब्रिज पर चेकिंग के दौरान एक युवक को शराब के नशे में खतरनाक तरीके से बाइक चलाते हुए पकड़ा गया। आरोपी नेहरू नगर निवासी मोहित यादव बताया गया। मेडिकल परीक्षण में शराब के सेवन की पुष्टि हुई। आरोपी बिना लाइसेंस तीन सवारी बैठाकर वाहन चला रहा था, जिससे राहगीरों की जान को खतरा उत्पन्न हो रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 तथा मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184/185 के तहत मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज किया। पुलिस के अनुसार दोनों ही मामलों में आरोपियों द्वारा लापरवाहीपूर्ण ड्राइविंग से आमजन की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो रहा था। फिलहाल दोनों आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई जारी है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें और नशे की हालत में वाहन न चलाएं, ताकि सड़क हादसों से बचा जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### बच्चा तथा गर्भवती महिला जांच एवं टीकाकरण से छूटना नही चाहिए - जिलाधिकारी



**सिद्धार्थनगर-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा शनिवार को बीएचएनडी दिवस के अवसर पर ग्राम रमवापुर कली, विकास खण्ड खुनियावं, पशुपतिनगर, नरकटहा, विकास खण्ड बांसी तथा मसिना, विकास खण्ड जोगिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन गर्भवती महिलाओं के रजिस्टर को देखा गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सैम-मैम बच्चों का रजिस्टर देखा गया तथा सैम मैम बच्चों को पोषाहार का वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बीएचएनडी दिवस में गर्भवती महिलाओ की गोदभराई, अन्नप्रासन्न कराये तथा पोषाहार का वितरण कराये। आंगनबाड़ी एवं आशा को निर्देश दिया कि गांव में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पूर्व गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को सूचित करें। एएनएम को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा तथा गर्भवती महिला जांच एवं टीकाकरण से छूटना नही चाहिए। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनकी मानीटरिंग करे। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृत्व बन्दना योजना का लाभ दिये जाने का निर्देश दिया। ग्राम रमवापुर कली, विकास खण्ड खुनियावं में जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। इस अवसर पर सम्बन्धित एमओआईसी, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे ।

### बीमारी से महिला की मौत, परिजनों की आशंका पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चांदनी में 29 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने बीमारी से मौत की बात कही है, वहीं मायके पक्ष ने आशंका जताते हुए पुलिस से जांच की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चांदनी निवासी दीपक वर्मा की पत्नी प्रियंका (29) लंबे समय से बीमार चल रही थी। शनिवार की सुबह उसकी हालत अचानक बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। महिला की मौत पर ससुराल पक्ष ने मायके पक्ष को अवगत कराया। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने घटना को संदिग्ध मानते हुए पुलिस को सूचना दी। मृतका के पिता नरेश कुमार वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं, वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### महिला ने बेटे को पीटने का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)-** एक महिला ने सभासद पत्नी पर बेटे को पीटने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मोहल्ला गांधीनगर निवासी महिला बबली राठौर ने समाधान दिवस में प्रभारी अधिकारी तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 2 अप्रैल को वह झांसी गई हुई थी जबकि उसका बेटा घर पर था। इसी दौरान बेटे ने घर पर रखी स्कूटी बाहर निकाल ली और पैदल ही वह स्कूटी को ढड़काने लगा। गली में कुछ ही दूरी पर वार्ड के सभासद महेंद्र कुशवाहा की चार पहिया कार खड़ी हुई थी। तभी बगैर किसी बात के सभासद ने अपनी पत्नी को उकसा दिया और सभासद की पत्नी ने उसके बेटे को तीन-चार थप्पड़ मार दिए, साथ ही स्कूटी की चाबी भी छीन ली। घटना का उलाहना देने वह सभासद के घर पहुंची जहां सभासद ने बेटे पर स्कूटी से कार में टक्कर मार कर कार को नुकसान पहुंचाने की बात कहते हुए उससे 20 हजार रुपए मांगे। जब उसने रुपए देने से मना कर दिया तो सभासद ने गाली गलौज कर उसे धमकी दी। मामले को लेकर महिला ने कार्यवाही किए जाने की मांग की है। उधर, सभासद महेंद्र कुशवाहा का कहना है कि शिकायतकर्ता महिला के बेटे ने अपनी स्कूटी से उसकी खड़ी कार में टक्कर मारकर कार का वंफ़र तोड़ डाला। मारपीट के आरोप गलत हैं।

# कोन ब्लॉक में आर टी आई बना मजाक, खुली ग्राम पंचायत खेमपुर की पोल

**●मामले में कार्यवाही होती है या सिर्फ विभागीय खानापूर्ति, घोटाले की आशंका**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन / सोनभद्र-**जनपद सोनभद्र के विकास खंड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत खेमपुर में सूचना का अधिकार (RTI) के तहत मांगी गई जानकारी को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। यह मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही तक सीमित नहीं दिखता, बल्कि सुनियोजित तरीके से सूचना छिपाने और संभावित वित्तीय अनियमितताओं की ओर इशारा करता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश कु. जायसवाल ने वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक ग्राम पंचायत के खर्च, खरीद, भुगतान एवं संबंधित अभिलेखों की जानकारी RTI अधिनियम के तहत मांगी थी। नियमानुसार यह जानकारी 30 दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जानी चाहिए थी, लेकिन निर्धारित समयसीमा में कोई जवाब नहीं दिया गया। करीब 35 दिन बाद संबंधित विभाग द्वारा आवेदक से 8500 का नकल शुल्क मांगा गया। हैरानी की बात यह रही कि इस शुल्क के साथ न तो कुल पृष्ठों की संख्या स्पष्ट की गई और न ही शुल्क निर्धारण का कोई आधार बताया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि यदि 2 प्रति पृष्ठ के मानक के अनुसार गणना की जाए, तो 8500 के बदले लगभग 4250 पृष्ठों की जानकारी उपलब्ध कराई जानी चाहिए थी। डीपीआरओ सोनभद्र के आदेश के बाद आवेदक को मात्र 646 पृष्ठ ही उपलब्ध कराए गए। इनमें भी कई दस्तावेज धुंधले, अपठनीय और अधूरे पाए गए। इस प्रकार लगभग 3600 से अधिक पृष्ठों की जानकारी गायब पाई गई, जिससे पूरे मामले पर संदेह गहरा गया है।इस प्रकरण में जिला पंचायत राज अधिकारी ने स्वयं माना कि शुल्क की मांग नियमों के विरुद्ध थी। उन्होंने आदेश जारी करते हुए निर्देश दिया कि आवेदक को बिना किसी शुल्क के 3 दिनों के भीतर पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि आदेश का पालन न करने पर 250 प्रतिदिन (अधिकतम 25000) का जुर्माना लगाया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम ने कई अहम प्रश्न खड़े कर दिए हैं–

8500 का शुल्क किस आधार पर निर्धारित किया गया?, 4250 पृष्ठों का दावा कहां गया?,-केवल 646 पृष्ठों में ही पूरी जानकारी क्यों सीमित रही?क्या शेष दस्तावेज जानबूझकर छिपाए जा रहे हैं?, क्या यह किसी बड़े वित्तीय घोटाले को दबाने की कोशिश है? यह मामला केवल एक ग्राम पंचायत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस व्यवस्था की खामियों को उजागर करता है जहां RTI जैसे पारदर्शिता के साधन का दुरुपयोग कर आम नागरिकों को हतोत्साहित किया जाता है।स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने निम्न मांगें उठाई हैं–पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच (विजिलेंस/एंटी करप्शन ब्यूरो से), संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाए, अवैध रूप से मांगे गए शुल्क की जांच की जाए, सभी अभिलेख डिजिटल माध्यम से सार्वजनिक किए जाएं,-दोषी पाए जाने पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई हो। यदि इस मामले में शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होती है, तो यह संकेत होगा कि व्यवस्था स्वयं भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही है। वहीं, आम जनता अब इस मुद्दे पर मुखर हो रही है और पारदर्शिता की मांग तेज हो गई है।हर पन्ने का हिसाब होगा, हर जिम्मेदार से जवाब लिया जाएगा यही इस मुद्दे पर जनता का स्पष्ट संदेश है।

### वार्षिक परीक्षाफल में टॉपर्स को मिला मेडल, खिले चेहरे

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुन्दरपुर स्थित चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल एवं रामकृपाल मिश्र इंटरमीडिएट कॉलेज में शनिवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोहपूर्वक हुआ। वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह में सीपीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन के प्रबन्ध निदेशक विकास मिश्रा ने विभिन्न कक्षाओं के टॉपर्स छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह मेडल ग्रेजुएशन कैप पहना कर सम्मानित किया। छात्र छात्राओं के चेहरे पुरस्कार पाकर खिले नजर आये। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को समारोहपूर्वक मेडल प्रतीक चिन्ह साथ ग्रेजुएशन कैप टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। गांधी सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में अभिवावकों की उपस्थिति भी सराहनीय रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने कहा कि कड़ी मेहनत और ईमानदारी से किया गया परिश्रम रंग लाता है। कार्यक्रम का संचालन शिवनारायण गुप्ता ने किया कार्यक्रम का संयोजन ध्रुव नारायण मिश्र ने किया कार्यक्रम में संजू त्रिपाठी, दिव्या त्रिपाठी, सुचिता त्रिपाठी, साक्षी सिंह, तरन्नुम बानो, आदि ने अपने विचार रखे।

## समाधान दिवस में सुनी जन शिकायतें, दर्ज हुई 11 शिकायतें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** शनिवार को आयोजित तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस, राजस्व विभाग, ब्लॉक कार्यालय आदि से जुड़ी 11 शिकायतें पीड़ितों द्वारा दर्ज कराई गई। मौके पर 8 शिकायतें निस्तारित कर दी गई, शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए प्रभारी अधिकारी ने संबंधित विभागों के अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

प्रभारी अधिकारी/तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में आराजी लेन कोंच निवासी वृद्ध महिला नूरजहां ने शिकायती पत्र देकर बताया कि सेंट्रल बैंक मुख्य शाखा में उसका खाता संचालित है। बैंक कर्मी उसके खाते की केवाईसी के नाम पर उसे नाहक ही टहला रहे हैं जिससे उसे वृद्धावस्था जैसी सरकारी योजना का लाभ



नहीं मिल पा रहा है। उसने मामले में कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। नगर पालिका के ठेकेदार जितेंद्र सिंह निवासी सुभाष नगर ने ठेकेदारी के तहत विकास काम पूर्ण कराने के बाद भी उसका भुगतान न किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। प्रभारी अधिकारी ने एक-एक कर सभी शिकायतों को गंभीरता के साथ सुन कर उनका यथोचित निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक मनोज तिवारी, एसडीओ विधुत रविन्द्र कुमार, ईओ नगर पालिका मोनिका उमराव, मंडी निरीक्षक राहुल, एडीओ देवेंद्र निरंजन, सीडीपीओ कोंच प्रभारी भारती आदि उपस्थित रहे।

## शत प्रतिशत शिक्षित यूपी का प्रण के साथ वाराणसी से शुरू हुआ स्कूल चलो अभियान

**●ललितपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों ने देखा सजीव प्रसारण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अशिक्षा के अंधकार से सीधा रण, 100 प्रतिशत शिक्षित यूपी का प्रण थीम के तहत वाराणसी स्थित कंपोजिट विद्यालय शिवपुर से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान शत-प्रतिशत नामांकन एवं ट्रांजिशन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अभियान की शुरुआत के साथ ही विद्यार्थियों को नई पाठ्य पुस्तकों का वितरण और निपुण विद्यालयों व विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी दिए गए। ललितपुर कलेक्ट्रेट सभागार में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा प्राथमिक एवं परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया। पुस्तक प्राप्त करने वाले छात्रों में कक्षा 8 के राजीव जैन, कक्षा 7 की सोनम, कक्षा 6 के राघवेंद्र, कक्षा 5 की मोनिका तथा कक्षा 4 की सुहाना शामिल रहीं। बताया गया कि जनपद के 6 से 14 वर्ष आयुवर्ग के सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडने के उद्देश्य से यह अभियान दो चरणों में संचालित किया जाएगा। पहला चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तथा दूसरा चरण 1 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत शिक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कर बच्चों का चिन्हांकन कर उनका नामांकन सुनिश्चित करेंगे। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में भी अभिभावकों की सूचना के आधार पर बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। अभियान के तहत 3 वर्ष के बच्चों को आंगनवाड़ी/बाल वाटिका तथा 6 वर्ष के बच्चों का कक्षा 1 में प्रवेश कराया जाएगा। साथ ही 7 से 14 वर्ष के ड्रॉपआउट बच्चों को चिन्हित कर फिर से स्कूल से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में प्रतिनिधि चंद्रशेखर ने कहा कि ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या शून्य करना लक्ष्य है और इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। एडीएम न्यायिक अशोक कुमार यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि ड्रॉपआउट दर को शून्य तक लाया जाए। डीआईओएस ओपी सिंह ने कहा कि यदि नामांकन से एक भी बच्चा छूटा, तो सुरक्षा चक्र टूटेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व सर्वे में करीब 2 हजार किशोरियां पढ़ाई छोड़ चुकी थीं, जिनका प्रमुख कारण बाल विवाह रहा। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और शिक्षक-छात्र संबंध मजबूत करने पर जोर दिया। बीएसए रणवीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक बच्चे का नामांकन सुनिश्चित करना शिक्षकों की जिम्मेदारी है और ड्रॉपआउट समस्या को मिलकर दूर करना होगा। पीएमश्री जीजीआईसी की प्रधानाचार्य अंजना वर्मा ने विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है कि जनपद का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी बच्चे स्कूल आकर पढ़ाई करें।

## भूसा लेने गए किसान और भतीजे पर जानलेवा हमला, ट्रैक्टर के टायर फाड़े

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बुढवार में पुरानी रंजिश और नशे की हालत में दबंगों द्वारा एक किसान और उसके भतीजे के साथ बर्बरतापूर्ण मारपीट का मामला सामने आया है। हमलावरों ने न केवल पीड़ितों को लाठी-डंडों और लोहे की सरिया से पीटा, बल्कि उनके ट्रैक्टर को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने इस मामले में नामजद समेत 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम बुढवार निवासी रेतराम कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मार्च 2026 की दोपहर करीब 2:00 बजे उनका भतीजा हरिकिशन अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली से खेत पर भूसा लेने जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही बोबी उर्फ ललित अहिरवार ने नशे की हालत में ट्रैक्टर रोक लिया और बिना वजह गाली-गलौज शुरू कर दी। जब हरिकिशन ने विरोध किया, तो आरोपी ने बेल्ट और लाठी से उसे पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे रेतराम पर भी आरोपियों ने हमला बोल दिया। शोर सुनकर आरोपी बोबी ने अपने साथी भगवानदास और 4 अन्य अज्ञात लोगों को बुला लिया। पीड़ितों के अनुसार, सभी हमलावरों ने एकराय होकर उन्हें घेर लिया और लाठी, डंडों व लोहे की सरिया से जानलेवा हमला किया, जिससे उनके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई। जब पीड़ित अपनी जान बचाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने लगे, तो आरोपियों ने उन्हें घेर लिया। दबंगों ने ट्रैक्टर के चारों टायर, बैटरी और लाइटें फोड़कर उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे करीब 70 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित रेतराम ने बताया कि घटना के बाद वह अपने और भतीजे के इलाज में व्यस्त थे, जिसके कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में दो दिन की देरी हुई। कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 324(4), 351(3) और 352 के तहत मामला दर्ज किया है।

### मंदिर में प्रसाद कम देने पर मारपीट का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)-** मंदिर में प्रसाद कम देने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

गल्ला मंडी कॉलोनी निवासी भानु प्रताप पुत्र राजेंद्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शनिवार की सुबह करीब दस बजे वह हुल्की माता मंदिर पर भंडारे का प्रसाद बांट रहा था। प्रसाद लेने आए कस्बे के ही निवासी पंकज और उसके बेटे कान्हा ने कम प्रसाद दिए जाने की बात कहते हुए उसके साथ गाली गलौज की और विरोध करने पर मारपीट की। मौके पर मौजूद उसकी पत्नी बचाने आई तो उक्त दोनों ने पत्नी के साथ भी गाली गलौज कर मारपीट की। मारपीट के दौरान पत्नी के गले से मंगलसूत्र टूट कर गिर पड़ा जिसमें मौजूद सोने के दाने यहां वहां गिर पड़े जो खोजने पर भी नहीं मिले। भानु ने पुलिस को बताया कि उक्त दोनों जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। घटना को लेकर भानु ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

## शादी से पहले दुल्हन एलपीजी सिलेंडर के लिए लगा रहीं सरकारी दफ्तरों के चक्कर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** अक्षय तृतीया के ठीक बाद ही शादी सहालग के शुरू होने वाले दिनों में एलपीजी गैस सिलेंडर की कथित कमी ने कन्या पक्ष की चिंता बढ़ा दी है। हालात यह हैं कि जिन घरों में शादियों की तैयारियां जोरों पर हैं, वहां गैस सिलेंडर की अभी तक व्यवस्था न हो पाने से परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दुल्हनों को प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जिले की कई दुल्हनों ने शनिवार को जनपद के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है। इन दुल्हनों का कहना है कि बगैर गैस सिलेंडर के शादी की तैयारियां पूरी करना मुश्किल हो रहा है। कोंच क्षेत्र के ग्राम चमेंड निवासी मोहिनी सहित जिले के अलग अलग इलाकों की दुल्हनों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि आगामी 20



अप्रैल को उसकी शादी है लेकिन गैस एजेंसी के चक्कर काटने के बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। दुल्हनों और उनके परिजनों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो शादी की व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं। वहीं एलपीजी गैस सिलेंडर के लिए रेहड़ी और ठेले वाले लोग ब्लैक में 1700 रुपए से लेकर 1800 रुपए तक में ब्लैक में सिलेंडर खरीद रहे हैं इससे उनके व्यापार और परिवार पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। कई ठेले वाले तो अपना ठेला बन्द कर चुके हैं। फिलहाल जिलाधिकारी ने समस्या का समाधान कराए जाने आश्वासन दिया है।

## आदिवासियों ने ओबरा तहसील के समक्ष किया प्रदर्शन

**●शिकायती पत्र देकर वन विभाग व पुलिस पर परेशान करने का लगाया आरोप**

**ओबरा तहसीलदार ने क्षेत्रीय वनाधिकारी व कोन इंस्पेक्टर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई का दिया आदेश**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** ओबरा तहसील क्षेत्र के आदिवासियों ने शनिवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश युवा अध्यक्ष एडवोकेट संतोष कुमार गौतम के नेतृत्व में ओबरा तहसील भवन के समक्ष प्रदर्शन किया। आदिवासियों ने शिकायती पत्र देकर वन विभाग और पुलिस पर परेशान करने का आरोप लगाया है। ओबरा तहसीलदार अंजनी गुप्ता ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए वन क्षेत्राधिकारी व कोन इंस्पेक्टर को आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया है। तहसील के समक्ष प्रदर्शन करने वाले बडेरा, हर्रा, निगाई, सलैयाडीह के आदिवासियों ने आरोप लगाया है कि वे अपने बाप-दादा के जमाने से घर बनाकर आबाद हैं और जमीन पर खेती बारी करते चले आ रहे हैं। बावजूद इसके वन विभाग और कोन पुलिस द्वारा आए दिन हैरान व परेशान किया जा रहा है। घर भी ढहा दिया गया है और फसल भी काटने नहीं दिया जा रहा है। आदिवासियों ने जमीन पट्टा कर खतौनी में नाम दर्ज कराए जाने की मांग भी की है। मामले को गम्भीरता से लेते हुए तहसीलदार ओबरा ने वन क्षेत्राधिकारी व कोन इंस्पेक्टर से नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आदेश दिया है।

प्रदर्शन करने वालों में नगेंदर, मुन्नी, राम दयाल, शिवकुमार, फुलदेवी, प्रभावती, उर्मिला, रामेश्वर,फुलबसिया, रमुनिया देवी, ललिता देवी आदि शामिल रही।

## गोआश्रय केंद्र मऊखुर्द का एडीसीओ सदर ने किया निरीक्षण, भूसे व चारे की मिली पर्याप्त व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चतरा / सोनभद्र** –सहायक आयुक्त सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एडीसीओ सदर अवधेश सिंह ने गोआश्रय स्थल, मऊखुर्द ,धर्मदासपुर का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान कुल 470 पशु पाए गए।टैगिंग शत् प्रतिशत तथा बंध्याकरण 58 प्रतिशत पाया गया।पशुओ की संख्या के सापेक्ष गोआश्रय केंद्र पर कुल सात केयर टेकर नियुक्त है। निरीक्षण मे भूसा,हरा चारा,साइलेज व पशु आहार उपलब्ध रहा।एक बीमार पशु को अलग रखा गया था पर अशक्त व दुर्बल पशुओ की काफी संख्या देखकर निरीक्षण के समय मौजूद सेक्रेटरी अखिलेश यादव, ग्रामप्रधान प्रतिनिधि ललित वर्मा,तथा पशुप्रसार अधिकारी भोलानाथ को निर्देशित किया । पशु डॉक्टरद्वारा गोवंश की नियमित निगरानी



तथा चिकित्सकीय उपचार सुनिश्चित करायें।गोआश्रय केंद्र के अभिलेखो के अवलोकन मे अभिलेख पूर्ण व अद्यतन पाए गए। गर्मी के दृष्टिगत तिरपाल व मैट की व्यवस्था पाई गई पर पशुओ की भारी संख्या को देखते हुए एडीसीओ सदर ने इनकी संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय लेखपाल अजय चौधरी, ग्राम पंचायत सचिव अखिलेश यादव, पशुप्रसार अधिकारी भोलानाथ, केयर टेकर जलालुद्दीन इत्यादि उपस्थित रहे।

### किसानों की जमीन पर दबंगई की दम पर मकान निर्माण , एसडीएम से गुहार

**तालबेहट।** गेवरा गुंदेरा निवासी विधवा महिला सुशीला पत्नी स्व0पार सिंह एवं अमर सिंह पुत्र सुगर सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर गांव के दबंग पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण का आरोप लगाया।

संपूर्ण समाधान दिवस में दिए शिकायती पत्र में किसानों ने बताया कि उनकी गेवरा गुंदेरा मुख्य मार्ग पर आरजी संख्या 2601 है। जिस पर गांव के दबंग असरदार व्यक्ति ताकत की दम पर अवैध कब्जा का मकान निर्माण का कार्य कर रहे है। जब वह मकान निर्माण कार्य को रोकने गए तो दबंग और उसके साथी मारपीट पर आमादा हो कर जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़ित किसान ने बताया कि दबंग दर्जनों मजदूरों और कारीगरों के साथ दिन-रात काम लगाकर अवैध कब्जा कर रहा है। इसकी शिकायत स्थानीय नत्थिखेड़ा पुलिस से भी की थी पर पुलिस ने असरदार व्यक्ति के प्रभाव के चलते कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने एसडीएम से अवैध कब्जा रुकवा कर मौके की जांच करने की मांग की।

## जर्जर यूनीपोल पर नपा का बड़ा एक्शन

**●13 जगहों से हटाने का अल्टीमेटम, नहीं माने तो होगी सख्त कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर में बढ़ते हादसों के खतरे को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने जर्जर विज्ञापन ढांचों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। पालिका ने प्रिन्स पब्लिसिटी नामक विज्ञापन एजेंसी को नोटिस जारी कर शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे यूनीपोल और गैन्ट्री गेट्स को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं।

**यूनीपोल गिरने के बाद हरकत में आया प्रशासन**

बीती 3 अप्रैल को शहर में एक बड़ा हादसा टल गया, जब एजेंसी द्वारा लगाया गया एक यूनीपोल अचानक सड़क पर गिर पड़ा। घटना के समय कोई राहगीर इसकी चपेट में नहीं आया, जिससे जनहानि टल गई। हालांकि इस घटना ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए और प्रशासन को तुरंत कार्रवाई के लिए मजबूर कर दिया।

**शहर के 13 स्थानों पर मंडरा रहा खतरा**

नगर पालिका द्वारा की गई जांच में शहर के 13 प्रमुख स्थानों को खतरनाक स्थिति में पाया गया है। इनमें वर्णी कॉलेज चौराहा, तुवन मैदान, सुपर मार्केट, कोतवाली के सामने, बस स्टैंड, सागर रोड और इलाइट चौराहा जैसे व्यस्त इलाके शामिल हैं। इन स्थानों पर लगे यूनीपोल और ओवरहेड गेट जर्जर हालत में हैं, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं।

**एजेंसी को दिया गया अंतिम मौका**

पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने स्पष्ट कर दिया है कि नोटिस मिलते ही एजेंसी को अपने सभी खतरनाक ढांचों और प्रचार सामग्रियों को तुरंत हटाना होगा। यह कार्रवाई जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है।

**नहीं हटाए तो होगी कानूनी कार्रवाई**

नगर पालिका परिषद ईओ दिनेश कुमार ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा में यूनीपोल नहीं हटाए गए तो पालिका अधिनियम 1916 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही इस मामले की जानकारी जिलाधिकारी को भी भेज दी गई है, जिससे प्रशासनिक स्तर पर भी निगरानी सुनिश्चित हो सके।

**जनता ने की कार्रवाई की सराहना**

स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की इस पहल का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से जर्जर यूनीपोल खतरा बने हुए थे, लेकिन अब जाकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है, जिससे भविष्य में बड़े हादसों को रोका जा सकेगा।

## बाबा सदनशाह की दरगाह पर चादर पेश कर देश की खुशहाली की मांगी दुआ

**●कौमी एकता की मिसाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कौमी एकता सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कौमी एकता और आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए हजरत बाबा सदनशाह की दरगाह पर श्रद्धापूर्वक चादर पेश की गई। इस दौरान देश में हिंदू-मुस्लिम एकता, अमन-चैन और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई। कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के लोगों की सहभागिता ने गंगा-जमुनी तहजीब की झलक प्रस्तुत की। दरगाह परिसर में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में देश की उन्नति, सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया। समिति के अध्यक्ष परवेज पठान ने कहा कि कौमी एकता सेवा समिति का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश फैलाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी विश्वास को मजबूत करते हैं और सभी धर्मों के लोगों को एक मंच पर लाते हैं। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष परवेज पठान, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, धर्मेन्द्र रूपेश, मकबूल अहमद राइन, हनुमत कुशवाहा, सचिन सोलंकी, आसिफ मंसूरी, सुरेंद्र पाल, संजय रजक, आधार यादव, मेहताब सिंह यादव, इद्दू मंसूरी, आयुष सैनी, साहिल राइन, अमीर खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन आपसी भाईचारे और देश की तरक्की की कामना के साथ हुआ। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन निरंतर जारी रहेंगे, जिससे समाज में एकता और सद्भाव बना रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## जिला कारागार का निरीक्षण, बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता के प्रति किया गया जागरूक



**कानपुर।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुदेश कुमारी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, डिप्टी जेलर प्रदीप कुमार एवं जेलर मनीष कुमार भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने 18 वर्ष से अधिक आयु के बंदियों के बैरक, महिला बैरक तथा कारागार अस्पताल का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि जिन बंदियों के पास अपने मुकदमे की पैरवी करने हेतु पर्याप्त आर्थिक संसाधन उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान जेल लीगल एड क्लीनिक का भी अवलोकन किया गया। सचिव द्वारा पैरालीगल वॉलेंटियर्स (पीएलवी) से वार्ता कर यह जानकारी ली गई कि वे किस प्रकार बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने पीएलवी को निर्देशित किया कि वे बंदियों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सहायता योजनाओं के प्रति निरंतर जागरूक करते रहें।

## दिव्यांगजन दुकान निर्माण एवं संचालन योजना के लाभ हेतु करें आनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 द्वारा संचालित योजना दुकान निर्माण एवं संचालन में आर्थिक पुनर्वास हेतु योजनान्तर्गत आवेदक को दुकान निर्माण हेतु रूपये 20000 का ऋण दिया जाता है, जिसमें रूपये 15000 ऋण एवं रुपये 5000 अनुदान स्वरूप दिया एवं दुकान संचालन रूपये 10000 ऋण एवं रूपये 2500 अनुदान स्वरूप दिया जाता है। 04 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज दर है। उन्होने दुकान निर्माण संचालन ऋण हेतु पात्रता एवं शर्ते के सम्बन्ध में बताया है कि आवेदक जनपद का निवासी हो, आवेदक की दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम न हो, आवेदक उत्तर प्रदेश का स्थाई निवासी या कम से कम पाँच वर्ष से उसका अधिवासी हो, आवेदक किसी अपराधिक मामले में दण्डित न किया गया हो एवं उसके द्वारा पूर्व में कोई ऋण बकाया न हो। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम तथा 60 वर्ष से अधिक न हो। आवेदक आयकर दाता की श्रेणी में न आता हो, आवेदक का राष्ट्रीयकृत बैंको में संचालित बैंक खाता सम्बन्धी बैंक पासबुक, नवीनतम दिव्यांगता दर्शाती हुई फोटोग्राफ होना आवश्यक है। इच्छुक दिव्यांगजन विभागीय पोर्टल http://divyangjandukan.up.gov.in पर उपलब्ध विकल्प में जाकर निर्धारित प्रारूप पर आनलाइन आवेदन कर सकते है।

## विधायक सलिल विश्नोई द्वारा सर्वदलीय होली मिलन का आयोजन



**कानपुर।** प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी आज गीतांजलि गेस्ट हाउस, माल रोड पर विधायक सलिल विश्नोई द्वारा सर्वदलीय होली मिलन समारोह एवं संगीत सन्ध्या का आयोजन किया गया, जिसमें मशहूर गजल गायक प्रदीप श्रीवास्तव ने अपनी सुमधुर आवाज में गजलें गाकर उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर करके मंत्रमुग्ध कर दिया। आये अतिथियों ने जलपान के साथ ठण्डाई का सेवन किया और सुस्वादु भोजन का आनन्द लिया। इस अवसर पर भाजपा के स्थापना काल में सक्रिय प्रमुख कार्यकर्ता श्रीनारायण जायसवाल, भोला नाथ शुक्ला, गोगा सोनकर, गायत्री वाजपेयी, अजीत जैन को स्थापना दिवस की पूर्व सन्ध्या पर सम्मानित किया गया। सम्मान के इसी क्रम में भा. ज. पा. के नवनिर्वाचित जिला पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सलिल विश्नोई के साथ बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# देह व्यापार के दल - दल में ढकेली गई पश्चिम बंगाल की युवती मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में छापे जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कमसिन लड़कियों से देह व्यापार कराने में अग्रणी गिरोह ने नौकरी दिलाने के बहनपश्चिम बंगाल की एक व्यक्ति कोदेह व्यापार के दलदल में धकेल दियामामले में पुलिस ने एक यूट्यूबर को गिरफ्तार कर लिया है ,जबकि दादा के नाम से चर्चित सरगना बताए जाने वाले पश्चिम बंगाल के एक अन्य व्यक्ति समेत और भी कई लोगों की तलाश लगातार जारी है। अब तक की जांच के दौरान लगभग 20 होटल के भी नाम प्रकाश में आए हैं ,जहां लड़कियां सप्लाई की जाती थीं। पुलिस के अनुसार युवती को 'कोलकाता के दादा' नाम से पहचान रखने वाले व्यक्ति और कानपुर निवासी रोहित वर्मा ने नौकरी का झांसा दिया था। इसके बाद भी वह पश्चिमबंगाल से कानपुर आई थी। लेकिन यहां उसे बंधक बनाकर जबरन गलत धंधे में धकेल दिया गया। आरोप है कि उस पर लगातार दबाव बनाया जाता था और बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाती थी। साथ ही उसे जान से मारन की धमकी भी दी गई थी।

जानकारी के मुताबिक मामले का खुलासा तब हुआ जब युवती किसी तरह मौका पाकर आरोपियों के चंगुल से निकल गई और सीधे पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त के निर्देश पर एडीसीपी क्राइम सुमित सुधाकर रामटेके, एडीसीपी लाइन शिवा सिंह और ट्रेनी आईपीएस सुमेध एम जाधव के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने इंदिरा नगर क्षेत्र से आरोपी रोहित वर्मा को हिरासत में लिया। वहीं, 'कोलकाता के दादा' की गिरफ्तारी के लिए एक टीम पश्चिम बंगाल रवाना की गई है। पूछताछ में आरोपी ने पहले खुद को निर्दोष बताया, लेकिन बाद में कई अहम जानकारियां दीं। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के पास से पुलिस को एक न्यूज पोर्टल का आईडी कार्ड और मोबाइल नंबरों की सूची मिली है। इसके आधार पर कल्याणपुर समेत कई स्थानों पर छापेमारी की गई, जहां कुछ अनियमितताएं सामने आईं। पुलिस ने संबंधित होटलों के बुकिंग रजिस्टर और अन्य दस्तावेज कब्जे में ले लिए हैं। मामले में पुलिस की गहन छानबीन के दौरान लगभग 20 होटलों के नाम सामने आए हैं, जिनकी जांच जारी है। साथ ही अन्य पीड़िताओं और संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। प्रारंभिक जांच में इस रैकेट के तार अन्य राज्यों से जुड़े होने की आशंका के आधार पर पूरे नेटवर्क की गहन जांच में लगातार जारी है।

## जमीनी विवाद में मारपीट को लेकर आठ के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर पीड़ित व उसके भाई पर जानलेवा हमले को लेकर उदयपुर पुलिस ने आठ आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी एवं बलवा का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के आहरबीहर अठेहा निवासी चंद्रशेखर सिंह पुत्र स्व0 रामशरण सिंह ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीन अप्रैल को सुबह पौने ग्यारह बजे प्रतिपक्षी उसकी जमीन से सटकर दीवार खड़ी कर रहे थे। पीड़ित अपने छोटे भाई उदय भास्कर के साथ मौके पर पहुंचा।इस पर विपक्षियों ने गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी गांव के ओमप्रकाश, बलराम, धीरेन्द्र, शैलेन्द्र पुत्रगण स्व0 बैजनाथ, शिवा पुत्र ओमप्रकाश, सरिता पत्नी बलराम व शांती पत्नी ओमप्रकाश तथा शिवानी पत्नी धीरेन्द्र ने जानलेवा हमला कर दिया। घायलो की चीखपुकार पर गांव के लोग दौड़े तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ओमप्रकाश समेत आठ आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

# कानपुर में अवैध किडनी ट्रांसप्लांट केस में 'मेडी लाइफ' अस्पताल का नाम भी आया सामने

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** थाना रावतपुर क्षेत्र में विगत दिवसों में प्राइवेट अस्पतालों में अवैध किडनी खरीद-फरोख्त से संबंधित प्रकरण में अब तक 8 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि अन्य नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। चार अन्य अभियुक्त जिनके नाम सामने आ रहे हैं उनकी गिरफ्तारी की पूरी कोशिश की जा रही है। लेकिन अभियुक्त अभी तक पुलिस की पहुंच से दूर हैं। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस एम कासिम आबिदी ने बताया कि अभी कुछ नाम ऐसे हैं जिनको गिरफ्तार करने के लिए अलग-अलग जनपदों में हमारी टीमें दबिश दे रहीं हैं जिसमें अमित, अफ़ज़ल, रोहित और अजीत के नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक कई जगह दबिश दी गई है लेकिन ये लोग हाथ नहीं लगे हैं परंतु पुलिस के प्रयास जारी हैं और बहुत जल्द ही हमें सफलता मिलेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस को कुछ इनपुट हाथ लगे हैं जिसके अनुसार दबिश दी जा रही है और बहुत जल्द ही हम अभियुक्तों तक पहुंच जाएंगे। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस एम कासिम आबिदी ने बताया कि जांच में एक विदेशी महिला की संलिप्तता एवं एक महिला की मृत्यु से जुड़े तथ्य भी सामने आए हैं, जिनकी जांच जारी है, इनका ब्योरा जुटाने के लिए पुलिस काम कर रही है। अहूजा अस्पताल के अलावा 'मेडी लाइफ' अस्पताल का नाम भी सामने आया है, जहां से संबंधित डॉक्टर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# एनयूपीपीएल पूर्ण क्षमता की ओर अग्रसर, घाटमपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की यूनिट -3-का सफल सिंक्रोनाइजेशन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**घाटमपुर।** कानपुर नगर जनपद की तहसील स्थित नेयवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड,, एनयूपीपीएल, ने ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपने 1980, मेगावाट क्षमता वाले घाटमपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की यूनिट - 3- ,660, मेगावाट,का सफल टीवी, रोलिंग, एवं सिंक्रोनाइजेशन 765 केवी ग्रेड के साथ एक ही प्रयास में पूरा कर लिया है,यह उपलब्धि स्टीम ब्लोइंग मील स्टोन के तुरंत बाद प्राप्त की गई,जो परियोजना की तेज प्रगति को दर्शाता है,,यह सफ़लता यूनिट 3। कामां शियल आपरेशन डिक्लेरेशन, सीओडी,की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, परियोजना के पूर्ण रूप से चालू होने पर प्रतिदिन लगभग 47,52 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन होंगा,, जिससे देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यक ताओ को पूरा करने में बड़ी मदद मिलेगी,, इस अवसर पर एन एल सी,, इंडिया लिमिटेड के सीएमडी एवं एनयूपीपीएल के चेयरमैन प्रसन्न कुमार मोटुपल्ली,,ने कहा कि यह उपलब्धि एनएलसी आईएल यूपीआरवीयूएनएल, कोयला मंत्रालय भारत सरकार बोर्ड एवं सभी ठेकेदार साझेदारों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है, गौरतलब है कि परियोजना की यूनिट 1-और यूनिट 2 क्रमश दिसंबर 2024 और दिसंबर 2025 से पहले ही संचालन में हैं, यूनिट 3- का सिंक्रोनाइजेशन पूरे प्रोजेक्ट को वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में पूर्ण करने के लक्ष्य को और मजबूती प्रदान करता है,, घाटमपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट कानपुर नगर जनपद की घाटमपुर तहसील क्षेत्र के यमुना पट्टी में स्थित है, जिसमें -3- यूनिटें हैं, प्रत्येक में 660, मेगावाट शामिल हैं,इस परियोजना से उत्पादित 93,11 प्रतिशत बिजली उत्तर प्रदेश को आवाटित की गई है, जबकि शेष अन्य राज्यों को दी जाएगी, जिससे ऊर्जा संतुलन को बढ़ावा मिलेगा, परियोजना को ईंधन आपूर्ति के लिए झारखंड के दुमका जिले में स्थित पचवारा साउथ कोयला ब्लॉक का विकास भी तेजी से किया जा रहा है 19 दिसंबर 2025 को खनन कार्य शुरू हुआ, और 29। मार्च 2026 को कोयला एक्स्पोज़र प्राप्त कर लिया गया, जिससे दीर्घकालिक ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित हुई हैं, एनयूपीपीएल पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी सजग है, अत्याधुनिक सुपरकिटिकल तकनीक, एमजीडी और एससीआर,जैसी प्रणालियों के उपयोग से प्रदूषण नियंत्रण सुनिश्चित किया जा रहा है, साथ ही प्लांट में जीरों लिक्विड डिस्चार्ज प्रणाली लागू की गई है, इसके अलावा कंपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं,, यूनिट तीन के सफल सिंक्रोनाइजेशन के साथ ही एनयूपीपीएल अब कमीशनिंग के अंतिम चरण में पहुंच गया है, और जल्द ही घाटमपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट अपनी पूर्ण क्षमता के साथ देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# संयुक्त सचिव शिक्षा ने शिक्षाण गुणवत्ता में सुधार के लिए आधिकारियों को निर्देश दिए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक/प्रशिक्षण संयुक्त सचिव शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार गोविंद जायसवाल, की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, सहायक निदेशक सुमन शा, केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जनपद में संचालित शैक्षिक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना, शिक्षण गुणवत्ता में सुधार लाना तथा शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रभावी बनाना था। संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने बैठक के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने, शिक्षण पद्धति को रोचक एवं प्रभावी बनाने तथा डिजिटल माध्यमों के अधिकतम उपयोग पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने जनपद में शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में समय से पठन-पाठन सुनिश्चित किया जाए तथा शिक्षकों की नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का समय-समय पर मूल्यांकन करने के निर्देश भी दिए गए। सारथी प्लेटफार्म पर नीट/जे0ई0 की तैयारी आई0आई0टी0 कानपुर द्वारा कराया जाता है। सभी बच्चों का अपार आईडी बनवाये जाने का निर्देश दिया। सहायक निदेशक सुमन शा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों से अवगत कराने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के कौशल विकास के लिए नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे वे आधुनिक शिक्षण विधियों को अपनाकर विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकें। बैठक के अंत में संयुक्त सचिव ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्राचार्य व अन्य संबंधित अधिकारी एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## गेहूं का डंठल जलते हुए पकड़े गए तो उन पर होगी कार्रवाई : प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय



**सिद्धार्थनगर।** रबी फसल की कटाई चालू हो गई है इस समय तेज हवा के साथ साथ आग भी लग रही है । थाना प्रभारी हरे कृष्ण उपाध्याय ने लोगों से अपील करते हुए की कहा कि गेहूं की फसल कटने के बाद गेहूं का डंठल न जलाएं । डंठल जलाने से जिनका फसल कटा भी नहीं वहां भी आग पहुंचने की संभावना रहती है हवा तेज चल रही गांव घर में भी आग पहुंच सकती है, गेहूं का डंठल जलाने से लोग बचें और कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति डंठल जलाते हुए पकड़ा जाता है तो उस व्यक्ति पर कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिगरेट पीने वाले व्यक्ति को आगाह करते हुए कहा कि कही भी किसी भी स्थान पर सिगरेट जलाकर न फेंके सिगरेट पीकर सिगरेट को बुझाकर ही फेंके । अगर कोई भी व्यक्ति सिगरेट पीकर फेंकता है तो इसकी सूचना तत्काल थाना उसका बाजार पर दें उन पर कार्यवाही की जाएगी।

# कोडीन युक्त कफ सिरप, बंगला देश व कई राज्यों में होती थी सप्लाई, शिवम् के रुप में छठवीं गिरफ्तारी

● अवैध कोडीन युक्त कफ सिरप की सप्लाई करने वाले 25,000 के इनामी अभियुक्त गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** जनपद कानपुर नगर में कोडीन युक्त कफ सिरप के प्रकरण में 8 मुकदमे दर्ज हुए थे, जिनमें 11 अभियुक्त संलिप्त पाए गए। आज छठी व महत्वपूर्ण गिरफ्तारी के रूप में शिवम अग्रवाल को पकड़ा गया, जबकि उसके पिता की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है। यह जानकारी देते हुए पुलिस आयुक्त कानपुर कमिश्नरेट रघुवीर लाल ने प्रेस को बताया कि प्रारंभिक एफआईआर में 26 लाख बोतलों का उल्लेख था, लेकिन विवेचना में यह संख्या बढ़कर लगभग 1.12 करोड़ बोतलों तक पहुंच गई। जांच में सामने आया कि अभियुक्त की दो कंपनियां हैं और उसे बद्दी (हिमाचल प्रदेश) व पानीपत से सप्लाई मिलती थी, जिसमें से लगभग 76 लाख बोतल बद्दी से आई। अब तक लगभग 8 करोड़ की संपत्ति सीज की जा चुकी है, जिसकी सुनवाई ट्रिब्यूनल में चल रही है। शिवम पिछले 5 माह से फरार था, उस पर 25,000 का इनाम घोषित था और कई राज्यों में लोकेशन ट्रेस होने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि शिवम् से मिली जानकारी के अनुसार वह अपने स्टाकिस्ट को यहां से सप्लाई भेजता था लेकिन वहां से यह सिरप कहां जाता था इसके विषय में अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। पूछताछ में फर्जी कंपनियों के माध्यम से सप्लाई और अधूरे रिकॉर्ड सामने आए हैं, जिनमें अब तक केवल 10-15 लाख बोतलों का ही सत्यापन हो सका है। अवैध सप्लाई का नेटवर्क बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तक फैला पाया गया है। मामले में आगे पूछताछ एवं वैधानिक कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई अभी प्रचलित है जिसमें और भी खुलासा होने की संभावना है।

# बीएलओ ड्यूटी के नाम पर मार्च में अध्यापन नहीं करने वाली सहायक अध्यापक का वेतन रोका

●सीडीओ के औचक निरीक्षण में सामने आई लापरवाही, स्पष्टीकरण तलब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने शनिवार को कम्पोजिट विद्यालय रामकृष्ण नगर तथा चुन्नीगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भौसियां हाता का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्थाओं, उपस्थिति पंजिका, मिड डे मील व्यवस्था तथा परिसर की साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहे। कम्पोजिट विद्यालय रामकृष्ण नगर के निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का परीक्षण किया। पंजिका में सहायक अध्यापक प्रभा सिंह के उपस्थिति कॉलम में बीएलओ ड्यूटी अंकित पाई गई। इसके बाद मार्च माह की उपस्थिति का अवलोकन करने पर यह तथ्य सामने आया कि संबंधित सहायक अध्यापक द्वारा पूरे माह विद्यालय परिसर में अध्यापन कार्य नहीं किया गया। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रभा सिंह, सहायक अध्यापक का अप्रैल 2026 का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोका जाए तथा संबंधित से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि भविष्य में संबंधित का वेतन ईआरओ गोविंद नगर की संस्तुति प्राप्त होने के उपरांत ही आहरित किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय में मिड डे मील व्यवस्था का जायजा लिया और छात्रों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता तथा व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही कम्पोजिट विद्यालय रामकृष्ण नगर में विद्यार्थियों के बीच माध्यम कॉपी एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को समय पर पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई जाए और शिक्षण कार्य नियमित रूप से संचालित किया जाए। साथ ही 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत हाउसहोल्ड सर्वे कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# भूजल संवर्धन जिला तकनीकी समिति की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव की अध्यक्षता में जनपद के क्रिटिकल, सेमीक्रिटिकल एवं सुरक्षित विकास खण्डों में वर्षा जल संचयन भूजल रिचार्ज एवं जल संरक्षण की कार्ययोजना के अनुमोदन हेतु विकास भवन सभागार में भूजल संवर्धन कोर टीम/जिला तकनीकी समिति (डीटीसीसी) की बैठक की गयी। बैठक में सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई विक्रमाजीत द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2012 में प्रदेश में 76 विकास खण्ड अतिदोहित, 32 विकास खण्ड क्रिटिकल श्रेणी में एवं 108 विकास खण्ड अतिदोहित एवं क्रिटिकल श्रेणी में वर्गीकृत किये गये है। जनपद प्रतापगढ़ में 11 विकास खण्ड अतिदोहित एवं 1 विकास खण्ड क्रिटिकल श्रेणी में वर्गीकृत था। लघु सिंचाई विभाग द्वारा जल संरक्षण से सम्बन्धित योजनाओ का डीटीसीसी से अनुमोदनोपरान्त चेकडैम निर्माण, तालाब पुनर्विकास एवं रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराया गया। वर्तमान भू-जल आकलन रिपोर्ट के अनुसार जनपद प्रतापगढ़ में अतिदोहित श्रेणी में कोई विकास खण्ड नहीं है।

भूगर्भ जल संसाधन आकलन रिपोर्ट 2025 के अनुसार जनपद प्रतापगढ़ में विकास खण्डों की स्थिति अतिदोहित श्रेणी शून्य है, क्रिटिकल श्रेणी में विकास खण्ड मानधाता, सदर, सण्ड़वा चन्द्रिका एवं शिवगढ़ है, सेमी क्रिटिकल में विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथधाम, गौरा, लक्ष्मणपुर, लालगज, मंगरौरा, पट्टी एवं रामपुर संग्रामगढ़ है तथा सुरक्षित श्रेणी में विकास खण्ड कुण्डा, कालाकांकर, बिहार, बाबागंज, सांगीपुर एवं आसपुर देवसरा है। लघु सिंचाई द्वारा जनपद में विभिन्न नदी नालों पर 163 चेकडैम निर्माण कार्य हेतु कार्ययोजना, 01 हेक्टेयर से 05 हेक्टेयर तक के क्षेत्रफल वाले 28 तालाब जीर्णोद्धार कार्य एवं 114 भवनों पर रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने के लिए कार्ययोजना डीटीसीसी द्वारा की गई है।बैठक में जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई विक्रमाजीत सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी का पीडीए संदेश लेकर बी एल ए घर घर जाकर संपर्क करेंगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के पदाधिकारियों कार्य समिति के सदस्यों 78 वार्डो के अध्यक्षों बूथ प्रभारियों पार्षदों फ्रंटल संगठनों की मासिक बैठक समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आरंभ हुई। बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के पीडीए संदेश को लेकर प्रत्येक बूथ के परिवारो को पार्टी के बी.एल.ए मिलकर बताएंगे की पीडीए का मतलब जो पीडित है जो दुखी है जो अपमानित है वो वो पीडीए है लगातार बढ़ती हुई महंगाई बेरोजगारी काला बाजारी और भ्रष्टाचार से जनता परेशान है समाजवादी पार्टी की पीडीए सरकार बनाये सरकार बनने पर सभी को सम्मान मिलेगा । महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधन मे कहा कि 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की भव्य जयंती कानपुर महानगर के 78 सेक्टरो पर पीडीए दिवस के रूप मे मनाई जायेगी । महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने सिख समाज के नेता हरजीत सिंह को नगर सचिव पद पर मनोनीत किया। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, नंदलाल जयसवाल, पिंटू ठाकुर, परमवीर गंभीर, आनंद शुक्ला, महेन्द्र सिह, फखरे आलम, रजत मिश्रा, मो सारिया, मुमताज मंसूरी, आसिफ कादरी उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में एएसपी व एसडीएम ने सुनीं शिकायतें, निस्तारण का दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक व एसडीएम ने संयुक्त रूप से समस्याओ की सुनवाई करते हुए अफसरो को समयबद्ध कार्रवाई के कड़े निर्देश दिये। समाधान दिवस में 113 शिकायतों में 7 का निस्तारण किया गया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व 65, पुलिस विभाग 26, विकास 05, बेसिक शिक्षा 01, विद्युत विभाग 6, आपूर्ति विभाग 4 व अन्य विभागों की 6 रहीं। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय ने पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई करते हुए थानाध्यक्षों को मौके का निरीक्षण कर दोनों पक्षों की उपस्थिति में समाधान कराए जाने के निर्देश दिये। राजस्व एवं अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने किया। एसडीएम ने समाधान दिवस से जुड़ी शिकायतों में से ज्यादातर दोबारा को देख मातहतो को जमकर फटकार लगायी। उन्होने तहसीलदार को निस्तारण आख्या की समीक्षा के भी निर्देश दिये। इस मौके पर सीओ आशुतोष मिश्र, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, ईओ इन्द्र प्रताप, अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता आदि मौजूद रहे।

